CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 20°C
न्यूनतम : 09°C

मुरादाबाद, बुधवार 24 दिसम्बर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 130 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | पौष शुक्ल पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 | 3 रजब 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र में विधानसभा में विपक्ष की एसआईआर पर चर्चा की मांग को सरकार ने किया खारिज पेज 2



दीप्ति शर्मा पहली बार आईसीसी महिला टी-20 गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर खेल टाइम्स



आवाज की दुनिया के सरताज थे मोहम्मद रफी सम्पादकीय



ट्रम्प ने सालभर में 18 हजार करोड़ चंदा लिया पेज 12

# बांग्लादेशी हिंदू युवक की हत्या का भारत में विरोध

**नई दिल्ली/ढाका।** बांग्लादेश में हिंदू युवक की हत्या के खिलाफ विश्व हिंदू परिषद (विहिप) देशभर में प्रदर्शन कर रही है। मंगलवार सुबह विहिप के कार्यकर्ताओं ने दिल्ली में बांग्लादेश हाई कमीशन के बाहर प्रदर्शन किया।

दिल्ली के अलावा विहिप ने मुंबई, कोलकाता, अहमदाबाद, भोपाल और जम्मू में रैली निकालकर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की। बांग्लादेश में 18 दिसम्बर की रात हिंदू युवक दीपू चंद्र की हत्या कर दी गई थी। पहले यह दावा किया जा रहा था कि दीपू ने फेसबुक पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली टिप्पणी की थी, लेकिन शुरुआती जांच में इसका कोई सबूत नहीं मिला। इस बीच बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को तलब किया है। यह 10 दिन में दूसरी बार है, जब भारतीय उच्चायुक्त को बुलाया गया है। बांग्लादेशी छात्र नेता शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद भारत विरोधी प्रदर्शनों और फिर मैमन सिंह जिले में दीपू की मॉब लिंचिंग को लेकर दोनों देशों के रिश्ते काफी बिगड़ गए हैं। बांग्लादेश ने मंगलवार को भारत में अपने राजनयिक मिशनों पर हुए हमलों को लेकर गहरी चिंता जताई। विदेश मंत्रालय के बयान के मुताबिक इन घटनाओं के विरोध में भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को तलब किया गया। घटनाएं नई दिल्ली और सिलीगुड़ी में हुईं। बांग्लादेश ने कहा कि यह हिंसा और डराने-धमकाने की घटनाएं अस्वीकार्य हैं।




- **विश्व हिंदू परिषद ने किया देश के छह शहरों में प्रदर्शन, ढाका में भारतीय उच्चायुक्त तलब**
- **मुंबई, कोलकाता, अहमदाबाद, भोपाल और जम्मू में रैली निकालकर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की**

# यूपी टीईटी परीक्षा रद्द

- **पीजीटी- टीजीटी की नई तारीखें जल्द**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग की ओर से 28 और 29 जनवरी को प्रस्तावित शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) निरस्त कर दी गई है। आयोग की ओर से टीईटी के साथ प्रवक्ता (पीजीटी) एवं प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी) भर्ती परीक्षाओं के कार्यक्रम जल्द जारी किए जाएंगे।

टीईटी मई के मध्य में कराने की बात भी कही जा रही है। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग की मंगलवार को हुई बैठक में परीक्षा नियंत्रक को इसके लिए जरूरी प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए गए। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि आयोग की भर्ती परीक्षाओं का वार्षिक कैलेंडर भी तैयार किया जाए और उसी के अनुसार परीक्षाएं कराया जाना सुनिश्चित की जाए। भर्ती परीक्षाओं को लेकर आयोग में अब गतिरोध दूर होने की उम्मीद जगी है। नए अध्यक्ष प्रशांत कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई पहली बैठक में परीक्षाओं की तारीख, तो घोषित नहीं की गई, लेकिन इसका खाका जरूर तैयार किया गया। शीत अवकाश के बाद नए साल में आयोग खुलने पर परीक्षाओं की तारीख घोषित होने की भी उम्मीद है। आयोग की ओर से टीईटी के लिए विज्ञापन जारी कर आवेदन -**शेष पृष्ठ दो पर**

## संक्षिप्त समाचार

### यूएई से वांछित भगोड़े रितिक बजाज को भारत लाया गया

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) मंगलवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से वांछित भगोड़े अपराधी रितिक बजाज को इंटरपोल की सहायता से वापस लेकर यहां पहुंची। सीबीआई ने मंगलवार को यह जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस द्वारा वांछित भगोड़े अपराधी रितिक बजाज को इंटरपोल सहयोग से यूएई से भारत वापस लाया गया है। सीबीआई के अनुसार रितिक बजाज दिल्ली पुलिस को मादक पदार्थ तस्करी और आपूर्ति मामले में वांछित था। वह भारत से भाग गया था और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनबीसी) की मदद से यूएई में मिला। सीबीआई ने विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय के साथ मिलकर भगोड़े को वापस लाने में मदद की। इससे पहले सीबीआई ने दिल्ली पुलिस के कहने पर इंटरपोल के जरिये बजाज के खिलाफ रेड नोटिस हासिल किया था।

### छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में आईएएस अधिकारी निरंजन दास गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के रायपुर क्षेत्रीय कार्यालय ने छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में आईएएस अधिकारी निरंजन दास को गिरफ्तार कर लिया। दास को रायपुर स्थित धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत विशेष न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें ईडी की तीन दिन की हिरासत में भेज दिया गया। ईडी ने छत्तीसगढ़ के रायपुर स्थित एसीबी/ईओडब्ल्यू द्वारा आईपीसी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज प्राथमिकी के आधार पर जांच शुरू की थी।

### नहीं रहे हिंदी के प्रख्यात साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल

**रायपुर।** ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित छत्तीसगढ़ के प्रख्यात हिंदी साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल का मंगलवार को रायपुर एम्स में निधन हो गया। 89 वर्ष की उम्र में उन्होंने अंतिम सांस ली। रायपुर एम्स में उनका इलाज चल रहा था। सांस लेने में दिक्कत के कारण उन्हें वेंटिलेटर में ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया था। प्रसिद्ध उपन्यासकार, लेखक और कवि विनोद कुमार शुक्ल ने उपन्यास एवं काव्य विधाओं में साहित्य का शानदार सृजन किया था।

# SIR वोटर लिस्ट: मप्र में 42.74 लाख नाम कटे

## छत्तीसगढ़ में 27 लाख और केरल में 24 लाख लोगों के नाम काटे गए

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने मंगलवार को मध्य प्रदेश की एसआईआर ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी की, जिसमें से 42.74 लाख नाम हटाए गए हैं। इसमें 19.19 लाख पुरुष, 23.64 लाख महिलाएं हैं। लिस्ट में 8.46 लाख मृत, 8.42 लाख अनुपस्थित, 22.78 लाख शिफ्ट और 2.76 लाख डुप्लिकेट पाए गए। इसके अलावा केरल में 24.08 लाख और छत्तीसगढ़ में 27.34 लाख नाम लिस्ट में से हटाए गए हैं।

छत्तीसगढ़ में 6.42 लाख मतदाताओं की मौत हो चुकी है। 19.13 लाख दूसरी जगह शिफ्ट हुए और 1.79 लाख डुप्लीकेट पाए गए। केरल विधानसभा की सभी 140 सीटों पर 2026 में चुनाव होना है। इससे पहले चुनाव आयोग 7 राज्यों पश्चिम बंगाल, राजस्थान, तमिलनाडु, गुजरात, गोवा, लक्षद्वीप और पुड्डुचेरी की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी कर चुका है। इन राज्यों में अलग-अलग कारणों से कुल 2 करोड़ 70 लाख से ज्यादा नाम ड्राफ्ट रोल से हटाए गए हैं। इनमें सबसे ज्यादा 97 लाख तमिलनाडु से फिर गुजरात से 73 लाख और बंगाल से 58 लाख नाम ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में से बाहर किए गए हैं। 2025 की स्थानीय निकाय चुनावों के लिए तैयार वोटर लिस्ट के मुताबिक केरल में 2.86 करोड़ से ज्यादा रजिस्टर्ड वोटर हैं। एसआईआर के तहत मतदाता सूची का 99 फीसदी से अधिक डिजिटलीकरण पूरा हो गया है और लगभग 25 लाख नाम हटाए जा सकते हैं। केरल विधानसभा की सभी 140 सीटों पर 2026 में चुनाव होना है। ड्राफ्ट और फाइनल वोटर लिस्ट, दावा-आपत्ति की सूची वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी। राजनीतिक दलों के साथ साझा होगी। ईआरओ के फैसले के खिलाफ जिला मजिस्ट्रेट और फिर सीईओ के पास अपील का प्रावधान भी रहेगा। अगर किसी मतदाता के दस्तावेज रिकॉर्ड से मेल नहीं खाते, तो ईआरओ नोटिस जारी -**शेष पृष्ठ दो पर**



- **राजस्थान व बंगाल समेत 7 राज्यों से 2.70 करोड़ लोगों के हटे थे नाम**

# कार्ति चिदंबरम पर कसा कानूनी शिकंजा

**नई दिल्ली।** राउज़ एवेन्यू कोर्ट ने मंगलवार को कांग्रेस नेता कार्ति चिदंबरम और उनके चार्टर्ड अकाउंटेंट एस. भास्कररामन के खिलाफ केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा जांच किए जा रहे कथित चीनी वीज़ा रैकेट मामले में आरोप तय किए।

अदालत ने भास्कररामन पर मामले से संबंधित महत्वपूर्ण सबूतों को नष्ट करने का भी आरोप लगाया। दोनों आरोपियों ने खुद को निर्दोष बताया, जिसके बाद अदालत ने अगली सुनवाई 16 जनवरी को तय की। सीबीआई ने विकास मखारिया को सरकारी गवाह का दर्जा दे दिया है, जिनसे अभियोजन पक्ष के मामले में अहम भूमिका निभाने की उम्मीद है। सीबीआई की एफआईआर के अनुसार, पंजाब के मानसा स्थित एक निजी कंपनी (तलवंडी साबो पावर लिमिटेड) ने कथित तौर पर चीनी नागरिकों के लिए वीजा जारी करवाने में मदद के लिए बिचौलियों के माध्यम से 50 लाख रुपये का भुगतान किया। यह कंपनी 1,980 मेगावाट का थर्मल पावर प्लांट स्थापित कर रही थी, जिसका निर्माण कार्य एक चीनी कंपनी को आउटसोर्स किया गया था। परियोजना में देरी होने के कारण, कंपनी ने कथित तौर पर गृह मंत्रालय (एमएचए) द्वारा निर्धारित वीजा सीमा से अधिक चीनी पेशेवरों को लाने की कोशिश की। सीबीआई अधिकारियों ने बताया कि इन प्रतिबंधों को दरकिनार करने के लिए कंपनी के प्रतिनिधियों ने अपने सहयोगियों के माध्यम से चेन्नई स्थित एक व्यक्ति से संपर्क किया। आरोप है कि चीनी अधिकारियों को पहले दिए गए 263 प्रोजेक्ट वीजा का पुन: उपयोग करने की योजना बनाई गई, जिससे गृह मंत्रालय द्वारा निर्धारित सीमा को प्रभावी ढंग से दरकिनार किया जा सके। इसके बाद, वीजा के पुन: उपयोग की मंजूरी के लिए गृह मंत्रालय को एक अनुरोध पत्र प्रस्तुत किया गया, जिसे एक महीने के भीतर मंजूरी मिल गई। जांचकर्ताओं के अनुसार, चेन्नई स्थित व्यक्ति ने 50 लाख रुपये की रिश्वत की मांग की, जिसे पंजाब स्थित फर्म ने अदा किया।



- **राउज़ एवेन्यू कोर्ट ने चीनी वीजा घोटाले में कांग्रेस नेता के खिलाफ आरोप तय किए**

# अंकिता भंडारी हत्याकांड की न्यायालय की निगरानी में हो सीबीआई जांच: कांग्रेस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली/देहरादून।** कांग्रेस ने उत्तराखंड के चर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड मामले की व्यापक पड़ताल आवश्यक बताते हुए इस घटना की उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की निगरानी में केंद्रीय जांच ब्यूरो-सीबीआई से जांच कराने की मांग की है।

उत्तराखंड कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि तीन साल पुराने इस मामले में हाल में एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें खुलासा हुआ है कि इस हत्याकांड में भाजपा का एक बड़ा नेता शामिल रहा है। यह खुलासा खुद को भाजपा कार्यकर्ता होने का दावा करने वाली एक महिला ने किया है। इस वीडियो से साफ है कि अपराधी सत्ताधारी दल का नेता है और यदि सीबीआई मामले की जांच करती है, तो वह निष्पक्ष नहीं होगी इसलिए इस पूरे प्रकरण की उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की निगरानी में जांच कराई जानी चाहिए। श्री गोदियाल ने कहा कि भाजपा के एक पूर्व विधायक की वार्ता का भी एक ऑडियो वायरल हो रहा है, जिसमें अंकिता भंडारी हत्याकांड से जुड़ा खुलासा हुआ है।

- **हत्याकांड में भाजपा का एक बड़ा नेता रहा शामिल : गोदियाल**

# सहारनपुर के पांच लोगों की हरियाणा में मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** जिले में देहात कोतवाली क्षेत्र के गांव शेखपुरा कदीम निवासी पांच लोगों की हरियाणा के कुरुक्षेत्र में दम घुटने से मौत हो गई है। मौत का कारण दम घुटना बताया गया है। यह सभी दो दिन पहले ही गांव से गए थे। इनमें दो सगे भाई, जीजा-साला और एक अन्य व्यक्ति शामिल है। पांच मौतों से गांव में मातम है।

शेखपुरा कदीम निवासी नूर (26) ठेकेदारी करता था। वह 21 दिसम्बर को गांव के रहने वाले सोनू (30), मदनपाल (42), रोशनपाल (45) और रामकुमार (46) को कुरुक्षेत्र ले गया था। यह सभी पेंटर का काम करते थे। सोमवार रात खाना खाने के बाद पिपली रोड स्थित होटल स्टर्लिंग रिसोर्ट में रात के समय कमरे में अंगीठी जलाकर सो गए थे, लेकिन वह मंगलवार सुबह नहीं उठे। सफाईकर्मी ने देखा कि कमरे से कोई बाहर नहीं निकला है, तो उसने कमरे का दरवाजा खटखटाया फिर खिड़की से देखा तो कोई हरकत नहीं हुई। पुलिस मौके पर -**शेष पृष्ठ दो पर**



- **कमरे में अंगीठी जलाकर सोए थे, पांचों का घुट गया दम, मृतकों में दो सगे भाई भी शामिल**

# भाजपा संविधान खत्म करने की साजिश रच रही: राहुल

बर्लिन, वार्ता

**लोकसभा में नेता** प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भाजपा पर भारतीय संविधान को खत्म करने की साजिश रचने का आरोप लगाया है। राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा संविधान की उस मूल भावना को खत्म करना चाहती है, जो सभी नागरिकों को समान अधिकार देती है। राहुल गांधी 17 से 19 दिसम्बर तक जर्मनी दौरे पर पहुंचे थे।

इस दौरान 18 अक्टूबर को उन्होंने बर्लिन स्थित हर्टी स्कूल में छात्रों को संबोधित किया था। कांग्रेस ने सोमवार रात इस बातचीत का एक घंटे लंबा वीडियो जारी किया। वीडियो में राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा राज्यों की समानता, भाषाओं की समानता और धर्मों की समानता के विचार को खत्म करने की बात कर रही है। भाजपा ने देश की संस्थाओं पर भी पूरा कब्जा कर लिया है। राहुल गांधी ने कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाएं स्वतंत्र रूप से काम नहीं कर पा रही हैं। सीबीआई और ईडी जैसी एजेंसियों का राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। एजेंसियां सिर्फ विपक्षी नेताओं पर केस दर्ज कर रही हैं, भाजपा नेताओं पर कोई दर्ज नहीं किया जाता। हम सिर्फ भाजपा से नहीं लड़ रहे, हम उनके भारतीय संस्थागत ढांचे और एजेंसियों पर कब्जे के खिलाफ भी लड़ रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि हमने तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश के चुनाव जीते हैं। हमने हरियाणा का चुनाव भी जीता, इसमें कोई शक नहीं है। मैंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दिखाया कि एक ब्राजील की महिला हरियाणा की वोटर लिस्ट में थी। जब हमने यह प्रश्न चुनाव आयोग से पूछे तो उन्होंने जवाब नहीं दिया। हमें लगता है कि महाराष्ट्र के चुनाव भी निष्पक्ष नहीं थे। हम इस समय देश और दुनिया में बड़े बदलाव से गुजर रहे हैं। पहले भारत को अमेरिका के प्रभुत्व वाली दुनिया से फायदा हुआ, जहां अमेरिका दुनिया के नियम बनाता था, भले इसमें कुछ गलतियां थीं। अब अमेरिका की ताकत सेना, अर्थव्यवस्था और वित्त संबंधी मामलों में चुनौती का सामना कर रही है। साथ ही अमेरिका के अपने अंदर भी कई समस्याएं हैं। एक बड़ी चुनौती यह है कि उत्पादन का काम ज्यादातर चीन के हाथ में चला गया है।



- **ईडी-सीबीआई का हथियार की तरह इस्तेमाल हो रहा**
- **जर्मनी में बोले लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष**

# अखलाक मॉब लिंचिंग में केस वापसी की याचिका निरस्त

**ग्रेटर नोएडा।** अखलाक मॉब लिंचिंग में केस वापस लेने के मामले में मंगलवार को सुनवाई हुई।

मामले में फास्ट-ट्रैक अदालत (एफटीसी) ने अभियोजन पक्ष की ओर से केस वापसी की अर्जी को महत्वहीन और आधारहीन मानते हुए निरस्त कर दिया। मामले में अभियोजन की ओर से लगाई गई अर्जी के लिए मंगलवार की तारीख दी थी। अदालत ने दोनों पक्षों को सुना। साथ ही अदालत ने कहा कि मामले में अगली सुनवाई 6 जनवरी को होगी। साथ ही मामले में अदालत ने प्रतिदिन सुनवाई की बात कही है। इस दौरान अभियोजन को आगे गवाहों के बयान दर्ज करने के निर्देश दिए गए। साथ ही पुलिस आयुक्त और डीसीपी ग्रेटर नोएडा को निर्देशित किया कि अगर गवाहों को सुरक्षा की आवश्यकता है, तो उन्हें सुरक्षा प्रदान की जाए।

- **केस वापसी की अर्जी को महत्वहीन और आधारहीन माना**

CMYK



## संक्षिप्त समाचार

### मोदी ने चरण सिंह को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। मोदी ने मंगलवार को कहा कि चौधरी चरण सिंह ने अपना जीवन समाज के वंचित वर्गों के कल्याण के साथ-साथ कृषि की प्रगति और किसानों की समृद्धि के लिए समर्पित कर दिया।

### खड़गे ने चौधरी चरण सिंह को श्रद्धांजलि दी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए किसानों के अधिकारों के लिए हमेशा आगे रहने वाले नेता के रूप में उनकी प्रशंसा की। खड़गे ने किसान दिवस पर सभी किसान भाइयों-बहनों और खेत मजदूरों को बधाई दी।

### कफ सिरप मामले में शुभम समेत चार के लुकआउट नोटिस

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश में कोडीन कफ सिरप मामले में मास्टर माइंड शुभम जायसवाल की धर पकड़ के लिये वाराणसी पुलिस ने लुकआउट नोटिस जारी किया है। पुलिस ने बताया कि सोमवार को शुभम जायसवाल समेत चार आरोपियों के खिलाफ कमिश्नरेट पुलिस द्वारा लुकआउट नोटिस जारी किया गया है। शुभम के साथ दिवेश जायसवाल, अमित जायसवाल और आकाश पाठक पर वित्तीय धोखाधड़ी, एनडीपीएस अधि. नियम समेत कई मुकदमे दर्ज हैं। प्रहलाद घाट निवासी शुभम जायसवाल को सोनभद्र, जौनपुर, चंदौली और वाराणसी पुलिस काफी दिनों से तलाश रही है। कोडीन युक्त प्रतिबंधित सिरप मामले को लेकर विस में भी बहस देखने को मिली है।

### विधानसभा में विपक्ष की चर्चा की मांग को सरकार ने किया खारिज

# एसआईआर पर यूपी विधानसभा में हुआ हंगामा



- एसआईआर का काम चुनाव आयोग के नियंत्रण में
- कांग्रेस बोली बीएलओ की मौतों का मुआवजा दिया जाए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में मंगलवार को विपक्ष ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर चर्चा कराने की मांग की, लेकिन सरकार ने इसे यह कहते हुए खारिज कर दिया कि एसआईआर का काम चुनाव आयोग की तरफ से किया जा रहा है। इस पर सरकार का कोई नियंत्रण नहीं है, इसलिए इस मांग को ग्राह्य (स्वीकार) नहीं किया जा सकता है।

बीएलओ की मौतों को लेकर उठे सवालों पर सरकार की ओर से संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने जवाब दिया। श्री खन्ना ने एसआईआर के मुद्दे पर चर्चा के दौरान विपक्ष के आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि जिन परिवारों ने अपने प्रियजनों को खोया है, वह अत्यंत दुखद है और सरकार इस पीड़ा को समझती है। उन्होंने कहा कि इन मौतों की जांच कराई जाएगी कि किन परिस्थितियों में घटनाएं हुईं। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि चुनाव संबंधी कार्यों के मामले में सरकार की भूमिका सीमित है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग इस विषय पर मौन है और सरकार आयोग की प्रतिनिधि नहीं है। चुनाव आयोग पर सरकार का कोई प्रत्यक्ष सुपरविजन नहीं होता। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम (पीपुल्स रिप्रेजेंटेशन एक्ट) के तहत सभी सरकारी कर्मचारी चुनाव के दौरान चुनाव आयोग के डेपुटेशन पर होते हैं और यह पूरा मामला चुनाव आयोग के अधिकार क्षेत्र में आता है। उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि दर्द घुटने का है और इलाज दांत का किया जा रहा है, यानी जिस संस्था की जिम्मेदारी है, उस पर सवाल नहीं उठाए जा रहे हैं। खन्ना ने कहा कि सरकार मानवीय आधार पर पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है, लेकिन चुनावी प्रक्रिया से जुड़े निर्णय और जिम्मेदारी चुनाव आयोग की ही है। कांग्रेस की नेता आराधना मिश्रा ने नियम-56 के अंतर्गत सदन में यह मामला उठाया और एसआईआर पर चर्चा कराने की मांग की। एसआईआर के दौरान मृतक बीएलओ के परिवार को 50 लाख रुपये मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को नौकरी दी जाए।

### ग्रीन हाइड्रोजन के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना को योगी सरकार की मंजूरी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में ग्रीन हाइड्रोजन अनुसंधान, तकनीकी विकास, मानव संसाधन सशक्तिकरण एवं औद्योगिक उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए दो सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने को मंजूरी दी है। पहला सेंटर ऑफ एक्सीलेंस आईआईटी कानपुर द्वारा हरकोर्ट बटलर तकनीकी विश्वविद्यालय (एचबीटीयू), कानपुर के सहयोग से स्थापित किया जाएगा, वहीं दूसरा सेंटर आईआईटी-बीएचयू द्वारा मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर के साथ संयुक्त रूप से स्थापित किया जाएगा। दोनों सेंटर साझेदार संस्थानों के परिसरों से संचालित होंगे। यूपी नेडा के एमडी एंड डायरेक्टर इंद्रजीत सिंह ने बताया कि इन सेंटरों में चलने वाली परियोजनाओं में दोनों संस्थान बारी-बारी से नेतृत्व करेंगे। यह सेंटर हब-एंड-स्पोक मॉडल पर कार्य करेगा, जिसके तहत प्रदेश के अन्य इंजीनियरिंग और तकनीकी संस्थानों को इससे जोड़ा जाएगा। सेंटर में बायोमास आधारित एवं इलेक्ट्रोलाइज़र आधारित ग्रीन हाइड्रोजन पर अनुसंधान और तकनीकी विकास किया जाएगा। ग्रीन हाइड्रोजन नीति-2024 के तहत सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में एक इन्क्यूबेशन सेंटर भी स्थापित किया जाएगा। इसके माध्यम से हर वर्ष 10 स्टार्टअप्स को और पांच वर्षों में कम से कम 50 स्टार्टअप्स को सहयोग और मार्गदर्शन दिया जाएगा। इसके लिए 25 लाख रुपये प्रतिवर्ष (पांच वर्षों तक) की सहायता का प्रावधान किया गया है। सेंटर प्रदेश के इंजीनियरिंग कॉलेजों और पॉलीटेक्निक संस्थानों के लिए पाठ्यक्रम निर्माण, मेंटरिंग, तकनीकी प्रदर्शनियों और कॉन्फ्रेंसों के आयोजन में भी सहयोग करेगा।

# सीएम योगी ने किसानों को दी ट्रैक्टर की चाबी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



- हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किसान सम्मान दिवस पर किसानों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि सर्दी, गर्मी की परवाह किए बिना जब वह पसीना बहाता है और सर्दी को अपनी अस्थियों में समाहित कर ऊर्जा का प्रवाह धरती मां के साथ करता है, तो खेती अन्न उत्पादन के रूप में सोना उगलती है।

मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह के जन्मदिवस पर विधान भवन प्रांगण स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। योगी ने 'किसान सम्मान दिवस' पर किसानों को ट्रैक्टर की चाबी दी। साथ ही किसानों, वैज्ञानिकों, एफपीओ आदि को सम्मानित भी किया। मुख्यमंत्री ने चौधरी चरण सिंह सीड पार्क अटारी लखनऊ के प्लॉट आवंटन प्रक्रिया का बटन दबाकर शुभारंभ किया। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अपनी मेहनत से किसानों ने प्रगति की है। 2014 में जब नरेंद्र मोदी ने देश की बागडोर संभाली, तब पहली बार किसान भी सरकार के एजेंडे का हिस्सा बना। धरती हमारी मां और हम सभी इसके पुत्र हैं, इसलिए पुत्र का दायित्व है कि जब मां बीमार या संकट में हो, तो पुत्र उसे संकट से उबारने में योगदान देता है। पहली बार स्वायल हेल्थ कार्ड के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 में धरती मां की सेहत के बारे में हर किसी को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि अन्नदाता किसानों को प्रधानमंत्री कृषि बीमा योजना से जोड़ा, फिर एक-एक करके प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना से लेकर पीएम किसान सम्मान निधि, एमएसपी की गारंटी हो या बीज से लेकर बाजार तक किसानों की सुविधाओं को बढ़ाया गया। योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों के मसीहा, पूर्व प्रधानमंत्री व प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी चरण सिंह को 'भारत रत्न' देकर किसानों का मान बढ़ाया। लघु व सीमांत किसानों के लिए कृषि ऋण मोचन कार्यक्रम लागू किया। पहले किसान शासन की किसी भी योजना का अंग नहीं था, लेकिन आज किसान को शासन की हर योजना का लाभ प्राप्त हो रहा है। आज बिचौलिया किसानों की फसल का दाम नहीं तय करता। उन्होंने कहा कि यदि किसान को बाजार में फसल का अच्छा दाम मिला, तो ठीक वरना सरकार उसे खरीदेगी।

### योगी ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को अर्पित की श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है और कहा है कि डबल इंजन की सरकार उनकी प्रेरणा से किसानों के हित में काम कर रही है। योगी ने मंगलवार को एक्स पर लिखा कि किसानों के मसीहा, पूर्व प्रधानमंत्री, 'भारत रत्न' चौधरी चरण सिंह जी की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। अन्नदाता किसानों एवं प्रदेश वासियों को 'किसान दिवस' की हार्दिक बधाई। चौधरी साहब का संपूर्ण जीवन गांव, गरीब, शोषित, वंचित और किसान बंधुओं की समृद्धि में समर्पित रहा। डबल इंजन सरकार उनकी प्रेरणा से किसान साथियों के हितों के लिए प्रतिबद्धता पूर्वक कार्य कर रही है। गौरतलब है कि योगी सरकार किसान कल्याण के लिए जीवन समर्पित करने वाले पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह का जन्मदिवस 'किसान सम्मान दिवस' के रूप में मना रही है।

# रक्षामंत्री राजनाथ ने मार्गदर्शिका का विमोचन किया



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सड़क परियोजनाओं की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने में होने वाली देरी की समस्या के समाधान के लिए मंगलवार को यहां एक मार्गदर्शिका का विमोचन किया। यह मार्गदर्शिका देश के दूर-दराज और चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में राजमार्गों एवं सामरिक सड़कों के निर्माण तथा रखरखाव का दायित्व निभाने वाले सीमा सड़क संगठन ने तैयार की है।

डीपीआर एक व्यापक दस्तावेज होता है जिसमें परियोजना के अभियांत्रिकी डिजाइन, निर्माण पद्धति, क्रियान्वयन रणनीति, गुणवत्ता नियंत्रण तथा लागत विश्लेषण शामिल होते हैं। सड़क संगठन ने यह मार्गदर्शिका डीपीआर तैयार करने के लिए विनिर्देशों, मानकों, दिशानिर्देशों एवं प्रक्रियाओं को समाहित करते हुए एक संक्षिप्त, व्यापक एवं एकरूप संदर्भ प्रदान करने के उद्देश्य से विकसित की है। यह मार्गदर्शिका नई सड़क परियोजनाओं के निर्माण अथवा मौजूदा सड़क अवसंरचना के उन्नयन, दोनों ही स्थितियों में परियोजना की परिकल्पना के प्रत्येक चरण में अभियंताओं की सहायता करेगी।

# अरावली मुद्दे पर मंत्री का बयान अस्पष्ट

**नई दिल्ली, वार्ता**



- पर्यावरण मंत्री के स्पष्टीकरण पर कांग्रेस खफा

कांग्रेस ने कहा है कि अरावली को लेकर केंद्रीय वन और पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने जो स्पष्टीकरण दिया है, उससे कई और सवाल खड़े होते हैं तथा पूरे मुद्दे को गहरे संदेह में ले जाते हैं।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि अरावली मुद्दे पर पर्यावरण मंत्री का स्पष्टीकरण अस्पष्ट है और इसमें जो आंकड़े दिए गए हैं, वह भ्रामक है और उससे कई सवाल और संदेह पैदा होते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री के अनुसार अरावली के 1.44 लाख वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में से फिलहाल केवल 0.19 प्रतिशत हिस्सा ही खनन पटों के अंतर्गत है, लेकिन यह भी लगभग 68,000 एकड़ है, जो अपने आप में एक बहुत बड़ा क्षेत्र है। हालांकि 1.44 लाख वर्ग किलोमीटर का आंकड़ा भ्रामक है। इसमें चार राज्यों के 34 अरावली जिलों का पूरा भौगोलिक क्षेत्र शामिल कर लिया गया है। यह एक गलत आधार है, क्योंकि सही आधार तो इन जिलों के भीतर वास्तव में अरावली के अंतर्गत आने वाला भूभाग होना चाहिए। यदि अरावली के वास्तविक क्षेत्र को आधार माना जाए, तो 0.19 प्रतिशत का आंकड़ा बहुत कम आकलन साबित होगा। रमेश ने आरोप लगाया कि तीन चार राज्यों के 34 जिलों में से जिन 15 जिलों के लिए आंकड़े सत्यापित किए जा सकते हैं, उनमें अरावली क्षेत्र पूरे भूभाग का लगभग 33 प्रतिशत है। नयी परिभाषा के तहत इन अरावली क्षेत्रों में से कितना हिस्सा बाहर कर दिया जाएगा और खनन तथा अन्य विकास कार्यों के लिए उपलब्ध कराया जाएगा-इस बारे में किसी भी तरह की स्पष्टता नहीं है। उनका कहना था कि अगर पर्यावरण मंत्री के सुझाव के अनुसार स्थानीय प्रोफाइल को आधार बनाया जाता है, तो 100 मीटर से अधिक ऊंचाई वाली कई पहाड़ियां भी संरक्षण के दायरे से बाहर हो जाएंगी। संशोधित परिभाषा के बाद दिल्ली- एनसीआर में अरावली की अधिकांश पहाड़ी इलाके रियल एस्टेट विकास के लिए खोल दी जाएंगी, जिससे पर्यावरण पर दबाव और बढ़ेगा।



सेंसेक्स 85524.85
निफ्टी 26117.15



सोना रु. 136133
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 209250
प्रति किलो



# उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स 43 अंक नीचे

**मुंबई, वार्ता**



घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को उतार-चढ़ाव देखा गया और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 42.64 अंक (0.05 प्रतिशत) गिरकर 85,524.84 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 4.75 अंक यानी 0. 02 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 26,117.15 अंक पर बंद हुआ। मझौली कंपनियों का निफ्टी मिडकैप-50 सूचक. ांक 0.05 प्रतिशत गिर गया। छोटी कंपनियों के स्मॉलकैप-100 में 0.37 प्रतिशत की तेजी रही। आईटी और बैंकिंग सेक्टरों ने बाजार पर दबाव बनाया। मीडिया, धातु, एफएमसीजी और रसायन सेक्टरों में तेजी रही।

सेंसेक्स की कंपनियों में इंफोसिस का शेयर लगभग सवा प्रतिशत टूटा। भारती एयरटेल और अडानी पोर्ट्स में भी लगभग एक प्रतिशत की गिरावट रही। सनफार्मा, टेक महिंद्रा, इटरनल, एक्सिस बैंक, मारुति सुजुकी, ट्रेंट और टीसीएस के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए। आईटीसी और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर सवा प्रतिशत के आसपास चढ़े। टाटा स्टील में भी करीब एक फीसदी की तेजी रही। एचडीएफसी बैंक, एनटीपीसी, पावरग्रिड, कोटक महिंद्रा बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, हिंदुस्तान यूनीलिवर और बजाज फाइनेंस के शेयर बढ़त में रहे।

### नोएडा एयरपोर्ट की साइबर सिक्योरिटी संभालेगी टेक महिंद्रा

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने अपने नेटवर्क को मजबूत करने और साइबर सुरक्षा ऑपरेशन के लिए महिंद्रा समूह की कंपनी टेक महिंद्रा के साथ करार किया है। दोनों कंपनियों की संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि इस उद्देश्य के लिए टेक महिंद्रा एकीकृत नेटवर्क एंड सिक्योरिटी ऑपरेशन्स सेंटर स्थापित करेगी। यह हवाई अड्डे पर निर्बाध और सुरक्षित परिचालन सुनिश्चित करेगा। टेक महिंद्रा नेटवर्क और हवाई अड्डे के आईटी ढांचे के लिए 24 गुना 7 निगरानी एवं प्रबंधन मुहैया कराएगी। इसमें एप्लिकेशन्स, डाटाबेस, नेटवर्क, सर्वर, स्टोरेज सिस्टम और संबंधित डिजिटल प्लेटफॉर्म शामिल होंगे। नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्रिस्टफ स्नेलमैन ने कहा कि एक नए हवाई अड्डे के तौर पर हमारे पास नेटवर्क की मजबूती, सुरक्षा और डिजिटल इकोसिस्टम में पहले दिन से ही परिचालन की उत्कृष्टता शामिल करने का अवसर है। टेक महिंद्रा के साथ हमारी सहभागिता एक मजबूत और भविष्य के लिए तैयार नेटवर्क तथा साइबर सुरक्षा फ्रेमवर्क तैयार करने की दिशा में एक कदम है। इससे सुरक्षित, भरोसेमंद और निर्बाध परिचालन सुनिश्चित हो सकेगा।

### सोना 1.36 लाख पार, चांदी भी 2.09 लाख किलो के ऑलटाइम हाई पर

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम मंगलवार को लगातार दूसरे दिन ऑलटाइम हाई पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार सोना 2,163 रुपए बढ़कर 1,36,133 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है। इससे पहले सोमवार को ये 1,33,970 रुपए पर था।1 किलो चांदी की कीमत भी 1,523 रुपए बढ़कर 2,09,250 रुपए प्रति किलो के ऑलटाइम हाई पर पहुंच गई हैं। इससे पहले सोमवार इसकी कीमत 2,07,727/किलो थी। दस दिन में चांदी 23,762 रुपए महंगी हुई। 10 दिसंबर को इसकी कीमत 1,85,488 रुपए प्रति किलो थी। अमेरिका के ब्याज दर घटाने से डॉलर कमजोर हुआ और सोने की होल्डिंग कॉस्ट कम हुई, इससे लोग खरीदने लगे। रूस-यूक्रेन जंग और दुनिया में तनाव बढ़ने से निवेशक सोने को सबसे सुरक्षित निवेश मानकर खरीद रहे हैं। चीन जैसे देश अपने रिजर्व बैंक में सोना भर रहे हैं, ये सालभर में 900 टन से ज्यादा खरीदारी कर रहे हैं, इसलिए दाम ऊपर जा रहे हैं। केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि चांदी की डिमांड में अभी तेजी है, जिसके आगे भी बने रहने का अनुमान है। ऐसे में चांदी अगले 1 साल में 2.50 लाख तक जा सकती है।

# चावल, गेहूं, दालें हुई मजबूत खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। गेहूं और दालों में भी मजबूती देखी गई। चीनी के दाम लगभग अपरिवर्तित रहे। वहीं खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 14 रुपये बढ़कर 3,867 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई।

गेहूं छह रुपये महंगा हुआ और 2,862 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा पांच रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। दाल-दलहनों में तेजी रही। मूंग दाल की कीमत आठ रुपये और मसूर दाल की सात रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चना दाल पांच रुपये और उड़द दाल तीन रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। तुअर दाल के भाव कमोबेश गत दिवस के स्तर पर ही रहे। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा 51 रिंगिट चढ़कर 4036 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.18 प्रतिशत टूटकर 48.99 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सोया तेल औसतन 42 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। वनस्पति की कीमत 31 रुपये और सरसों तेल की 21 रुपये बढ़ गई। सूरजमुखी तेल और मूंगफली तेल 17.17 रुपये महंगे हुए। पाम ऑयल की कीमत 12 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत लगभग स्थिर रही। चीनी में भी टिकाव रहा। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7819.75 रुपये, मसूर काली 8168.89 रुपये, मूंग दाल 10103.52 रुपये, उड़द दाल 10377.66 रुपये, तुअर दाल 10599.84 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2861.69 रुपये और चावल 3866.57 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3294.53 रुपये प्रति क्विंटल।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**एसआईआर वोटर...** करेगा। जांच के बाद ही नाम जोड़ने या हटाने का फैसला लिया जाएगा। बिना सुनवाई के किसी का नाम नहीं हटाया जाएगा। 1 बंगाल में सबसे ज्यादा 58 लाख 20 हजार 898 वोटरों के नाम हटाए गए। इनमें 24 लाख 16 हजार 852 नाम मृत वोटरों के हैं। 19 लाख 88 हजार 76 वोटर ऐसे हैं, जो दूसरे जगह शिफ्ट हो गए हैं। 12 लाख 20 हजार 38 वोटर लापता, 1 लाख 38 हजार 328 डुप्लीकेट या फर्जी और 57 हजार 604 नाम अन्य कारणों से हटाए गए। राजस्थान की एसआईआर की ड्राफ्ट लिस्ट में 41.85 लाख वोटर्स के नाम काटे गए हैं। ड्राफ्ट लिस्ट के साथ एब्सेंट, शिफ्टेड, डेड और आलरेडी एनरोल्ड लिस्ट दी गई है। गोवा में 11.85 लाख मतदाताओं में से 10.84 लाख ने फार्म जमा किए। यहां 1 लाख से ज्यादा नाम हटे, जिनमें मृत, अनुपस्थित, स्थायी रूप से स्थानांतरित और डुप्लीकेट मतदाता शामिल हैं। उत्तर गोवा में 44,639 और दक्षिण गोवा में 55,403 नाम हटाए गए। पुड्डुचेरी में ड्राफ्ट सूची से 1.03 लाख से ज्यादा नाम हटे हैं। अब कुल मतदाता 9.18 लाख रह गए हैं। यहां सबसे ज्यादा नाम पुड्डुचेरी जिले में हटे, जबकि कराईकल, माहे और यानम में भी बड़ी संख्या में मतदाता सूची से बाहर हुए। लक्षद्वीप मे 27 अक्टूबर तक कुल 58 हजार मतदाता दर्ज थे। ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी होने के बाद इनमें से 56,384 मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल पाए गए हैं। यानी 1,616 मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए हैं। तमिलनाडु में यहां पब्लिश हुए ड्राफ्ट रोल में से 97 लाख से ज्यादा नाम काटे गए हैं। एसआईआर से पहले राज्य में वोटर्स की संख्या 6.41 करोड़ थी। अब घटकर 5.43 करोड़ हो गई है। राज्य में अब 2.66 करोड़ पुरुष, 2.77 करोड़ महिलाएं और 7,191 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं। गुजरात में राज्य में नई एसआईआर लिस्ट में 73.73 लाख से ज्यादा वोटर्स के नाम कम हुए हैं। राज्य में पहले 5.08 करोड़ से ज्यादा वोटर्स रजिस्टर्ड थे। अब घटकर 4.34 करोड़ रह गए हैं।

**यूपी टीईटी...** लिया जाएगा, लेकिन अभी तक यह प्रक्रिया भी पूरी नहीं हुई है। ऐसे में 28 और 29 जनवरी को परीक्षा करा पाना संभव नहीं था। ऐसे में टीईटी की नई तारीख घोषित की जाएगी। आयोग मई के मध्य में परीक्षा कराने पर विचार कर रहा है। कोई रुकावट नहीं आई तो 17 एवं 18 मई को टीईटी का आयोजन कराया जा सकता है।

**सहारनपुर के...** पहुंची और दरवाजा तोड़ा, तो पांच लाशें पड़ी थी। सभी के शव बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए। पुलिस की जांच में सभी की मौत दम घुटने से आई है। पुलिस ने शेखपुरा कदीम में परिजनों को सूचना दी। इसके बाद गांव में मातम पसर गया। ठेकेदार नूर और सोनू दोनों सगे भाई हैं। नूर की शादी पांच महीने पहले हुई थी, जबकि सोनू की करीब तीन साल पहले हुई। कोई बच्चा नहीं है। इनके दो बड़ी बहनें हैं, जिनकी शादी हो गई। माता-पिता हैं। रोशनपाल और रामकुमार जीजा-साला है। इनमें रोशनपाल रामकुमार का साला हैं। रोशनपाल के तीन बच्चे हैं। इनमें दो लड़की हैं, जिनके नाम प्रियंका, नेहा है, जबकि बेटा नरेंद्र है। प्रियंका की शादी हो चुकी है। रामकुमार तीतरों के गांव महमूदपुर का निवासी है। फिलहाल थाना सदर बाजार क्षेत्र में गलीरा रोड पर रहता था। इसके भी तीन बच्चे हैं। मदनपाल के दो लड़की हैं, जिनके नाम स्वाति व नैंसी है, जबकि बेटे का नाम नवीन है। मदनपाल की रात ही परिवार में बात हुई थी। क्योंकि उनके चाचा के लड़के को कुछ दिन पहले ही बेटा हुआ था। एक-दो दिन में आने के लिए बोल रहा था।

# राजभवन में मोती की खेती का शुभारंभ

## राज्यपाल आनंदी पटेल ने पर्लफॉर्मिंग परियोजना शुरू की

**लखनऊ, वार्ता**



किसान दिवस पर मंगलवार को उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राजभवन परिसर में मोती की खेती (पर्ल फार्मिंग) परियोजना का तालाब में सीप अवतरण कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश के समस्त किसानों को किसान दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

राज्यपाल ने कहा कि देश की प्रगति किसानों की समृद्धि से जुड़ी है और कृषि क्षेत्र में नवाचार ही किसानों की आय बढ़ाने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने परियोजना स्थल पर कृषि- कें. द्रित कंपनी मणि एग्रो हब प्राइवेट लिमिटेड, उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदर्शित मोती के सीप की सर्जरी प्रक्रिया का अवलोकन किया और इसे एक उपयोगी व लाभकारी नवाचार बताया। उन्होंने कहा कि ऐसी पहलें किसानों, युवाओं और महिलाओं के लिए आजीविका के नए अवसर सृजित करती हैं। राज्यपाल ने जनपद बलिया के प्रगतिशील किसान जेपी पांडेय की प्रेरक सफलता का उल्लेख करते हुए कहा कि वैज्ञानिक तरीके से पशुपालन, मूल्य संवर्धन और स्थानीय बाजार के विकास से किसान आत्मनिर्भर बन सकता है। उन्होंने कहा कि किसान जब ठान लेता है कि उसे कुछ करना है, तो वह बड़ी उपलब्धि हासिल करता है। उन्होंने परिश्रम के साथ सही सोच, प्रभावी प्रबंधन और विभागीय समन्वय पर बल दिया। मौसम के अनुरूप पशुपालन प्रबंधन, नियमित बैठकें, योजनाबद्ध कार्य, नवीनतम तकनीक का उपयोग और औपचारिक प्रोटोकॉल से आगे बढ़कर जिम्मेदारी निभाने के निर्देश दिए। साथ ही राजभवन में किए जाने वाले नवाचारों को संस्थागत रूप देने और मणि एग्रो हब प्रालि के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर मणि एग्रो हब के निदेशक आनंद त्रिपाठी ने बताया कि मोती की खेती एक वैज्ञानिक, टिकाऊ और लाभकारी कृषि उद्यम है। लगभग 2000 वर्ग फीट के तालाब में 10,000 सीपों की खेती से 18 माह में औसतन 8.5 लाख रुपये तक की शुद्ध आय संभव है।

# महबूबा मुफ्ती ने बांग्लादेश में हिंदू महिलाओं की स्थिति पर चिंता जताई



**श्रीनगर।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने मंगलवार को बंगलादेश से मिली, उन रिपोर्टों पर चिंता व्यक्त की जिनमें कहा गया है कि वहां हिंदू महिलाएं सिंदूर लगाकर स्वतंत्र रूप से घूमने में डर रही हैं।

सुश्री महबूबा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि हालांकि यह मुद्दा 'गंभीर' है, लेकिन भारतीय नेतृत्व बंगलादेशी अधिकारियों के साथ इस मामले को उठाने में नैतिक दुविधा का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा कि बंगलादेश से आने वाली खबरें, जिनमें कहा गया है कि हिंदू महिलाएं सिंदूर लगाकर स्वतंत्र रूप से घूमने में डर रही हैं, अत्यंत विचलित करने वाली हैं। पीडीपी अध्यक्ष ने कहा कि दुर्भाग्य से भारतीय नेतृत्व इस गंभीर मुद्दे को बंगलादेशी अधिक. ारियों के साथ उठाने में नैतिक दुविधा का सामना करता दिख रहा है, क्योंकि देश के भीतर ही कुछ असामाजिक तत्व मुस्लिम महिलाओं के हिजाब जबरन उतारते देखे जाते हैं। कट्टरपंथियों के दबदबे वाली दुनिया में महिलाओं के अधिकारों और सम्मान के लिए वास्तव में कौन खड़ा होगा। इससे पहले भारतीय जनता पार्टी की जम्मू-कश्मीर इकाई ने मंगलवार को बंगलादेश में अल्पसंख्यकों की हत्याओं पर नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी की कथित चुप्पी को लेकर उन पर तीखा हमला बोला। एक बयान में भाजपा प्रवक्ता मंजूर भट्ट ने उमर अब्दुल्ला सहित जम्मू-कश्मीर के नेताओं की चुप्पी पर सवाल उठाए।

CMYK

# कटघर पुलिस ने मुठभेड़ में गोकशी के पांच आरोपियों को किया गिरफ्तार, एक घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** थाना कटघर पुलिस ने गौकशी के मामलों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए मंगलवार सुबह पुलिस मुठभेड़ में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान एक आरोपी गोली लगने से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से अवैध असलहा, पशु काटने के उपकरण और घटना में प्रयुक्त वाहन भी बरामद किया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी कटघर के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार पुलिस बल के साथ गौकशी प्रभावित क्षेत्रों में संदिग्धों की तलाश कर रहे थे। इसी दौरान मंगलवार को सुबह रफातपुर जाने वाले रास्ते पर स्थित रफातपुर अंडरपास, थाना कटघर क्षेत्र में पुलिस और गौकशी में संलिप्त आरोपियों के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक आरोपी नसीम उर्फ गजरा घायल हो गया, जबकि उसके चार अन्य साथियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया।गिरफ्तार आरोपियों में नसीम उर्फ गजरा पुत्र भूरा निवासी ग्राम सिरसखेड़ा थाना मूंढापांडे (घायल), फईम पुत्र भूरा निवासी सिरसखेड़ा थाना मूंढापांडे, नदीम पुत्र जमील निवासी ग्राम बकरूआ थाना कुंद. रकी, मोहम्मद पुत्र छोटे निवासी ग्राम सिरसखेड़ा थाना मूंढापांडे तथा कसीम पुत्र जमील निवासी ग्राम बकरूआ थाना कुंदरकी शामिल हैं।पुलिस ने उनके कब्जे से एक कारतूस .315 बोर, एक देशी तमंचा .315 बोर, एक खोखा कारतूस, एक कारतूस, महिंद्रा बोलेरो पिकअप , दो रस्सियां, एक कुल्हाड़ी, एक लोहे का सुम्बा और तीन छुरियां बरामद की हैं।पुलिस अधिकारियों के अनुसार मामले में विधिक कार्रवाई जारी है और गौकशी में संलिप्त अन्य लोगों की तलाश भी की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जिले में गौकशी पर पूरी तरह अंकुश लगाने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा।






# नगर पंचायत पाकबड़ा में चलाया गया अतिक्रमण हटाओ अभियान




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** विजय आनंद अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत पाकबडा एवं राजस्व विभाग द्वारा संयुक्त रूप से अतिक्रमण हटाओ अभियान के अंतर्गत नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत गाटा संख्या 105 क रकबा 0.0450 एवं गाटा संख्या 112 का रकवा 0.0650 का चिन्हिकरण कर उसकी पैमाइश का कार्य किया गया। नगर पंचायत पाकबडा द्वारा आम जनमानस से अपील की जाती है कि सरकारी संपत्ति पर किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण व अवैध कब्जा ना करें। यदि सरकारी संपत्ति पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा या अवैध निर्माण पाया जाता है तो उसको ध्वस्तिकरण का कार्य किया जाएगा एवं उस पर व्यय होने वाली धनराशि की वसूली भी अतिक्रमणकर्ता से वसूल की जाएगी। उक्त अभियान लगातार जारी रहेगा। उक्त अभियान में राजस्व विभाग की टीम क्षेत्रीय लेखपाल तुषार भटनागर कानूनगो क्षेत्र पाकघ्बडा नगर पंचायत पाकबडा से हिमांशु चौहान, जीतेन्द्र कुमार, केशव गोस्वामी, पुष्पेंद्र व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मोती फार्मिंग में नवाचार के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ. अय्यूब हुसैन को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** किसान दिवस के अवसर पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में महामहिम राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने मोती (पर्ल्स) फार्मिंग में नवाचार के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ. अय्यूब हुसैन, सीईओ को सम्मानित किया। यह सम्मान उत्तर प्रदेश में किसानों की आय बढ़ाने और मत्स्य व जलीय कृषि के माध्यम से स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने की दिशा में किए गए उनके प्रयासों के लिए प्रदान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महामहिम राज्यपाल ने कहा कि मोती की खेती किसानों के लिए एक लाभकारी और टिकाऊ विकल्प है। उन्होंने किसानों से आधुनिक तकनीक अपनाने, प्रशिक्षण लेने और वैज्ञानिक तरीकों से मोती उत्पादन करने का आह्वान किया। महामहिम ने यह भी कहा कि राज्य सरकार किसानों के नवाचारों और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए निरंतर सहयोग कर रही है। इस अवसर पर डॉ. अय्यूब हुसैन ने महामहिम राज्यपाल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका उद्देश्य प्रदेश के अधिक से अधिक किसानों को पर्ल्स फार्मिंग की आधुनिक तकनीकों से जोड़ना है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर सृजित हों और किसानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो। कार्यक्रम में कृषि, मत्स्य एवं संबंधित विभागों के अधिकारी, किसान प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में प्रगतिशील किसान उपस्थित रहे। किसान दिवस के इस आयोजन ने प्रदेश में मोती की खेती को एक नई दिशा और पहचान देने का कार्य किया।




# खनन माफियाओं ने किसान की गेहूं की फसल की बर्बाद, दी तहरीर

**मूढ़ापांडे।** मूंढापांडे थाना क्षेत्र के गांव सिरसखेड़ा ,नरखेड़ा, गो. विंदपुर बूजपुर आशा, बीरपुर थान में रात के समय में खनन माफिया ट्रैक्टर ट्रॉली से अवैध खनन करते हैं, किसान राजू सिंह ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि गांव के बराबर में मार्ग चल रहा है उसी के बराबर में गेहूं की खड़ी फसल को खनन माफियाओं ने ट्रेक्टर खेत में चलाकर बर्बाद कर रहे हैं, ग्रामीणों ने अवैध खनन करने वाले लोगों के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है, किसानों का कहना है कि पुलिस चौकी में एक दिन पूर्व में मैंने शिकायत की थी लेकिन ट्रैक्टर ट्राली से मिट्टी डालने वालों का कहना है कि तुम हमारा कुछ भी नहीं कर सकते उसके बाद थाने में लिखित में शिकायत की है की ट्रैक्टर ट्राली वाले गेहूं की खड़ी फसल को बर्बाद कर रहे हैं मिट्टी से भरे ट्रैक्टर ट्रॉली सुबह तीन बजे से सुबह आठ बजे तक चलते हैं, अवैध खनन करने वालों ने किसानों का जीना दुश्वार कर रखा है सरकार को लाखों रुपए का चूना लगा रहे हैं जिससे इन लोगों पर सख्त कार्यवाही होनी चाहिए।



# उप्र माटीकला बोर्ड द्वारा माटीकला जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उ0प्र0 माटीकला बोर्ड द्वारा आज एक दिवसीय माटीकला जागरुकता कार्यक्रम एवं टूल किट्स वितरण कार्यक्रम का आयोजन युवा केन्द्र, सांई मन्दिर रोड़ दीनदयालनगर, मुरादाबाद में किया गया। मुख्य अतिथि श्री ओमप्रकाश गोला प्रजापति, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, निवर्तमान उ0प्र0 माटीकला बोर्ड अध्यक्ष द्वारा दीप प्रजलित कर कार्यक्रम का उद्घान किया गया। टूल किट्स वितरण योजना के अन्तर्गत जनपद मुरादाबाद के 25 लाभार्थियो को निःशुल्क विद्युत चालित चाक एवं 08 लाभार्थियो को पगमिल मशीन वितरित किये गये। कार्यक्रम में प्रो0-श्री रविन्द्र देव, फाईन आर्टय विशेषज्ञ, मुरादाबाद एवं वरखा उपाध्याय द्वारा माटीकला सम्बन्धि से विषयो पर व्याख्यान दिया गया। मंच का संचालन मुशाहिद हुसैन द्वारा किया गया। श्री सत्यवीर सिंह चौहान जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, मुरादाबाद द्वारा उ0प्र0 माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओ की जानकारी दी तथा मिट्टी से निर्मित उत्पादो को और अधिक प्रोत्साहन देने हेतु सभी लाभार्थियो को जागरुक भी किया। परिक्षेत्रीय/जिला ग्रामोद्योग कार्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।




# सपा ने किसान दिवस पर चौधरी चरण सिंह की जयंती मनाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** महानगर समाजवादी पार्टी द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय चौधरी चरण सिंह की जयंती के अवसर पर एक विशेष श्रद्धांजलि सभा और चर्चा का आयोजन किया गया। सपा महानगर कैंप कार्यालय, मकबरा फाटक, आयोजक: इकबाल हुसैन अंसारी महानगर अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार, कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने चौधरी चरण सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी

। महान योगदान पर चचा: उपस्थित नेताओं ने किसानों के मसीहा कहे जाने वाले चौधरी चरण सिंह जी के देश के प्रति योगदान और किसानों के उत्थान के लिए किए गए उनके कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों के अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और चौधरी चरण सिंह जी के आदर्शों को जन-जन तक पहुँचाना रहा। प्रोग्राम की अध्यक्षता इकबाल हुसैन अंसारी महानगर अध्यक्ष समाजवादी पार्टी ने कि और संचालन दाऊद साहब ने किया नसीम पाशा सलीम वारसी शुएब हसन खा अकरम अंसारी नजीर अंसारी आसिफ अंसारी अरबाज खा हसन सलमानी पूर्व पार्षद सुभान अंसारी हाजी रशीद अंसारी मजदुर सभा गजेंद्र सिंह यादव डॉ सोमवीर सिंह यादव शमशाद अंसारी तरूण गुप्ता नितिन कुमार लालू परवेज अहमद मुरादाबादी कार्यक्रम के अध्यक्ष इकबाल हुसैन अंसारी महानगर अध्यक्ष समाजवादी पार्टी ने की या संचालन दाउद साहब ने किया।




# उच्च प्राथमिक विद्यालय गढ़ी में मासिक संकुल बैठक का आयोजन



**कांठ (शाह टाइम्स)** उच्च प्राथमिक विद्यालय गढ़ी में मासिक शिक्षण संकुल बैठक का आयोजन किया गया बैठक के अतिथि एसआरजी सचिन शुक्ला, एआरपी वर्षा चौधरी, एवं चद्र भानु विश्नोई रहे।

बैठक का शुभारंभ स्वागत गीत से किया गया छात्रों के द्वारा मीना मंच एंजेल के द्वारा गीत प्रस्तुत किया गया बैठक के निर्धारित एजेंडा के अनुसार बैठक हमारे प्रयास एवं चुनौतियां के साथ विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों सना महफूज, प्रभाष कुमार, भूपेंद्र सिंह यादव, शालिनी अग्रवाल एवं निधि के द्वारा अपने अनुभव साझा किए गए। शिक्षण संकुल भुवनेश कुमारी, प्रियंका चौधरी,गौरव यादव एवं शमीम अहमद के द्वारा न्याय पंचायत में की जा रही गतिविधि एवं विश्लेषणात्मक कौशल के विषय में चर्चा की गई एसआरजी सचिन शुक्ला के द्वारा एईआई ओ यू पर शिक्षण कौशल एवं अधिगम स्तर पर चर्चा की गई।

कार्यक्रम के अंत में मीना मंच का उद्घाटन उपस्थित अथिति एस आर जी एवं ए आर पी के द्वारा किया गया। सहायक अध्यापिका दीपिका गुप्ता के द्वारा मीना मंच तैयार किया गया। दीपिका गुप्ता को उनकी क्रिएटिविटी की सराहना की गई, जुबैर अहमद द्वारा संचालन किया गया।

विद्यालय की इंचार्ज प्रधानाध्यापिका अजमा नाज एंव समस्त स्टाफ के सहयोग एवं कुशल व्यवस्था के लिए मौढी हजरतपुर के सभी शिक्षक संकुल के द्वारा धन्यवाद प्रस्तुत किया गया प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक अंजलि, प्रगति देवी, विवेक कुमार, जोगिंदर कुमार, लखपत सिंह, मोहम्मद इरफान, जुल्फिकार अली, अखिलेश कुमारी, वंदना विश्नोई आदि उपस्थित रहे।

# न्यायालय के आदेश का पुलिस द्वारा पालन न कराने का आरोप

**ठाकुरद्वारा।** थाना ठाकुरद्वारा क्षेत्र में न्यायालय के आदेशों का पालन न कराए जाने का मामला सामने आया है। ग्राम रामपुर घोघर निवासी बलवंत सिंह पुत्र नत्थू सिंह ने उपजिलाधिकारी को प्रार्थना-पत्र देकर पुलिस पर न्यायालय के आदेश की अवहेलना कराने का आरोप लगाया है। पीड़ित के अनुसार ग्राम रामपुर घोघर स्थित आराजी संख्या 875/2025 से संबंधित विवाद में न्यायालय द्वारा दिनांक 19 मई 2025 को आदेश पारित किया गया था। उक्त आदेश में यथास्थिति बनाए रखने एवं अवैध निर्माण व हस्तक्षेप रोकने के निर्देश दिए गए थे। पीड़ित का आरोप है कि न्यायालय के आदेश के बावजूद विपक्षीगण द्वारा आदेश का पालन नहीं किया जा रहा है। प्रार्थना-पत्र में बताया गया कि न्यायालय के आदेश के अनुपालन हेतु थाना प्रभारी ठाकुरद्वारा को निर्देशित किया गया था, लेकिन इसके बावजूद पुलिस द्वारा कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। इसके चलते विपक्षी लगातार न्यायालय के आदेशों की अवहेलना कर रहे हैं। पीड़ित ने यह भी उल्लेख किया कि मामले में पुनः न्यायालय द्वारा दिनांक 20 दिसंबर 2025 को आदेश पारित किया गया पीड़ित बलवंत सिंह ने उपजिलाधिकारी से मांग की है कि थाना प्रभारी ठाकुरद्वारा को न्यायालय के आदेशों का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए जाएं।

उपभोक्ता मामले,
खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय
भारत सरकार

भारतीय मानक ब्यूरो
भारत का राष्ट्रीय मानक निकाय

नेशनल क्विज
में भाग लें (ओपन फॉर ऑल)
'भारतीय मानक और उपभोक्ता अधिकार'
राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस 24 दिसंबर शाम 4:30 बजे से 5:00 बजे तक




सभी भाग ले सकते हैं
10 प्रथम पुरस्कार - **5,000 रु.** प्रत्येक, 10 द्वितीय पुरस्कार - **4,000 रु.** प्रत्येक
10 तृतीय पुरस्कार - **3,000 रु.** प्रत्येक, 10 सांत्वना पुरस्कार - **1,000 रु.** प्रत्येक
क्विज में भाग लेने के लिए स्कैन करें
quiz.bis.gov.in
हमसे जुड़ें : @indianstandards

# सपाईयों ने चौधरी चरण को दी श्रद्धांजलि

## हवन यज्ञ का भी आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सपाईयों ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके कार्यकाल को याद किया।

प्राप्त समाचार के अनुसार सपा जिला कार्यालय पर पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती के अवसर पर श्रद्धा, सम्मान एवं विचारों से ओतप्रोत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुरुआत प्रातः विधि-विधान एवं मंत्रोच्चारण के साथ हवन द्वारा की गई। हवन में देश में अमन-चैन, सामाजिक सौहार्द, किसानों, मजदूरों एवं आम जनता की खुशहाली, लोकतंत्र की मजबूती तथा प्रदेश व राष्ट्र की उन्नति के लिए आहुतियां दी गईं। सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने हवन में सहभागिता कर चौधरी चरण सिंह के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। हवन के बाद पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा भारत रत्न चौधरी चरण सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके



पश्चात विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता सपा के जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने की। जबकि संचालन जिला महासचिव धनंजय सिंह यादव ने किया। जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने अपना संपूर्ण जीवन किसानों, मजदूरों और वंचित समाज के अधिकारों की रक्षा के लिए समर्पित कर दिया। वह सादगी, ईमानदारी और सिद्धांतों की राजनीति के प्रतीक थे। किसानों को उनका हक दिलाने के लिए उन्होंने जो संघर्ष किया, वह आज भी हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है। सपा उनके विचारों और सिद्धांतों पर चलकर किसानों, नौजवानों और गरीबों के हक की लड़ाई पूरी मजबूती के साथ लड़ती रहेगी। उन्होंने कहा कि चौधरी चरण सिंह के विचार आज के समय में पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हैं और सपा हर स्तर पर उनके सपनों का भारत बनाने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। अन्य वक्ताओं ने भी चौधरी चरण सिंह के जीवन संघर्ष, उनके ऐतिहासिक कार्यों तथा किसानों के हित में बनाई गई नीतियों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ नेता डॉ. रमेश तोमर, पूर्व जिला अध्यक्ष राशिद हुसैन, प्रभा चौधरी, सुखबीर ठेकेदार, शिव कुमार गोस्वामी, मदन सैनी, दारा सिंह, डॉ. योगेंद्र सिंह, अखलाक पप्पू, कमलेश भूईयार, सतपाल सिंह, सपा अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष महमूद कस्सार, कृपा रानी प्रजापति, मनोज राजपूत, विमलेश चौधरी, नमन प्रधान, डॉ. नवीन पवार, तरुण लाम्बा, मुबश्शर हुसैन मानू, अशोक गहलौत, राजेश गोयल, रामचंद्र भूईयार, मुदित त्यागी, सईद प्रधान, संजय पाल, कासिम कुरैशी, सरफराज, शुएब, भूरा, अंकुर सैनी, खिलेंद्र चौधरी, अत्ताउल्लाह, हक, सतीश दिवाकर, शेर सिंह भूईयार, महेंद्र सिंह, राजवीर सिंह, जानी चौधरी, नितिन कुमार, महेश प्रसाद, संजीव यादव एवं अहमद खिजर खान आदि समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह के विचार आज भी देश को देते हैं दिशा : डा. मनोज वर्मा

## जीवन संघर्ष व विचारधारा पर डाला प्रकाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न से सम्मानित चौधरी चरण सिंह की जयंती के अवसर पर नगर के वरिष्ठ एवं प्रसिद्ध समाजसेवी डॉ. मनोज वर्मा ने उनके जीवन संघर्ष और विचारधारा पर प्रकाश डालते हुए उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर डा. मनोज वर्मा ने कहा कि चौधरी चरण सिंह केवल एक राजनेता नहीं थे, बल्कि वे किसानों, मजदूरों और गांवों की आत्मा की आवाज थे। उनका संपूर्ण जीवन देश के गरीब किसान और शोषित वर्ग के अधिकारों के लिए समर्पित रहा। डा. मनोज वर्मा ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने हमेशा गांव किसान और खेती को देश की रीढ़ माना। उन्होंने सत्ता में रहते हुए भी आम आदमी की पीड़ा को समझा और उसके समाधान के लिए नीतियां बनाईं। डा. मनोज वर्मा ने कहा कि उनका सादा जीवन और स्पष्ट सोच



आज की राजनीति के लिए एक आदर्श है। उन्होंने कहा कि चौधरी चरण सिंह का मानना था कि जब तक किसान मजबूत नहीं होगा, तब तक देश मजबूत नहीं हो सकता। उन्होंने कृषि सुधारों, ग्रामीण विकास और सामाजिक न्याय के लिए जो कार्य किए वे आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत हैं।

डा. मनोज वर्मा ने चौधरी चरण सिंह की जयंती पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उनका संघर्ष, विचार और योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। डा. मनोज वर्मा ने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि वे चौधरी चरण सिंह के दिखाए मार्ग पर चलें और समाज में समानता, न्याय और भाईचारे को मजबूत करें।

## एक नजर

### चौधरी साहब को पुष्पांजलि अर्पित



**नांगल सोती।** राजा भरत सिंह इंटर कॉलेज में धरती पुत्र किसान मसीहा भारत के पांचवें प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. चौधरी चरण सिंह की जयंती पर आयोजित सभा में चौधरी साहब को पुष्पांजलि अर्पित कर जयंती बड़े ही श्रद्धा भाव के साथ मनाई गई। सभा की अध्यक्षता राजा भरत सिंह इंटर कॉलेज के प्रबंधक कावेंद्र सिंह तथा रुकन राजपूत ने संचालन करते हुए किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह के महान व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए बताया चौधरी साहब जापान की तर्ज पर देश में लघु कुटीर उद्योग धंधों के हिमायती थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सेवानिवृत शिक्षक सुरेशचंद राजपूत ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने जमींदारा खत्म कर हमें जमीनों व मकानों का मालिकाना हक दिलाया। भूमि सुधार के अनेक कार्यक्रम लागू कराए। कामरेड सुरेन्द्र सिन्हा ने बताया चौधरी साहब जीवन पर्यंत ईमानदारी व सच्चाई की प्रतिमूर्ति रहे। पूरा जीवन उन्होंने किसान, मजदूर व मजलूमों के उत्थान को समर्पित कर दिया। भाकियू जिला महासचिव नरदेव सिंह ने लोगों से चौधरी साहब के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। भाकियू ब्लॉक अध्यक्ष अवनीश कुमार ने चौधरी साहब किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि चौधरी साहब ने नाबार्ड की स्थापना, चकबंदी अधिनियम, जल संरक्षण अधिनियम, किसानों को खतौनी की व्यवस्था आदि किसान मजदूर के हित में कार्य किए। कार्यक्रम आयोजक चौधरी हेमेंद्र सिंह ने कहा कि चौधरी साहब सादगी, ईमानदारी व नैतिकता के प्रतीक थे। सभा को शिक्षकगणों केशवशरण, वीरेंद्र सिंह, भीमसेन हल्दिया, सत्यप्रकाश आर्य आदि ने संबोधित किया। आयोजित सभा में मास्टर कृष्ण कुमार, संजीव कुमार, जितेंद्र सिंह, सत्यपाल सिंह, प्रशांत, धनीराम, यूसुफ, सत्तार अहमद, कामेंद्र सिंह आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

### भाकियू की समीक्षा बैठक



**अफजलगढ़।** ग्राम गोवर्धनपुर उर्फ नाबका स्थित मंदिर परिसर में भाकियू अराजनैतिक की समीक्षा बैठक हुई। जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह के जन्मदिन को किसान दिवस के रूप में मनाया। चौधरी चरण सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भाकियू अराजनैतिक के पदाधिकारियों ने देश व समाज के लिए किए गए कार्यों के बारे में बताते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। बैठक में किसानों की विभिन्न समस्याओं पर भी विचार विमर्श किया गया। अध्यक्षता गुणप्रसाद ने की व संचालन मास्टर विरेन्द्र सिंह ने किया। बैठक में ब्लाक अध्यक्ष महल सिंह, वीरेन्द्र सिंह, दर्शन सिंह फौजी, बूढ़ा सिंह, जसवंत सिंह, विजय कम्बोज, प्रेम सिंह, भरत सिंह, महीपाल सिंह व हरपाल सिंह आदि मौजूद थे।

### शौचालय में डालकर जला दी गई खुरपका-मुंहपका की वैक्सीन

**चंदक।** क्षेत्र में बड़े पैमाने पर पशुओं में खुरपका-मुंहपका की बीमारी फैल रही है। इसके बावजूद इस बीमारी की रोकथाम के लिए लगाई जाने वाली वैक्सीन को खुड़ाहेड़ी पशु अस्पताल के शौचालय में कूड़े के ढेर में डालकर जला दिया गया। कूड़े के ढेर में 50 से ज्यादा वैक्सीन की वॉयल पड़ी मिलीं। इनकी एक्सपायरी डेट 2026 है। जबकि कुछ के रैपर जल चुके थे। सोमवार को पशु चिकित्सा केंद्र के शौचालय में दवा से भरी कांच की वॉयल का ढेर मिला। चिकित्सक से जानकारी करने पर पता लगा कि यह खुरपका-मुंहपका रोग की वैक्सीन हैं। कूड़े के ढेर में वैक्सीन पड़ी मिलने के संबंध में जब चिकित्सा प्रभारी आलोक कुमार से जानकारी ली गई, तो उन्होंने बताया कि उन्होंने यह वैक्सीन यहां पर रखवाई थीं। कूड़े के ढेर में कैसे चलीं गईं, उन्हें जानकारी नहीं है।

टीम के मौके पर पहुंचने के बाद अस्पताल कर्मियों ने कूड़े के ढेर से वैक्सीन की वॉयल उठानी शुरू कीं। मौके पर बड़ी संख्या में अधजली वैक्सीन वॉयल और अन्य दवाइयां भी पड़ी हुई थीं। बताया जाता है कि क्षेत्र में पशुओं का टीकाकरण कागजों में दर्शाया गया है। इसलिए स्टॉक सही दिखाने के लिए बची हुई वैक्सीन को कूड़े के ढेर में डालकर जलाया जा रहा है।

उधर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी लोकेश अग्रवाल ने बताया कि मामले की जांच कराई जाएगी। पता कराया जाएगा कि वैक्सीन इस हालत में क्यों थीं।

## एक नजर

### चौ. चरण सिंह स्मृति द्वार का लोकार्पण



**हल्दौर।** बालकिशनपुर चौराहे पर देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सदर विधायक सूचि चौधरी के पति एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता मौसम चौधरी ने चौधरी चरण सिंह स्मृति द्वार का विधिवत लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला। मौसम चौधरी ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने अपना संपूर्ण जीवन किसानों, मजदूरों एवं ग्रामीण समाज के अधिकारों के लिए संघर्ष करते हुए समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार उनके विचारों और आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा हर वर्ग को आवास उपलब्ध कराने, बिजली व्यवस्था को सुदृढ़ करने, शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालयों का विकास, सड़कों के चौड़ीकरण सहित अनेक विकास कार्य कराए गए हैं। उन्होंने किसानों एवं क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग पर बालकिशनपुर चौराहे पर शीघ्र ही चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा स्थापित कराए जाने का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख विजेंद्र सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष ललित चौधरी, ग्राम प्रधान धर्मेंद्र कुमार, रामेंद्र कुमार, अनुज कुमार, नवीन शर्मा, शिवम कुमार, संजय वर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामेश्वर चौधरी ने की, जबकि संचालन जितेंद्र कुमार ने किया।

### प्रकाश पर्व पर पहली प्रभातफेरी निकाली



**धामपुर।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा से दशमेश गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के प्रकाश पर्व के संबंध में निकाली गई पहली प्रभात फेरी में शामिल गुरमुख परिवारों तथा गुरु घर के समर्पित एवं निष्ठावान सेवकों और सेविकाओं ने गुरबाणी कीर्तन के सामूहिक उच्चारण से निर्धारित मार्गो को गुरुवाणी मय बना दिया। इस दौरान निर्धारित मार्ग पंथ से संबंधित पारंपरिक जयकारों से गूंज उठे प्रभात फेरी का गुरुद्वारा परिसर तथा इंदिरा नगर कॉलोनी स्थित सरदार समरजीत सिंह खालसा के परिवार की ओर से मिष्ठान प्रसाद आदि से स्वागत किया गया। दोनों स्थानों के आयोजक परिवारों को गुरुद्वारा की प्रबंध समिति की ओर से समिति के संरक्षक सरदार हरपाल सिंह चावला तथा अध्यक्ष सरदार अमरजीत सिंह एडवोकेट एवं सचिव सरदार गुरु चरण सिंह चावला, उपाध्यक्ष सरदार त्रिलोचन सिंह चावला आदि ने सरोपा भेंट करके सम्मानित किया। गुरुद्वारा के दीवान हाल में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के समक्ष अरदास करके गुरु महाराज के वजीर ज्ञानी रघुवीर सिंह के संरक्षण में निकाली गई। इस प्रभात फेरी में गुरबाणी शब्दों का उच्चारण करने वाले गुरु घर के सेवकों में जिला गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी एवं जिला पंजाबी समाज के जिला अध्यक्ष सरदार सतवंत सिंह सलूजा, डा. अमरजीत सिंह चावला, सरदार बलविंदर सिंह चावला, गुरमीत सिंह गांधी राजू, सरदार गुरदीप सिंह चावला रोमी आदि के अलावा गुरु घर की अनेक समर्पित एवं निष्ठावान सेविकाएं शामिल रहे। निर्धारित मार्गो की परिक्रमा के बाद प्रभात फेरी गुरुद्वारा में पहुंचकर संपन्न हुई।

## पंचायत चुनाव की वोटर लिस्ट तैयार

**बिजनौर।** अपर जिला अधिकारी (प्रशासन) व निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने बताया कि जनपद की समस्त ग्राम पंचायतों के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावली तैयार हो गई है। उसकी एक प्रति उनके कार्यालय और खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय में निरीक्षण के लिए उपलब्ध है। कोई भी व्यक्ति उक्त निर्वाचक नामावली का कार्यालय समय में निरीक्षण कर सकता है। उन्होंने बताया कि यदि नामावली में किसी नाम के सम्मिलित किए जाने के लिए कोई दावा अथवा किसी प्रकार के अन्य विवरणों के संबंध में कोई संशोधन अपेक्षित हो अथवा सम्मिलित किसी नाम के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो, तो उसे 30 दिसम्बर को या उससे पूर्व प्रपत्र दो, तीन या चार में जो भी उपयुक्त हो, दाखिल किया जाए। उन्होंने बताया कि प्रत्येक ऐसा दावा या आपत्ति उनके कार्यालय या खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय में उपर्युक्त दिनांक तक प्रस्तुत किया जा सकता है।

# झालू में बस स्टैंड पर खतरा

## समस्या के समाधान की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** स्थानीय बस स्टैंड पर समस्याओं का अम्बार लगा हुआ है। सबसे बड़ी समस्या सुरक्षा व्यवस्था को लेकर है।

प्राप्त समाचार के अनुसार नगर का प्रमुख बस स्टैंड चौराहा अब महज यातायात का केंद्र नहीं रह गया है, बल्कि यह सैकड़ों स्कूली बच्चों और आम नागरिकों की सुरक्षा से जुड़ा एक गंभीर सवाल बन गया है। इस व्यस्त चौराहे के आसपास स्काई गर्ल्स डिग्री कॉलेज, ग्रेट इंडियन एकेडमी, हृदयानंद सार्वजनिक इंटर कॉलेज तथा राजकीय कन्या इंटर कॉलेज जैसे प्रमुख शिक्षण संस्थान स्थित हैं। इसके साथ ही रेलवे स्टेशन का मार्ग भी इसी चौराहे से होकर गुजरता है। यहां पर दिनभर भारी आवाजाही बनी रहती है। विद्यालयों के खुलने और छुट्टी के समय छोटे-छोटे बच्चे भारी बस्तों के साथ



इस चौराहे को पार करने को मजबूर होते हैं। तेज रफ्तार बसें, लोडेड वाहन और यातायात के अन्य साधन हर पल दुर्घटना की आशंका बढ़ा देते हैं। कोहरे और अत्यधिक भीड़ के कारण सड़क पार करना कई बार जोखिम भरा हो जाता है। जिससे अभिभावकों की चिंता और भी गहरी हो जाती है। नागरिकों का कहना है कि यह चौराहा नगर की जीवन रेखा है और यहीं से आने वाली पीढ़ी का भविष्य गुजरता है। बच्चों की आंखों में सुरक्षा की उम्मीद और भरोसा झलकता है। नागरिकों ने प्रशासन से जनहित में अपील की है कि यहां पर सुरक्षा के स्थायी इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं, ताकि बच्चों, छात्राओं और आम लोगों को सुरक्षित आवागमन मिल सके।

नगरवासियों का सुझाव है कि यदि इस चौराहे पर सुव्यवस्थित यातायात नियंत्रण, बैरियर, संकेतक और उचित मार्गदर्शन की व्यवस्था कर दी जाए, तो बड़ी दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। यह आवाज किसी दबाव की नहीं, बल्कि नगर की सामूहिक जिम्मेदारी और बच्चों के सुरक्षित भविष्य की भावना से उठी है। सभी की यही अपेक्षा है कि झालू एक सुरक्षित, संवेदनशील और बच्चों के अनुकूल नगर के रूप में अपनी पहचान बनाए।

# भाकियू का थाने पर धरना प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** नामजद आरोपी को गिरफ्तार करने गई पुलिस टीम पर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) से जुड़े लोगों द्वारा संगठन को अपशब्द बोलने का आरोप लगाते हुए थाने में धरना-प्रदर्शन किए जाने का मामला सामने आया है। इस घटना को लेकर जहां एक ओर भाकियू टिकैत ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं, वहीं दूसरी ओर पुलिस प्रशासन ने इन आरोपों को निराधार बताया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस टीम एक मामले में धारा 307 (हत्या के प्रयास) के नामजद आरोपी को पकड़ने के लिए क्षेत्र में गई थी। पुलिस का कहना है कि इसी दौरान अंकित व सौरभ नामक दो युवक मौके पर पहुंचे और पुलिस की कार्रवाई में बाधा डालने लगे। आरोप है कि दोनों युवकों ने न केवल पुलिसकर्मियों के साथ अभद्रता की,



बल्कि 307 के आरोपी को छुड़ाने का भी प्रयास किया।

इधर, भारतीय किसान यूनियन टिकैत से जुड़े कार्यकर्ताओं का आरोप है कि पुलिस कार्रवाई के दौरान संगठन का नाम लेकर अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया गया, जिससे कार्यकर्ताओं में रोष व्याप्त हो गया। इसी के विरोध में भाकियू टिकैत के पदाधिकारी व कार्यकर्ता थाना प्रांगण में धरने पर बैठ गए और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कार्रवाई की मांग करने लगे।

समाचार दिए जाने तक भाकियू के सैकड़ों लोग थाना प्रांगण में दरी बिछा कर धरने पर बैठे हुए थे तथा अपनी मांगों को लेकर डटे हुए थे।

## पशु वध के उपकरण सहित युवक गिरफ्तार

**नजीबाबाद ।** नगर क्षेत्रान्तर्गत गागन नदी पुल के नीचे एक कट्टे में गौवंशीय पशु की खाल व अवशेष पड़े है। तहरीर के आधार पर थाना नजीबाबाद गौवध अधिनियम के तहत पंजीकृत किया गया था। पुलिस मुठभेड के दौरान उपरोक्त घटना से संबंधित युवक मौहम्मद जमशेद पुत्र शरीफ निवासी कुरैशियान मस्जिद के पास पठानपुरा को पशु वध के उपकरण व अवैध तमंचे सहित गिरफ्तार किया गया था। युवक से की गई पूछताछ में विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान महताब कुरैशी पुत्र अब्दुल शमी, शालू पुत्र फारुख, मगरूब उर्फ दुग्गी पुत्र छोटा, शहजाद पुत्र मैगा के नाम प्रकाश में आये।

# दुर्गा विहार राजपूताना सड़क चौड़ीकरण का काम दो माह से ठप

## शाह टाइम्स ने सांसद चंद्रशेखर के सामने उठाया सवाल, सांसद बोले- अनुमति दिलाने का होगा प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** क्षेत्र में दुर्गा विहार कॉलोनी से राजपूताना तक लगभग 8 किलोमीटर लंबे सड़क चौड़ीकरण कार्य को लेकर स्थिति लगातार गंभीर बनी हुई है। सड़क चौड़ीकरण का कार्य शुरू तो किया गया था, लेकिन वन विभाग द्वारा लगभग दो माह पूर्व आपत्ति लगाए जाने के बाद पीडब्ल्यूडी ने सड़क खुदी अवस्था में छोड़ दी, जिससे स्थानीय नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क खुदी होने के कारण रोजाना सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। विशेष रूप से दोपहिया वाहन चालकों, स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बीते दो महीनों से सड़क निर्माण कार्य पूरी तरह बंद पड़ा



है। वन विभाग की ओर से स्पष्ट किया गया है कि केंद्र सरकार से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) मिलने के बाद ही निर्माण कार्य आगे बढ़ाया जा सकता है।

इस समस्या को हाल ही में आयोजित ट्राई साइकिल वितरण कार्यक्रम के दौरान शाह टाइम्स द्वारा नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद के समक्ष उठाया गया, जिस पर सांसद ने मामले को गंभीरता से लेने का भरोसा दिलाया। सांसद ने बताया कि वह कल रात ही धामपुर पहुंचे हैं और आज सुबह कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी इस समस्या की जानकारी उन्हें दी गई थी, लेकिन वास्तविक स्थिति को जानने के बाद अब वह स्वयं इस विषय को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाएंगे।

सांसद चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि वह संबंधित केंद्रीय मंत्री से इस विषय में बातचीत करेंगे और सड़क चौड़ीकरण कार्य के लिए केंद्र सरकार से एनओसी दिलाने का प्रयास करेंगे, ताकि निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ हो सके और आम जनता को राहत मिल सके।

स्थानीय नागरिकों ने सांसद से मांग की है कि सड़क निर्माण में आ रही अड़चनों को जल्द दूर कराया जाए, जिससे दुर्घटनाओं पर रोक लगे और क्षेत्रवासियों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके। सांसद द्वारा गंभीरता दिखाए जाने के बाद अब लोगों को उम्मीद है कि दुर्गा विहार कॉलोनी से राजपूताना तक सड़क चौड़ीकरण कार्य शीघ्र शुरू हो सके ।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद बिजनौर, ( जनपद बिजनौर )**
संख्या:26/न.पा.परि.बि./2025-26
दिनांक:-18.12.2025
संबंधित को नोटिस अन्तर्गत धारा-143 (1)/147 (1) नगर पालिका अधिनियम-1916

एतद्द्वारा सूचित हो कि सम्पत्ति संख्या-157 मौहल्ला काजीपाड़ा जुनूबी, बिजनौर जो पालिका के कर अनुभाग के अभिलेखों में श्री कन्हैया सिंह पुत्र श्री टेका सिंह के नाम अंकित है। उक्त सम्पत्ति के सम्बंध में अंकित स्वामी के द्वारा अपनी पुत्री सरोज देवी को उपहार के रूप में नाम कर दी गयी थी। जिसका सरोज देवी द्वारा प्रार्थी श्री सरफराज अहमद पुत्र श्री मुख्तार अहमद मौहल्ला काजीपाड़ा जुनूबी, बिजनौर को बैनामा, उपहार-पत्र, शपथ-पत्र व आई.डी.प्रुफ की छायाप्रति संलग्न करते हुए उक्त सम्पत्ति में अपना नाम पालिका के कर-अनुभाग के अभिलेखों में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अतः किसी संबंधित को उपरोक्त नाम दर्ज करने में कोई आपत्ति है तो सप्रमाण इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है, उपरोक्त धारा के अन्तर्गत नोटिस मियादी एक माह दिया जाता है। बाद गुजरने मियाद नोटिस हाजा किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा तदोपरान्त उक्त संदर्भित सम्पत्ति में पालिका अभिलेखों में प्रार्थी का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**



**न्यायालय सिविल जज ( जू.डि. ) नगीना**
वाद सं. 323/2008
आबिद हुसैन पुत्र इबने हसन निवासी मौहल्ला सरायमीर, कस्बा नगीना (बिजनौर) **-वादी**
बनाम
पवन कुमार पुत्र काशीनाथ निवासी मौहल्ला लालसराय आंशिक आजाद कॉलोनी, रेलवे लाइन के पार नगीना (बिजनौर) **-प्रतिवादी**

चूंकि वादी ने 08.04.2008 को इस न्यायालय में श्रीमती जयमाला प्रतिवादी के खिलाफ एक बाद संस्थित किया था जो प्रतिवादी इस बीच में मर गयी है और चूंकि उक्त वादी के यह अभिकथन करते हुये इस न्यायालय में आवेदन दिया कि आप उक्त प्रतिवादी जयमाला मृतक के वैद्य प्रतिनिधि है और वह वांछा की है कि आप उसके बदले में प्रतिवादी बनाए जाए।

अतएवं आपको एतद्द्वारा आहूत किया जाता है कि आप 2026 के 01 मास के 09 दिवस को 10 बजे पूर्वाहन में उक्त वाद की प्रतिरक्षा करने के लिए इस न्यायालय में हाजिर हो, और उल्लिखित दिन को आपकी उपसंजाति में चूक होने पर वाद आपकी अनुपस्थिति में सुना जायेगा और अवधारित किया जाएगा।

नियत दिनांक:- 09.01.2026
**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज जू.डि. नगीना**



**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र रंजीत कुमार व उसकी पत्नी रेखा मेरे कहने सुनने में नहीं है और दोनों गलत संगत में पड़ गए है और दोनों लोगों के बहकाये सिखाये में आकर घर में मेरे साथ लड़ाई झगड़ा और गाली-गलौच करते है। साथ ही मुझे मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते है। इस लिए मैंने इन दोनों को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है और दोनों से अपने संबंध विच्छेद कर लिए है। अब इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य या लेन-देन के लिए यह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **धनीराम पुत्र चेतन निवासी मौहल्ला इस्लामाबाद, कस्बा झालू, थाना हल्दौर, जिला बिजनौर**



**कार्यालय नगर पालिका परिषद बिजनौर, ( जनपद बिजनौर )**
संख्या:23/न.पा.परि.बि./2025-26
दिनांक:-12.12.2025
संबंधित को नोटिस अन्तर्गत धारा-143 (1)/147 (1) नगर पालिका अधिनियम-1916

एतद्द्वारा सूचित हो कि सम्पत्ति संख्या-396 मौहल्ला काजीपाड़ा जुनूबी, बिजनौर जो पालिका के कर अनुभाग के अभिलेखों में श्री महबूब अहमद पुत्र श्री बुद्धू खां के नाम अंकित है। उक्त सम्पत्ति के सम्बंध में प्रार्थी श्री मौहम्मद अरमान पुत्र श्री महबूब अहमद मौहल्ला काजीपाड़ा जुनूबी, बिजनौर ने दानपत्र, शपथ-पत्र व आई.डी.प्रुफ की छायाप्रति संलग्न करते हुए उक्त सम्पत्ति में अपना नाम पालिका के कर-अनुभाग के अभिलेखों में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अतः किसी संबंधित को उपरोक्त नाम दर्ज करने में कोई आपत्ति है तो सप्रमाण इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है, उपरोक्त धारा के अन्तर्गत नोटिस मियादी एक माह दिया जाता है। बाद गुजरने मियाद नोटिस हाजा किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा तदोपरान्त उक्त संदर्भित सम्पत्ति में पालिका अभिलेखों में प्रार्थी का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**



**कार्यालय नगर पालिका परिषद बिजनौर, ( जनपद बिजनौर )**
संख्या:25/न.पा.परि.बि./2025-26
दिनांक:-18.12.2025
संबंधित को नोटिस अन्तर्गत धारा-143 (1)/147 (1) नगर पालिका अधिनियम-1916

एतद्द्वारा सूचित हो कि सम्पत्ति संख्या-48/1 मौहल्ला जाटान बी-04, बिजनौर जो पालिका के कर अनुभाग के अभिलेखों में श्रीमती शहाना बेगम पत्नी श्री मौ. राशिद के नाम अंकित है। उक्त सम्पत्ति के सम्बंध में प्रार्थिनी श्रीमती इमराना पत्नी श्री सरफराज अहमद मौहल्ला जाटान बी-04, बिजनौर ने बैनामा, शपथ-पत्र व आई.डी.प्रुफ की छायाप्रति संलग्न करते हुए उक्त सम्पत्ति में अपना नाम पालिका के कर-अनुभाग के अभिलेखों में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अतः किसी संबंधित को उपरोक्त नाम दर्ज करने में कोई आपत्ति है तो सप्रमाण इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है, उपरोक्त धारा के अन्तर्गत नोटिस मियादी एक माह दिया जाता है। बाद गुजरने मियाद नोटिस हाजा किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा तदोपरान्त उक्त संदर्भित सम्पत्ति में पालिका अभिलेखों में प्रार्थिनी का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**

### दुर्घटना के बाद डंपर छुपाने के मामले में

# पिता-पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

## आरोपियों के पास नहीं थी मिट्टी के खनन की अनुमित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** दुर्घटना में शामिल डंपर को छुपाने के मामले पुलिस ने डंपर स्वामी और उसके पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। इस मामले में थानाध्यक्ष और एक आरक्षी भी निलंबित हो चुके है।

रविवार की रात 11 बजे के करीब बिजनौर-हरिद्वार मार्ग पर ग्राम अभिपुरा के समीप पेट्रोल पंप के सामने मिट्टी से भरे डंपर और एक कार की भीषण भिड़त हो गई थी, जिसमें कार सवार सभी चारों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी। दुर्घटना के बाद डंपर स्वामी ने पुलिस से मिलकर मिट्टी से भरे डंपर के स्थान पर एक खाली डंपर पुलिस को सौंप दिया था। वह सब वारदात पास लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। वीडियो वायरल होने पर सोमवार की शाम अपर पुलिस अधीक्षक कृष्ण गोपाल और सीओ नजीबाबाद नितेश प्रताप सिंह जांच के लिए नांगल थाने पहुंचे। जांच के बाद पुलिस अधिकारियों ने असल/दुर्घटना में शामिल डंपर को एक भट्टे से बरामद कर लिया था। पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने थानाध्यक्ष सतेंद्र मलिक और सिपाही अंकित सैनी को निलंबित कर दिया था। डंपर छुपाने के मामले में पुलिस ने ओमप्रकाश पुत्र शिव लाल और उसके पुत्र कुनाल भाटी निवासीगण कैलाशपुर थाना सूरजपुर जनपद गौतमबुद्ध नगर हाल निवासी शिव ईंट उद्योग सराय आलम के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि दुर्घटना में शामिल डंपर का बीमा और फिटनेस नहीं है। इसलिए उक्त डंपर की नंबर प्लेट भी हटा रखी थी, ताकि कोई दुर्घटना हो जाए तो डंपर की पहचान नहीं हो सके। वहीं दोनों आरोपी मिट्टी खनन की कोई अनुमति भी नहीं दिखा सके।

## पुलिस की कार्यशैली पर ग्रामीणों में आक्रोश

**नांगल सोती।** मंडावली थाना क्षेत्र के ग्राम राहतपुर खुर्द से काफी संख्या में ग्रामीण नांगल थाने पहुंचे। जिन्होंने ग्राम सैदपुरी के समीप क्रेटा गाड़ी और डंपर की टक्कर में चार लोगों की मौत तथा नांगल पुलिस द्वारा डंपर बदलने के खेले गए खेल पर जमकर आक्रोश व्यक्त किया। सभी ग्रामीण सबसे पहले घटना में शामिल डंपर को देखने पहुंचे। जहां पुलिस ने इन ग्रामीणों को घटना में शामिल डंपर को ही मुकदमे में शामिल किए जाने के प्रमाण दिए। काफी देर की गहमागहमी और पुलिस द्वारा दर्ज की गई रिपोर्ट की संतुष्टि के बाद ग्रामीणों ने मृतक लोगों के परिजनों की ओर से भी मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग की। नांगल थाना प्रभारी पवन कुमार ने ग्रामीणों को तहरीर देने के लिए कहा तथा उनकी मांग अनुसार रिपोर्ट दर्ज करने का आश्वासन दिया।ग्रामीणों का गुस्सा शांत हुआ और तहरीर सौंपने की बात कहकर ये लोग अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गए।

## दहेज पर अंकुश लगाने के लिए कार्यक्रम

**नहटौर।** बुनकर मजदूर विकास समिति की ओर से दहेज प्रथा पर अंकुश लगाने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

नूरपुर बाईपास मार्ग पर एसआर बैंकट हॉल में आयोजित कार्यक्रम में दहेज को सामाजिक कुरीतियां बताते हुए इस पर अंकुश लगाने की अपील की गई। इसके अलावा बारात में कम से कम लोग शामिल हो, खाना भी सीमित हो जैसे कार्यों पर अमल किया जाए। जिससे गरीब लोग दहेज न देने के कारण बेटियों की शादी समय पर नहीं कर सकते वो भी आराम से अपने बेटियों की शादी कर सके।

इस मौके पर बुनकर विकास समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष शहाबुद्दीन अंसारी ने कहा कि दहेज के कारण गरीब परिवार की जवान बेटियां अपनी जान गंवा देती है। इसलिए सभी लोगों को मिल कर इस प्रथा को समाप्त करने के लिये गहन चिंतन कर इस पर अमल करना है। बैठक में रब्बानी अंसारी ने भी विचार रखे।

### एक नजर

## पूर्व पीएम की जयंती मनाई



**चांदपुर।** स्थानीय गुलाब सिंह हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न स्व. चौधरी चरण सिंह जी की जयंती के उपलक्ष में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र एवं छात्र इकाई के संयुक्त तत्वाधान में डा. उदिता राजपूत और मौहम्मद आरिफ के निर्देशन में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ चौधरी चरण सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके किया गया। इस अवसर पर अंग्रेजी विभाग के असिस्टेंट प्रो. डा. कुलदीप तथा मौहम्मद सलीम ने सभी छात्र-छात्राओं को चौधरी चरण सिंह के व्यक्तित्व और उपलब्धियों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. साधना ने कहा कि चौधरी चरण सिंह एक बहुत ही सादगी भरे किसान नेता रहे हैं, जिन्होंने प्रधानमंत्री जैसे बड़े पद पर रहते हुए भी आम जनमानस के लिए कार्य किया। उन्होंने सदैव साधारण ग्रामीणों के लिए कार्य किया तथा किसानों की दशा और मनोदशा सुधारने के लिए प्रयास किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी का सराहनीय योगदान रहा।

## नहटौर में चोरों का आतंक



**नहटौर।** ग्राम नंहेड़ा निवासी फुरकान अहमद का हल्दौर रोड पर ई रिक्शा का शोरूम है। बताया जाता है कि उसके शोरूम में अज्ञात चोरों ने छत के रास्ते से घुसकर स्कूटी की 11 लिथियम बैट्री के अलावा गिफ्ट चोरी कर लिए। करीब रुपए 40000 का सामान चोरी कर लिया गया। उससे कुछ ही दूरी पर कुलवीर चौधरी की सरिया सीमेंट की दुकान व उनके भाई कुलदीप की स्टेशनरी की दुकान से अज्ञात चोरों ने करीब रुपए 5000 की नगदी और चार चांदी के सिक्के चोरी कर लिए थे। पुलिस इसी चोरी की जांच पड़ताल करने के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज देख रही थी। जब ई रिक्शा शोरूम पर पुलिस सीसीटीवी फुटेज देखने गई तो शोरूम का दरवाजा खुला होने की सूचना फुरकान अहमद को दी। फुरकान अहमद शोरूम पर पहुंचे तो चोरी होने का पता चला। बताया जाता है कि हल्दौर रोड पर पिछले कुछ दिनों में कई स्थानों पर अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों द्वारा सरिया सीमेंट व स्टेशनरी की दुकान से नगदी व चांदी के सिक्के, ई रिक्शा शोरूम से लिथियम की बैटरी व गिफ्ट इसके पास ही जहीन अंसारी की चौखट विंडो की टाल पर खड़ी ई रिक्शा से एक बैटरी व पास में ही प्रकाश हॉस्पिटल के पास खड़े ट्रैक्टर से बैटरी, उससे आगे एक प्रधान के घर के सामने खड़े दो ट्रैक्टरों से बैटरी चोरी की गई है। थाना अध्यक्ष धीरज नागर का कहना है कि जांच पड़ताल की जा रही है।

## चौधरी चरण सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित किए



**चांदपुर।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता डा. लाखन सिंह पाल ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की 123 वी जयंती मनाई। इस दौरान उन्होंने चौधरी चरण सिंह चौक पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर श्रृद्धा सुमन अर्पित किये। डा. लाखन सिंह पाल ने कहा कि चौधरी साहब जमीन से जुड़े नेता थे। उन्होंने कहा कि चौधरी साहब ने अपने कार्यकाल में ऊंच नीच से अलग हटकर देश हित व सर्वसमाज के लिए कार्य किये। वे किसान, मजदूर, नौजवान और पसमांदा वर्ग के हितैषी रहे। इस मौके पर सपा नगर अध्यक्ष नाजिम खान, जावेद शेख, आरिफ सैफी, मोमिन खान, नसीमुद्दीन मनिहार आदि मौजूद रहे। उधर सिविल बार एसोसियेशन ने भी स्व. चौधरी चरण सिंह की जयंती मनाई। स्याऊ हॉल कार्यालय में सिविल बार एसोसियेशन अधयक्ष शमषाद अहमद एडवोकेट, महासचिव हरिश्वर सिंह एडवोकेट के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने चौधरी साहब के चित्र के समक्ष अपनी ओर से श्रृद्धासुमन अर्पित किये।

## बस स्टैंड पर स्वास्थ्य जांच शिविर



**धामपुर।** धामपुर डिपो बस स्टैंड परिसर मेंस्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सीएचसी धामपुर की ओर से लगाया गया, जिसमें धामपुर डिपो एवं चांदपुर डिपो के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों, चालकों एवं परिचालकों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। स्वास्थ्य जांच कराने वालों में धामपुर डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक पी.एल. पथरिया, वरिष्ठ केंद्र प्रभारी पदम सिंह, सीनियर लिपिक तपराज सिंह, प्रवेंद्र सिंह, कैशियर सुनील वालिया, पवन कुमार टांक, धीरज, विशेष, नीतीश, सचिन, बबलू सहित अन्य स्टाफ सदस्य शामिल रहे। शिविर में विशेष रूप से चालकों और परिचालकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें ब्लड प्रेशर, शुगर, आंखों की जांच एवं अन्य सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किए गए। स्वास्थ्य जांच शिविर में सीएचसी एवं पीएससी धामपुर से डॉ. राहुल देव (चिकित्सा अधिकारी), डॉ. विकास डाबर (सीनियर टीबी लैबोरेट्री सुपरवाइजर), कंचन सैनी (एएनएम), निधि कुमारी (स्टाफ नर्स), बृजेश कुमार (लैब टेक्नीशियन), अशोक शर्मा (ऑप्टोमेट्रिस्ट), विनीत कुमार (ऑप्टोमेट्रिस्ट), मौहम्मद शाहनवाज (एलटी), प्रियंका देवी (परामर्शदाता), श्वेता कुमारी (परामर्शदाता) एवं अनुदीप चौहान (सीनियर लैब टेक्नीशियन) द्वारा कर्मचारियों की जांच की गई। डिपो प्रशासन ने स्वास्थ्य विभाग की टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविर कर्मचारियों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहायक होते हैं और भविष्य में भी ऐसे शिविर आयोजित किए जाने चाहिए।

# पंचामृत विधि से बढ़ेगी पैदावार: पाठक



## आधुनिक खेती को बढ़ावा देने पर जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** गन्ना किसानों की आय दोगुनी करने और आधुनिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज विशेष सचिव गन्ना समिति नूरपुर एवं वरिष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक (एससीडीआई) द्वारा ग्राम छज्जुपुरा और धामपुर चीनी मिल क्षेत्र का सघन निरीक्षण किया गया।

अधिकारियों ने खेत पर जाकर उन्नत कृषि तकनीकों का जायजा लिया और किसानों से सीधा संवाद किया। इस दौरान सह-फसली खेती से बढ़ेगी किसानों की आय के बारे मे उन्होंने अपने निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि क्षेत्र के किसानों में सह-फसली खेती (इंटरक्रॉपपिंग) के प्रति रुझान तेजी से बढ़ा है। किसान गन्ने के साथ सरसों, चना, मटर, उड़द और मूंग जैसी फसलें उगाकर अपनी भूमि की उर्वरता और आय दोनों बढ़ा रहे हैं। इसी क्रम में उन्नत खेती को प्रोत्साहित करने के लिए छज्जुपुरा के किसान आसाराम सिंह का चयन नेशनल फूड सिक्योरिटी मिशन के तहत किया गया है। जहाँ प्रदर्शन प्लॉट के माध्यम से अन्य किसानों को प्रशिक्षित किया जाएगा। वरिष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक ने दुधली चांदपुर, छज्जुपुरा और नगला गज्जू चहेला गन्ना क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण भी किया। जांच के दौरान कहीं भी घटतौली की शिकायत नहीं मिली और तौल पारदर्शी पाए जाने पर हर्ष जताया। किसानों ने धामपुर चीनी मिल की तौल, समय पर भुगतान और डिजिटल इंडेंट (पर्ची) व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया। क्षेत्र में गन्ने की उन्नत किस्मों जैसे सीओ 118, सीओएस 13235, सीओएस 18231 का अच्छा प्रदर्शन देखा गया। किसानों के साथ हुई वार्ता के बारे मे ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक विश्वामित्र पाठक ने 'पंचामृत खेती' के लाभ गिनाए। इसके अंतर्गत ट्रेंच विधि से बुवाई, ड्रिप सिंचाई का उपयोग, पेड़ी प्रबंधन (रटून मैनेजमेंट), सह-फसली खेती और ट्राइकोडर्मा जैसे जैविक कीटनाशकों के प्रयोग पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि इन विधियों को अपनाकर किसान कम लागत में बेहतर उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। विभागीय प्रतिबद्धता अंत में गन्ना विभाग ने दोहराया कि किसानों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने और गन्ने की खेती को लाभदायक बनाने के लिए विभाग निरंतर प्रयासरत है।

इस अवसर पर समिति सचिव और गन्ना विभाग के अन्य कर्मचारी के साथ साथ चीनी मिल के गन्ना प्रबंधक लालबहादुर व प्रगतिशील किसान मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## हल्दुआ रामपुर में संदिग्ध परिस्थितियों में व्यक्ति की मौत

### पुलिस ने शव पीएम को भेजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** क्षेत्रान्तर्गत ग्राम हल्दुआ रामपुर में एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि आज सुबह लगभग 11 बजे डायल-112 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम हल्दुआ रामपुर में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई है, जिसको लेकर परि. जनों में विवाद की स्थिति बनी हुई है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस बल तत्काल मौके पर भेजा गया। जांच में मृतक की पहचान भीम सिंह पुत्र हरपाल सिंह उम्र लगभग 45 वर्ष निवासी ग्राम हल्दुआ रामपुर के रूप में हुई थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि मृतक नोएडा के सेक्टर-45 में ठेकेदार महिपाल सिंह पुत्र देवी सहाय के साथ डेकोरेशन का कार्य करता था। पुलिस के अनुसार 22 दिसंबर 2025 को नोएडा में किराये के कमरे में मृतक की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई थी, जिसके बाद ग्राम निवासी ललित पुत्र झब्बा एवं विनीत पुत्र चमन सिंह द्वारा रात्रि के समय शव को गांव लाया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि मृतक के सीने, कमर तथा दाहिनी बाँह पर नील पड़ने के स्पष्ट निशान पाए गए हैं, जिससे प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने नियमानुसार शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम मोर्चरी भेज दिया है ताकि मृत्यु के वास्तविक कारणों का स्पष्ट पता लगाया जा सके। उन्होंने कहा कि परिजनों से तहरीर मिलते ही आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### एक नजर

## आरएसएम में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन



**धामपुर।** आरएसएम पी.जी. कॉलेज में प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में नीट के सहयोग से एचडीएफसी बैंक प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्राचार्या प्रो. रश्मि शर्मा के निर्देशन आयोजित किया गया। प्राचार्या प्रो. रश्मि शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्लेसमेंट ड्राइव के अंतर्गत एचडीएफसी बैंक में असिस्टेंट मैनेजर पद हेतु कुल 40 योग्य छात्र एवं छात्राओं (उम्मीदवारों) का पंजीकरण सम्पन्न कराया गया। नीट की ओर से टीम लीडर वैभव चौहान मैनेजर नरेश कुमार एवं प्रोग्राम एडवाइजर शिव उपस्थित रहे, जिन्होंने विद्यार्थियों को चयन प्रक्रिया, प्रशिक्षण तथा करियर अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। नीट मैनेजर ने बताया कि चयन प्रक्रिया अगले सप्ताह लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के माध्यम से सम्पन्न की जाएगी। चयनित उम्मीदवारों को 45 दिनों का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिसके उपरांत उन्हें [illegible] बैंक में असिस्टेंट मैनेजर के पद पर नियुक्ति दी जाएगी। इस पद हेतु वेतन लगभग 5 लाख रुपये प्रति वर्ष निर्धारित होगा। कार्यक्रम में कॉलेज के प्रो. अमित कुमार, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. हिमांशु त्रिपाठी एवं डॉ. देवेश पाठक की गरिमामयी उपस्थिति रही। कॉलेज के प्लेसमेंट ऑफिसर डॉ रवि धनकड़ ने इस आयोजन के लिए कार्यक्रम संयोजक, छप्प्ज टीम एवं सभी सहयोगी शिक्षकों को धन्यवाद दिया तथा छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि कॉलेज से अधिक से अधिक छात्र एवं छात्राओं का प्लेसमेंट कराना हमारा निरन्तर प्रयास रहेगा, इसके लिए लगातार कंपनियों से संपर्क किया जा रहा है।

## मंदिर के दर्शन सुखद : अलका

**बिजनौर।** अग्रवाल प्रशिक्षण एवं समाज सेवा संस्थान के सदस्यों द्वारा गागन नदी के किनारे हाजीपुर गांव में स्थित मंदिर के दर्शन सुखद एवं ऊर्जावान रहे। कुसुमलता अग्रवाल ने कहा कि कोतवाली ब्लॉक में अकबराबाद के पास जो मंदिर है वह बहुत शांतिप्रिय इलाके में है, जहां जाकर हमें बहुत अच्छा लगा। उन्होंने कहा हमें प्रत्येक सप्ताह में किसी न किसी मंदिर के दर्शन अवश्य करना चाहिए। श्रीमती अलका अग्रवाल ने कहा कि यहां पर आकर बहुत अच्छा लग रहा है।

# मुस्लिम फंड ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी मुस्लिम फंड रजिस्टर्ड की ग्राम भोजपुर शाखा द्वारा मंगलवार को कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान दर्जनों जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मुस्लिम फंड कमेटी के अध्यक्ष साईम राजा ने कहा कि मुस्लिम फंड द्वारा किरतपुर, चांदपुर, झालू, हल्दौर, राहु खेड़ी एवं भोजपुर क्षेत्रों में कुल 600 जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य यह है कि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति ठंड के मौसम में परेशान न रहे।

उन्होंने बताया कि मुस्लिम फंड कमेटी गरीब एवं जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए निरंतर कार्य कर रही है। संस्था द्वारा विधवाओं को पेंशन दी जाती है तथा समय-समय पर सामा. जिक व राष्ट्रीय कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाता है। इस अवसर पर उन्होंने भोजपुर शाखा के मैनेजर शाहब अथर उर्फ कल्लू खां के कार्यों की सराहना की।

कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप चौहान, रालोद नेता कल्लू सारंग, नसीम अर्शी, एजाज खान, मुंशी हसीनुद्दीन, रूद्रेश राजपूत, राकेश कुमार, शमशाद हुसैन, यामीन अंसारी, प्रधान बीरबल, वाजिद प्रधान सहित अन्य गणमान्य लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए। कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। अंत में कार्यक्रम के संचालक शाहब अथर उर्फ कल्लू खां ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ सपा नेता शेख जाहिद हुसैन ने किया।

# आरजेपी में चौधरी चरण सिंह की जयंती मनाई

## प्रधानाचार्य व समस्त स्टाफ ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज में विद्यालय के प्रबंधक उदयन वीरा के निर्देशन में किसानों के मसीहा, भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की 123वीं जयंती प्रधानाचार्य कैप्टन बिशन की अध्यक्षता एवं मनोज कुमार यादव के संचालन में मनाई गई।

कार्यक्रम का आरंभ प्रधानाचार्य समस्त स्टाफ एवं छात्रों द्वारा उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य कैप्टन बिशन लाल ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने हमेशा किसानों एवं मजदूरों की आर्थिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक स्थिति में सुधार लाने के लिए अनेक कार्य किए जैसे उत्तर प्रदेश में भूमि सुधार विशेषकर जमींदारी उन्मूलन और भूमि सुधार अधिनियम 1951 को लागू कराना, किसानों को सशक्त बनाना, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देना तथा नाबार्ड की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना शामिल रहे। उनके कार्यों से यह लोगों हमेशा ऋणी रहेंगे और उनका स्मरण करते रहेंगे।

इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य गयूर आसिफ, जिला विज्ञान समन्वयक सुधांशु वत्स, डीओसी स्काउट चंद्रहास सिंह, बालेश कुमार, नरेंद्र सिंह, सुधीर कुमार राजपूत, सुभाष बाबू राजपूत, बृजेश कुमार राजपूत, अतुल कुमार रस्तोगी, करन वीर सिंह, भूपेंद्र पाल सिंह, विनोद कुमार यादव, प्रदीप कुमार सिंह, तेजपाल सिंह, अलका रानी, रश्मि चौहान, छवि गर्ग, कुमुद गुप्ता, मौहम्मद अनस, वाजिद हुसैन, जय प्रकाश पटेल, नरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# महंगे इलाज ने कैंसर को बनाया आर्थिक संकट



## मरीज से पहले टूट रहा परिवार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों सहित पूरे प्रदेश में कैंसर पीड़ितों के इलाज पर आने वाला भारी खर्च गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए गंभीर आर्थिक संकट बनता जा रहा है।

समाजसेवियों बुद्धिजीवियों और जनप्रतिनिधियों का कहना है कि कैंसर अब केवल एक बीमारी नहीं रहा, बल्कि यह ऐसा संकट बन चुका है जो मरीज के साथ साथ पूरे परिवार को अंदर से तोड़ देता है। इलाज के नाम पर होने वाला बेहिसाब खर्च परिवारों को कर्ज, तंगी और मानसिक तनाव की गहरी खाई में धकेल रहा है।

डा. एन.डी. हाशमी ने इसे राष्ट्रीय स्तर की आपात स्वास्थ्य समस्या बताते हुए कहा कि सरकार को कैंसर की दवाइयों की कीमतों पर सख्त नियंत्रण करना चाहिए और सरकारी अस्पतालों में आधुनिक कैंसर उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए, तभी आम जनता को राहत मिल सकेगी।

वरिष्ठ समाजसेवी डा. मनोज वर्मा ने कहा कि कैंसर से लड़ाई में जागरूकता नियमित जांच और शुरुआती इलाज सबसे प्रभावी हथियार हैं। सरकार को गांव-गांव तक जांच शिविर लगाकर प्राथमिक स्तर पर सुविधाएं उपलब्ध करानी चाहिए, जिससे बीमारी को समय रहते नियंत्रित किया जा सके।

पत्रकार इकबाल अंसारी ने चिंता जताते हुए कहा कि कैंसर से जूझ रहे मरीज से ज्यादा पीड़ा उसका परिवार झेलता है। इलाज के लिए जमीन, मकान और गहने तक बेचने पड़ते हैं। इसके बावजूद कई बार मरीज को बचा पाना संभव नहीं हो पाता, जिससे परिवार आर्थिक और मानसिक रूप से टूट जाता है।

नासिर उर्फ आदिल चौधरी ने कहा कि कैंसर का इलाज बड़े शहरों तक सीमित होता जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को मजबूरी में निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ता है, जिससे इलाज का खर्च कई गुना बढ़ जाता है। यदि स्थानीय सरकारी अस्पतालों में ही इलाज उपलब्ध हो जाए तो बड़ी राहत मिल सकती है।

आलोक अग्रवाल ने कहा कि कैंसर के इलाज के चलते कई परिवार जीवन भर के कर्ज में डूब जाते हैं। बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है और पूरे परिवार का भविष्य अंधकार में चला जाता है। सरकार को गरीब और मध्यम वर्ग के लिए विशेष सहायता योजनाएं बनानी चाहिए।

नजीबुल हसन ने मांग की कि कैंसर पीड़ितों के लिए अलग स्वास्थ्य बीमा योजना बनाई जाए और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं का दायरा बढ़ाया जाए ताकि हर वर्ग को सम्मानजनक और सुलभ इलाज मिल सके।

समाज के जागरूक लोगों ने सरकार से मांग की है कि इस गंभीर समस्या को नजरअंदाज न किया जाए और कैंसर इलाज को सस्ता सुलभ और समय पर उपलब्ध कराने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं ताकि मरीज के साथ-साथ उसका परिवार भी टूटने से बच सके।

# जिले के खिलाड़ियों का कमाल, एसपी ने किया सम्मान



शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में डा.. भीमराव आंबेडकर स्टेडियम में आयोजित 69वीं नेशनल कुराश प्रतियोगिता में जिले की होनहार बेटियों ने शानदार प्रदर्शन कर इतिहास रच दिया। मेडल जीतकर लौटे खिलाड़ियों और उनके कोच को मंगलवार को एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने अपने कार्यालय में सम्मानित कर हौसला बढ़ाया। त्यागी स्पोर्ट्स स्कूल कन्या गुरूकुल की खिलाड़ी आयुषी सागर ने अंडर-14 वर्ग में जबरदस्त खेल दिखाते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया। वहीं तराना जहां ने पैर में चोट के बावजूद हिम्मत नहीं हारी और अंडर-19 वर्ग में सिल्वर मेडल जीतकर सबको प्रेरित किया। 16 से 20 दिसंबर तक चली इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में आयुषी सागर ने 48 किलोग्राम प्लस भार वर्ग में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए सभी प्रतिद्वंद्वियों को मात दी। कक्षा 9 की छात्र आयुषी, बसंती देवी इंटर कॉलेज रुस्तमपुर न्यावली में पढ़ती हैं और मुरादाबाद जिले के असालतपुर गांव की रहने वाली हैं। वहीं चंदावली इंटर कॉलेज की कक्षा 12 की छात्र तराना जहां ने अंडर-19 वर्ग में शानदार प्रदर्शन कर सिल्वर मेडल हासिल किया। इसके अलावा अझरा गांव निवासी जूनियर खिलाड़ी माधव ने छत्तीसगढ़ में आयोजित नेशनल कुराश प्रतियोगिता में पांचवां स्थान प्राप्त कर जिले का मान बढ़ाया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर माधयमिक स्कूल गेम फेडरेशन के पदाधिकारियों ने खुशी जताई और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने कोच आर्य भोले सिंह त्यागी, आयुषी सागर, तराना जहां और माधव को सम्मानित किया।

# दो लाख के बीमे पर पचास हज़ार का जुर्माना

**○ मृत्यू प्रमाण पत्र सही न बताकर देने से एसबीआई व एसआईसी ने देने से किया था इंकार, उपभोक्ता आयोग ने दिए आदेश।**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** बचत खाते पर बीमा की रकम देने से इंकार करने पर उपभोक्ता आयोग ने बीमा कम्पनी पर दो लाख के बीमा पर पचास हज़ार के जुर्माने से अधिरोपित कियां

बहजोई थाना क्षेत्र के ग्राम अतरासी निवासी रामगोपाल के भाई महिपाल का एक बचत खाता भारतीय स्टेट बैंक शाखा पवांसा में था। जिसका संचालन महिपाल द्वारा किया जाता रहा। जिस पर उसने अपने जीवन काल में केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में अपना बीमा कराया था। उसकी विगत वर्ष 20 जनवरी 2023 को मौत हो गई थी। उस बीमा में मृतक का भाई रामगोपाल नामित था। जिस कारण उसने बीमा धनराशि की मांग बैंक से की और सभी औपचारिकताये पूर्ण की परन्तु भारतीय स्टेट बैंक लाइफ इंश्योरेंस कम्पनी ने उसकी बीमा धनराशि मृत्यु प्रमाण पत्र को सही न होने की बात कह कर देने से इंकार कर दिया। तब उनकी ओर से जिला उपभोक्ता आयोग में परिवाद दर्ज किया गया। जहां उसकी ओर से पैरवी करते हुए उपभोक्ता मामलों के विशेषज्ञ अधिवक्ता लवमोहन वार्ष्णेय ने आयोग को अवगत कराया कि बीमा पॉलिसी के अंतर्गत देय बीमा धनराशि रुपए दो लाख अदा न करने पड़े। इसी कारण झूठे व मनगढ़ंत आरोप बीमा कंपनी द्वारा लगाए जा रहे हैं। वादी द्वारा प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण पत्र सरकार द्वारा जारी किया गया है जिसको उसकी वेबसाइड पर जा कर देखा जा सकता है और यदि वादी के भाई की मृत्यु नहीं हुई है तो बीमा कम्पनी वादी के भाई को लाकर दे। आयोग ने दोनों पक्षों को सुना और अपना निर्णय देते हुए बीमा कंपनी को आदेशित किया कि विपक्षी संख्या 2 एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड को आदेशित किया जाता है कि वह परिवादी रामगोपाल को बीमा धनराशि मुबलिग 200000 दो लाख रुपए उस पर परिवाद संस्थान की तिथि से 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित अन्दर दो माह में अदा करें। इसके अलावा विपक्षी बीमा कंपनी परिवादी को 50000 पचास हजार रुपए मानसिक कस्ट एवं आर्थिक हानि की मद में तथा 5000 बाद व्यय की मद में भी अदा करेगी।

## ग्राम प्रधान की शिकायत पर तीन हिरासत में लिए

**सम्भल।** सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। ग्राम प्रधान की शिकायत पर हिरासत में लिए गए आरोपियों को शांति भंग की आशंका में चालान कर दिया। थाना हयातनगर क्षेत्र के ग्राम मुजफ्फरपुर स्थित चपतियों की मंडिया में ग्राम प्रधान अकरम की शिकायत पर पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लिया। आरोप है कि आरोपी ग्राम प्रधान के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए सरकारी कार्य में बाधा डाल रहे थे। पुलिस ने तीनों को सिटी मजिस्ट्रेट न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हे मुचलकों के जरिए पाबंद कर छोड़ दिया।

## धूप ने किया आनंदित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** सुबह सवेरा घना कोहरा लेकिन प्रात: दस बजे निकल चटक धूप ने दिन भर आनंदित किया। धूप निकलते ही लोग भी घरों से बाहर आए और महिलाओं ने छतों पर जाकर धूप का भरपूर आनंद लिया।



गवां। जिम्मेदारी की अंदेखी से जर्जर गड्ढा मुक्त होने की राह देखती सड़क

# जिम्मेदारों की अंदेखी: कई महीनों से जर्जर पड़ी सड़क

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** शहर की मुख्य सड़क में जगह-जगह गडढे और बजरी लोगों को एक बड़ी समस्या बनी हुई है जबकि इस पर लगातार सही करने को लेकर प्रार्थना पत्र भी दिए जाते हैं।

केन्द्र व प्रदेश सरकार भले ही बारिश के बाद सड़कों की मरम्मत कराने का फरमान क्यों न दिया हो लेकिन अफसरों की कार्यशैली से उसकी मंशा परवान नहीं चढ़ सकी कस्बे के बीच से होकर गुजर रही अनूपशहर अलीगढ़ बुलंदशहर को जाने वाली मुख्य सड़क गवां विद्युत उपकेंद्र के नजदीक करीब एक किलोमीटर की जर्जर खस्ताहाल है। शहर को आने जाने वाले हजारों लोगों किसी समस्या खड़ी होती रहती है। निकलते हैं परंतु विभागीय की ओर से इस

**○ राहगीरों को हो रही है परेशानी बड़ी समस्या बनी पड़ी**

और कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। आए दिन लोग हादसे का शिकार हो रहे हैं। कई वर्षों से जर्जर सड़क में जगह जगह गहरे गडढे बने हुए है ओर धूल उड़ती है। बताया गया कि अफसर सड़कों की मरम्मत करना मुनासिब नहीं समझ रहे हैं। जिससे राहगीरों की पीड़ा खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। जर्जर सड़क समस्या पर स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने कई बार जनप्रतिनिधियों और अफसरों से इस सड़क के पुनर्निर्माण की मांग की, लेकिन उनकी मांग केवल आश्वासनों तक कागजों में धराशायी हो गई। महज वर्षा होने पर मार्ग पर कीचड़ बन जाता है। जब कीचड़ सूखता है और भारी वाहनों का आवागमन होता है तो खूब धूल उड़ती है। अनूपशहर सहित अलीगढ़ बुलंदशहर आदि मार्ग के साथ अन्य शहरों को जोड़ती है। लोगों ने विभागीय के अधिकारियों से सड़क की मांग को लेकर गुहार लगाई है की सड़क का जल्दी निर्माण होना जरूरी है।

# बांगलादेश में दीपदाश की नृशंस हत्या पर उबाल

**○विहिप कार्यकर्ताओं ने दी चेतावनी व पुतला फूंका**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के व्यक्ति को पेड़ से लटकाकर नृशंसा हत्या पर रोष बाहर आ गया। सनातनी की हत्या से उबले लोगो ने इसकी निंदा की और मानवता को शर्मासार करने पर बांगलादेश को औकात में रहने और भयंकर स्थिति के लिए विवश होने की चेतावनी दी।

विहिप जिलाध्यक्ष अनंत अग्रवाल ने अपने व्हाटसएप्प अकाउंट पर जारी वक्तव्य में बांगलादेश में जिहादियों द्वारा सनातनी हिन्दू दीपदाश की पेड़ से लटकाकर निरसंश हत्या मानवता को शर्मशार करने वाली घटना की कड़ी निंदा की। सनतानी की हत्या से उबले लोगों ने कहा कि भारत का अमन पसंद कोई भी भारतीय इसे स्वीकार नहीं करेगा। बांग्लादेशी सरकार का अपने नागरिकों पर कोई नियंत्रण नहीं है। भारत का सनातनी ऐसे जेहादी देशों को चेतावनी देता है कि बार बार समझाने पर भी उनके जेहादी सुधरने को तैयार नहीं हैं। बांग्लादेश तो लगातार नये नये आयाम स्थापित कर भारत को उकसा रहा है। कहा कि भारत के नागरिक पूरे जोश के साथ बांग्लादेश को औकात में रहने की चेतावनी देते हैं कि भारत का शांत ओर सोया सनातनी अब जाग चुका है, क्योंकि शांति पर बार बार कुठाराघात करना, सनातनी को ललकारना बंद करो वरना परिणाम देख चुके हो। जिहादियों ओर जिहादी प्रवृर्ति के देशों को आगे भी कहीं इससे भी भयंकर स्तिथि देखने के लिये विवश न होना पड़े। समय रहते पूरे विश्व को अपनी औकात में रहना सीखना होगा। वरना सक्षम भारत उनकी दिशा ओर दशा सब सुधारने को तैयार रहने की चेतावनी दी। इस दौरान विहिप कार्यकर्ताओं ने नगर शंकर चौराहे प्रदर्शन किया गया। विरोधा प्रदर्शन के चलते बांग्लादेश हाई कमीशन से पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की वहीं विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश का पुतला फूंक कर रोष जताया। जबकि गौरव प्रताप विभाग संगठन मंत्री, अनंत अग्रवाल जिला अध्यक्ष, दीपा वार्ष्णेय जिला संयोजिका, विजय चौ. जिला मंत्री, नितिन शर्मा विभाग संयोजक शक्ति, विष्णु, संतोष,राजेश, एवं सभी संगठन कार्यकर्ता मौजूद रहे।




सम्भल- शंकर चौराहे पर बांगलादेश का पुतला फूंकते विहिप कार्यकर्ता।

## कोहरा चोरों के लिए साबित हो रहा वरदान दुकान में कूमल लगाकर चोरी का प्रयास

शाह टाइम्स,संवाददाता

**कैलादेवी।** कैला देवी थाना क्षेत्र के कैला देवी चौराहे पर ही चोरों ने कूमल लगाकर चोरी का प्रयास किया, लेकिन आहट होने पर वह चोरी नहीं कर सके और फरार हो गए। सूचना पर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की है।

पवांसा निवासी हर्षित कैला देवी पर ही अपने बच्चों सहित रहता है जहां चौराहे पर उसकी एक आभूषण की तथा दूसरी कीटनाशक की दुकान है। सोमवार शाम को भी दुकान बंद करके चला गया मंगलवार सुबह आया तो कीटनाशक की दुकान में कूमल लगा हुआ था, लेकिन समान कोई चोरी नहीं हुआ था। सोने चांदी के आभूषण और कीटनाशक की एक ही दीवार है, लेकिन दुकान अलग हैं। सूचना पर थाना पुलिस में मौके पर पहुंच गए और जांच पड़ताल की। मौजूद लोगों की माने तो चोरों ने कूमल लगाकर चोरी करने का प्रयास किया, लेकिन आहट होने पर वह चोरी की घटना को अंजाम नहीं दे सके और फरार हो गए।

# फर्जी अभिलेखों से जमीन का कर दिया बैनामा

**○कुठाराघात बंद नहीं करने पर दी भयंकर परिणाम की चेतावनी**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** पीड़िता ने उसकी भूमि को धोखाधड़ी और फर्जी अभिलेखों के आधार पर बेचने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीडित्रा ने मुख्यमंत्री को प्रार्थना पत्र भेजकर कार्रवाई की गुहार लगायी है।

थना हयात नगर क्षेत्र के उपनगरी सराय तरीन के मौहल्ला नवाब खेल निवासी शगुफ्ता बी पत्नी रियासत हुसैन का आरोप है कि उसकी जमीन गाटा सं. 47 रकबा 0.083 हैक्टेयर नवाब खेल में स्थित है। यह उसकी पैतृक भूमि है। पीडि;ता का आरोप है कि उनकी भूमि किो बिना उसकी परमीशन के कथित रूप से फर्जी बैनामा कर दिया है। उसका आरोप है कि आरोपी शहबाज पुत्र इरशाद निवासी नवाब खेल ने कूट रचित अभिलेखों के आधार पर जमीन को बेच दिया। जबकि उसका जमीन पर कोई कानूनी अधिण्कार नहीं था। आरोप है हिक फर्जी अभिलेखों के जरिये जमीन को दिल्ली के दो लोग फुरकान अली पुत्र मुख्तार अली, तौसीफ मंजिल गली नं. 5 जामिया नगर नई दिल्ली व नाजिम पुत्र जाफिर निवासी कासिमजान बस्ती चॉदनी चौक दिल्ली कोबेचा गया है। पीडित्र का यह भी आरोप है कि जब उसने जमीन बेचने का विरोध किया तो उसे व उसके परिवार को जान सेमारने की धमकी दी गई। आरोपियों ने जमीन को अपने नाम दर्ज कराने की भी धमकी दी। पीड़िता ने मुख्यमंत्री से फर्जी बैनामा को तत्काल निरस्त कराने और जमीन पर किसी प्रकार का नामांतरण रोककर आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई कर उसे व उसके परिवार को सुरक्षा देने की मांग की है।

## एक नज़र इधर भी




बबराला-विद्याकुंज में खेल प्रतियोगिता के विजयी को सम्मानित करते।

## खेल की जीवन में महत्वपूर्ण उपयोगिता

**बबराला( शाह टाइम्स संवाददाता )।** नगर के विद्याकुंज इन्टरनेशनल स्कूल में आज तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का समापन किया गया।इस मोके पर विद्यालय प्रबंधक अतुल गोयल, कपिल गोयल, कार्तिक गोयल ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। सर्वप्रथम ग्रुप ए कक्षा 1से रिंग रेस में प्रथम स्थान पर मुकुल द्वितीय स्थान पर नक्षिता तृतीय स्थान पर विश्वनाथ विजेता रहे। वही कक्षा 2 से 100 मीटर रेस में प्रथम स्थान पर आर्यन यादव द्वितीय स्थान पर पार्थ यादव तथा तृतीय स्थान पर युगल विजेता रहे। उसके बाद ग्रुप बी में लांग जंप में प्रथम स्थान पर हिमांशु द्वितीय स्थान पर प्रशांत यादव तृतीय स्थान पर पुलकित विजेता रहे। ग्रुप सी में लांग जंप में प्रथम स्थान पर अभय द्वितीय स्थान परअभिषेक तृतीय स्थान पर समर विजेता रहे। ग्रुप सी से शक्ट पुट में प्रथम स्थान पर अभय द्वितीय स्थान पर दुष्यंत तृतीय स्थान पर अभिषेक विजय रहे। डिसकस गेम में में प्रथम स्थान पर दुष्यंत द्वितीय स्थान अभिषेक तृतीय स्थान पर प्रिंस विजय रहे। इस अवसर पर विनीता अग्रवाल सोनल शर्मा, श्वेता वार्ष्णेय, रुचि वार्ष्णेय श्वेता गुप्ता, नव्या गुप्ता अंजलि, मीनाक्षी मिनोचा, कुमकुम, वर्तिका, समीक्षा, मीनाक्षी यादव, मीनल, रीता कमल, खदीजा शवनाज, रितुपर्णा अमित, मोहित आदि उपस्थित रहे।

# मिट्टी के अवैध खनन में आधा दर्जन टैक्टर-ट्राली सीज

**○खनन निरीक्षक ने सुबह सवेरे चलाया चेकिंग अभियान, अवैध खनन करने वालों को दी चेतावनी**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** डीएम की सख्ती पर सुबह सवेरे अवैध खनन के खिलाफ चले अभियान में खान निरीक्षक ने अवैध रूप से मिटटी का खनन में लिप्त ट्रैक्टर-ट्रॉली को सीज किया और मौके पर ही जुर्माने से अधिरोपित कर वसूल किया।

असमोली थाना क्षेत्र में अवैध मिटटी के खनन में संलिप्तों के खिलाफ खनन निरीक्षक शिवम कुंमार ने सुबह सवेरे चैकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान मढ़न पुलिस चौकी थाना असमोली क्षेत्र में अवैध मिटटी के खानन में संलिप्त 6 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को सीज किया गया। इसके अलावा मंसूरपुर माफी पुलिस चौकी, थाना असमोली क्षेत्र से अवैध मिटटी खनन में लिप्त 1 ट्रैक्टर-ट्रॉली को सीज किया गया। साथ ही, उप खनिज का परिवहन कर रहे 1 डम्पर का चालान किया गया तथा नियमानुसार जुर्माना मौके पर ही वसूल किया। डीएम के निर्देशों पर चली कार्रवाइ से अवेध खनन करने वालों में हड़कम्प मच गया। खानन निरीक्षक ने कहा कि जनपद प्रशासन अवैध खनन के विरुद्व कठोर कार्यवाही के लिए प्रतिबद्व है तथा भविष्य में भी इस प्रकार के प्रवर्तन अभियान जारी रहेंगे

## डिफाल्टर संदर्भ पोर्टल पर नहीं दिखने के निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट तथा अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा की अध्यक्षता में आईजीआरएस की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के अन्तर्गत डिफाल्टर संदर्भ को लेकर चर्चा की गयी एवं संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि कोई भी डिफाल्टर संदर्भ पोर्टल पर न दिखने के निर्देश दिए। विभिन्न विभागों के लंबित सन्दर्भो पर चर्चा की गयी। अपर जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि लंबित सन्दर्भों की समय से आख्या देना सुनिश्चित करें तथा संदर्भ समय से निस्तारित हों तथा शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।संतोषजनक एवं असंतोषजनक फीडबैक को लेकर भी चर्चा की गयी।

# भारत के महान राष्ट्रभक्त व सन्यासियों में अग्रणी थी स्वामी जी

**○ श्रद्धा व समर्पण के साथ मना स्वामी श्रद्धानंद का बलिदान दिवस**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** दयानंद बाल मंदिर जूनियर हाई स्कूल में स्वामी श्रृद्वानंद जी के बलिदान दिवस छात्रों और शिक्षकों व आर्य समाजियों ने श्रृद्वा और सर्मपण के साथ मनाया।

विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी श्रृद्वानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रृद्वांजलि दी। कार्यक्रम में स्वामी श्रृद्वानंद जी के समर्पण और बलिदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि साहू विजयपाल सरन ने ने स्वामी जी के महान कार्यों और समाज सुधार के प्रति उनके दृढ़ संकल्प को प्रभावी ढंग से चित्रित किया। आर्य समाज के प्रधान सुशील कुमार भगत जी ने कहा कि स्वामी श्रृद्वानंद जी का जीवन त्याग, सेवा और समर्पण का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि स्वामी जी के आदर्श हमें सत्य, नैतिकता और समाज सेवा के मार्ग पर चलने की शिक्षा देते हैं। उन्होंने कहा कि स्वामी जी के बलिदान से हमें यह सीख मिलती है कि समाज की उन्नति के लिए नि:स्वार्थ भाव से कार्य करना आवश्यक है। इस मौके पर प्रधानाचार्य जे पी शर्मा,कमलेश कुमार, संजीव आर्य भारद्वाज, संजय सिंह, महिला प्रधान विनोद बाला रस्तोगी, अरविंद सक्सैना एड., आचार्य दीपक व वीरेन्द्र आर्य, दीपेन्द्र आर्य आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम के समापन पर प्रसाद का वितरण कर भोज कराया गया।



सम्भल। दयानंद बाल मंदिर में श्रद्धानंद बलिदान दिवस पर बोलते।



बबराला। डीएवी में श्रद्धानंद जी बलिदान दिवस पर हवन करते।

## श्रद्धानंद जी का बलिदान राष्ट्र चेतना का संदेश

**बबराला ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** डीएवी फर्टिलाइजर पब्लिक स्कूल, बबराला में 23 दिसंबर को श्रृद्वानंद बलिदान दिवस श्रृद्वा एवं गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य आनन्द स्वरूप सारस्वत द्वारा स्वामी श्रृद्वानंद के छायाचित्र पर पुष्पार्पण एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन कर किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य आनन्द स्वरूप सारस्वत ने श्रृद्वानंद जी के त्याग और बलिदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अपनी संस्कृति, अस्मिता और नैतिक मूल्यों की पहचान ही सशक्त समाज का आधार है। उन्होंने निस्वार्थ भाव से समाज के प्रति योगदान और महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेने पर बल दिया। कार्यक्रम का समापन शांति प्रार्थना के साथ हुआ। विद्यालय परिसर में अनुशासन, श्रृद्वा एवं राष्ट्रचेतना का वातावरण व्याप्त रहा।









# चौधरी चरण सिंह ने दिए किसानों को अधिकार

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** पूर्व प्रधानमंत्री एवं किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह को जयंती पर राजनैतिक दलों, समाजिक संगठनों और किसान संगठनों ने याद किया और प्रतिमा पर श्रृद्वा सुमन अर्पित कर किसान दिवस के रूप में जन्म दिन मनाया।

भारतीय किसान यूनियन (असली) अराजनैतिक के कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौ. चरण सिंह की जयन्ती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रृद्व सुमन अर्पित किये। इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन (असली) के युवा जिलाध्यक्ष चौ. अर्जुन सिंह ने कहा चौधरी साहब ने किसानों को भूमिधरी का अधिकार दिलाया उनका जीवन सादगीपूर्ण था और वह ईमानदारी की मशाल थे। जिलाधयक्ष राजपाल सिंह यादव ने हुए कहा कि देश की खुशहाली का रास्ता खेत और खलिहान से होकर गुजरता है। चौधरी साहब के इस नारे की सार्थकता कोरोना काल में सिद्व हो चुकी है। आज देश की खुशहाली का रास्ता कार्पोरेट गलियारे से होकर देखा जा रहा है। लेकिन देश के कृषि व्यवसाय को किसानों से छीनकर सत्तारूढ सरकार कार्पोरेट जगत के हवाले करना चाहती है।इस अवसर पर दिलशाद हुसैन, मौ. सुलेमान, चौ. समरपाल सिंह, राजवीर सिंह, भारत सिंह, मनवीर सिंह आदि उपस्थित रहे। भारत रत्न किसानों के मसीहा चौ. चरण के जन्म दिन पर जाट समाज समाज व सर्वसमाज कह ओर से चौधरी चरण पार्क स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और एक दूसरे को मिष्ठान का वितरण कर खुशी जतायी।इस दौरान जाट समाज के अध्यक्ष अजय सिंह गिल ने कहा कि चौधरी साहब का जन्म एक किसान परिवार में हुआ था। इसलिए उन्होनले किसानों के हित में अपने पूरे जीवन संर्घष किया। संर्घष समिति के अध्यक्ष विजयपाल सिंह ने कहा कि चौधरी साहब बहुत ही अर्थशस्त्री भी थे। उन्होने अर्शािस्त्र पर कई पुस्तकें भी लिखीं। डा. वीपी सिंह ने कहा कि चौधरी साहब ने किसानों को अपने हितों के लिए लड़ना सिखाया। रवि सिंह एड. ने कहा कि चौधरी साहब ने जमींदारी विनाश कानून लाकर गरीब किसान मजदूरों के हित में बहुत बड़ा काम किया। इस अवसर पर गजेन्द्र सिंह डीजीसी, अजयवीर सिंह, मनीष सिंह, नरेश सिंह, प्रहलाद सिंह, एड. अनुज चौधरी, चौ. धमेन्द्र सिंह, महीपाल सिंह, भूप सिंह, अरविंद सिंह एड. आदि मौजूद रहे। सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष फिरोज खां ने अपने निज कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में चौधरी चरण सिंह के चित्र पर माल्यार्पण किया और एवं जरूरत मंदो को लिहाफ वितरण किये। इस दौरान उन्होने कहा कि चौधरी चरण सिंह किसानों नोजवानो दलितों पिछड़ो अल्पसंख्यकों सहित सभी जातियो के नेता थे। बबराला में भाकियू असली ने गुन्नौर तहसील में मंगलवार को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह की जयंती मनायी गयी।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरी पत्नी नगमा परवीन के हाई स्कूल व इण्टर की मार्कशीट व मेरी पुत्री माइशा का जन्म प्रमाण पत्र कहीं रास्ते में गिर गए हैं। जिस किसी को मिले इस पते पर पहुचाने की कृपा करें।

**उवैस अहमद पुत्र शेख अब्दुल शमी,** निवासी मौहल्ला मियाजीमौखा, कोतवाली अफजलगढ़ जनपद बिजनौर।

# महानगर में पहुंची आप की 'वोट बचाओ, संविधान बचाओ' पदयात्रा, सरकार पर बरसे राज्यसभा सांसद संजय सिंह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आम आदमी पार्टी की ओर से निकाली जा रही 'वोट बचाओ, संविधान बचाओ' पदयात्रा मंगलवार को मुरादाबाद के सिविल लाइंस क्षेत्र स्थित अंबेडकर पार्क पहुंची, जहां कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने राज्यसभा सांसद संजय सिंह के नेतृत्व में पहुंची पदयात्रा का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान बड़ी संख्या में आप कार्यकर्ता, पदाधिकारी और स्थानीय लोग मौजूद रहे।सभा को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने उत्तर प्रदेश की योगी सरकार और केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि इस पदयात्रा का मुख्य उद्देश्य उत्तर प्रदेश और केंद्र सरकार द्वारा एसआईआर (ैप्) के नाम पर की जा रही वोट कटौती को रोकना और जनता के लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा करना है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकारें योजनाबद्ध तरीके से आम लोगों के वोट काट रही हैं, जो संविधान और लोकतंत्र दोनों के लिए खतरा है।संजय सिंह ने कहा कि वोटों की खुलेआम चोरी हो रही है और इसे सीना ठोककर अंजाम दिया जा रहा है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि बिहार में जब एसआईआर की प्रक्रिया शुरू हुई तो चुनाव आयोग ने भाजपा को पहले ही जीत का प्रमाण पत्र दे दिया। उन्होंने दावा किया कि उत्तर प्रदेश में भी 3 से 4 करोड़ वोट काटे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग को एसआईआर लागू करने का अधिकार ही नहीं है और खास वर्गों को निशाना बनाकर उनके वोट हटाए जा रहे हैं।उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि अपने मताधिकार को बचाने के लिए लोगों को सड़कों पर उतरना होगा, क्योंकि इसके अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है। यह पदयात्रा रामपुर से शुरू होकर मुरादाबाद होते हुए अमरोहा पहुंचेगी।

जहां इसका समापन होगा। आप नेताओं ने कहा कि यह आंदोलन संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए जारी रहेगा।




# विधायक ने विधानसभा में वंदे मातरम पर वक्तव्य देकर बदहाल शिक्षा व्यवस्था पर उठाए सवाल

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** क्षेत्रीय विधायक कमाल अख्तर ने आज विधानसभा में वंदे मातरम पर अपना वक्तव्य देते हुए प्रदेश की बदहाल शिक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए उन्होंने कहा कि वंदे मातरम देश का राष्ट्रीय गीत है और इसका सम्मान सभी देशवासियों द्वारा किया जाता है लेकिन किसी भी नागरिक पर जबरन कुछ थोपना न तो संविधान सम्मत है और ना ही लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप उन्होंने कहा कि वतन से मोहब्बत करना मुसलमान के इमान का हिस्सा है और सभी नागरिकों को संविधान धार्मिक विश्वासों के अनुसार आचरण करने की पूर्ण आजादी देता है।

उन्होंने बताया कि देश की आजादी और निर्माण में अशफाक उल्ला खान मौलाना अबुल कलाम आजाद मौलाना मोहम्मद अली जौहर डॉक्टर जाकिर हुसैन सहित अनेको मुसलमानो ने ऐतिहासिक कुर्बानी दी है। इसलिए किसी समुदाय की देशभक्ति पर सवाल उठाना निंदनीय है उन्होंने बदहाल शिक्षा को लेकर भी सरकार पर आरोप लगाए और कहा कि बच्चों को अच्छी शिक्षा मिलना उनका अधिकार है लेकिन हकीकत है कि निजी स्कूल मनमाने ढंग से एडमिशन ले रहे हैं और मनमानी फीस वसूल रहे हैं ड्रेस, बस किताबों के नाम पर अलग-अलग शुल्क वसूले जा रहे हैं और किताबें एक ही तय दुकान से खरीदने की बाध्यता लगाई जाती है। उन्होंने कहा कि यह लूट कब तक चलने वाली है। उन्होंने सरकारी स्कूलों की हालत पर भी सवाल उठाए और कहा कि शिक्षकों से पढ़ाई की जगह ब्लॉक ड्यूटी पशु गणना चुनाव ड्यूटी जैसी गैर शैक्षणिक जिम्मेदारियां कराई जा रही है जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है उन्होंने शिक्षकों पर सुपर टेट जैसी परीक्षा थोपे जाने को गलत बताया और कहा कि बुजुर्ग अवस्था में यह शिक्षक और बच्चों दोनों के भविष्य के साथ अन्याय है। मुरादाबाद के पीएमएस स्कूल क्रिश्चटोन पब्लिक स्कूल सीएल गुप्ता वर्ल्ड स्कूल शिरडी सांई पब्लिक स्कूल सहित कई स्कूलों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इन स्कूलों में एडमिशन आईएएस पीसीएस जैसी परीक्षा बन गया है। और तरह-तरह के शुल्क वसूले जा रहे हैं उन्होंने सरकार से नफरत की राजनीति छोड़कर शिक्षा रोजगार और बच्चों के भविष्य जैसी मूल मुद्दों पर गंभीरता से काम किए जाने की मांग उठाई।



# अपर निदेशक स्वास्थ्य की छापेमरी से झोलाछापों में मचा हड़कंप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** झोलाछाप डॉक्टरों में इजाफा और उनके विरुद्ध कार्रवाई न होने की शिकायत शासन स्तर तक पहुं. चने पर स्वास्थ्य विभाग हरकत में आ गया। मंगलवार को अपर निदेशक स्वास्थ्य( एडी हेल्थ) ने विभागीय टीम के साथ कुंदरकी क्षेत्र में छापामारी कर अस्पताल, अल्ट्रासाउंड सेंटर और पैथलैब का निरीक्षण किया। ए डी हेल्थ की छापेमारी की जानकारी मिलते ही आस-पास के झोलाछापों में हड़कंप मच गया। कई झोलाछाप दुकानें बंद कर इर्द-गिर्द घूमने लगे, तो कई ने फोन के माध्यम से सूचना जुटानी शुरू करदी। सुबह से दोपहर तक कार्रवाई का सिलसिला चलता रहा। कुंदरकी नगर,भुर्जी वाली गली,डींगरपुर रोड और आसपास के क्षेत्र में ए डी हेल्थ की टीम जांच करती रही। जानकरी के अनुसार ए डी हेल्थ के जाने के बाद कुंदरकी चिकित्सा प्रभारी सौरभ बरता. रिया ने कार्रवाई के दौरान कुंदरकी-डींगरपुर मार्ग के निकट आरव नर्सिंग होम को सील कर दिया। बताया गया यहां अयोग्य व्यक्ति द्वारा अस्पताल संचालित किया जा रहा था। वहीं एडी हेल्थ ने कहा कि झोलाछापों और आयोग्य लोगों के चल रहे अस्पताल, क्लीनिक और लैब लोगों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। ऐसी शिकायतें लगातार मिल रही थीं, जिस पर छापामारी की गई है। जहां भी नियमों का उल्लंघन मिलेगा, सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने साफ किया कि आगे भी अभियान जारी रहेंगे

# किसान सम्मान दिवस पर पंचायत भवन में हुआ भव्य कार्यक्रम, किसानों को दी गईं योजनाओं की जानकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** भारत रत्न स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की जयंती के अवसर पर मुरादाबाद जिले में किसान सम्मान दिवस का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पंचायत भवन ग्राउंड स्थित जिगर मंच पर संपन्न हुआ। आयोजन कृषि उप निदेशक मुरादाबाद संतोष कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में तथा सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजना के अंतर्गत किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंडलायुक्त आनंजय कुमार सिंह एवं जिलाधिकारी अनुज कुमार सिंह उपस्थित रहे।

दोनों अधिकारियों ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया और किसानों से सीधे संवाद कर उन्हें उपलब्ध कराई जा रही सरकारी योजनाओं और आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी ली। अधिकारियों ने किसानों की समस्याएं भी सुनीं और उनके समाधान का आश्वासन दिया।मंच से संबोधित करते हुए अतिथियों ने भारत रत्न चौधरी चरण सिंह के किसान हितैषी योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने अपना संपूर्ण जीवन किसानों के अधिकारों, हितों और कृषि सुधारों के लिए समर्पित किया। उन्होंने किसानों से पारंपरिक खेती के साथ-साथ आधुनिक तकनीकों को अपनाने, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया।कार्यक्रम के दौरान किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, कृषि यंत्रीकरण, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, प्राकृतिक खेती तथा अन्य कृषि विकास योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। विभिन्न विभागों के स्टॉलों के माध्यम से किसानों को उन्नत बीज, उर्वरक, आधुनिक कृषि उपकरणों और तकनीकी परामर्श की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई।इस अवसर पर बड़ी संख्या में किसान, कृषि विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी, किसान संगठनों के प्रतिनिधि, प्रगतिशील किसान, आम नागरिक और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

आयोजन का उद्देश्य किसानों को सम्मानित करने के साथ-साथ उन्हें जागरूक करना और कृषि क्षेत्र में नवीन तकनीकों व सरकारी योजनाओं से जोड़ना रहा, जिसे किसानों ने सराहना के साथ स्वीकार किया।



## एक नजर

# अटल बिहारी वाजपेई जन्म शताब्दी पर एकल काव्य पाठ प्रतियोगिता आयोजित



**चन्दौसी।** मॉडल पब्लिक एजुकेशन कॉलेज चन्दौसी में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत कार्यक्रम अधिकारी बालिका वर्ग शर्मिल उपाध्याय व बालक वर्ग जयप्रकाश गौतम के नेतृत्व में पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई के जन्म शताब्दी समारोह के उपलक्ष में एकल काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। काव्य पाठ प्रतियोगिता में कॉलेज के के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जिसमें कुमारी खुशी, ज्योति शर्मा, पवन गुप्ता व कुमारी पूजा आदि ने अटलजी की कविताओं का वाचन किया जिससे महाविद्यालय का वातावरण देशभक्ति के रंग में रंग गया। इसी के साथ महाविद्यालय के अंग्रेजी के प्रवक्ता एस.डी. शर्मा ने अटल बिहारी वाजपेई की कविता 'हार नहीं मानूंगा.....' को वाचन करते हुए छात्रों के जीवन का उद्देश्य से जागरूक कराया। इसी के साथ शर्मिल उपाध्याय ने 'टूटे हुए सपने की, सुने कौन....' अटलजी की कविता का वाचन किया और सभी छात्र-छात्राएं मंत्र मुक्त हुए। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक व कर्मचारी उपस्थित रहे। साथ ही एकल काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। काव्य पाठ प्रतियोगिता में कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जिसमें कुमारी खुशी ज्योति शर्मा पवन गुप्ता व कुमारी पूजा आदि ने अटलजी की कविताओं का वाचन किया जिससे महाविद्यालय का वातावरण देशभक्ति के रंग में रंग गया। इसी के साथ महाविद्यालय के अंग्रेजी के प्रवक्ता एच.डी. शर्मा ने अटल बिहारी वाजपेई की कविता हार नहीं मानूंगा को वाचन करते हुए छात्रों के जीवन का उद्देश्य से जागरूक कराया। इसी के साथ शर्मिल उपाध्याय ने टूटे हुए सपने की सुन कौन अटलजी की कविता का वाचन किया और सभी छात्र-छात्राएं मंत्र मुक्त हुए इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जनपद न्यायालय निर्माण के लिए भूमि अधिकरण की प्रक्रिया शुरू, मंगलवार को हुआ चिन्हित भूमि का बैनामा

**चन्दौसी।** जनपद न्यायालय के निर्माण के लिए उपयुक्त भूमि की तलाश की जा रही थी, जो अब पूरी हो गई है। न्यायालय निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 18 दिसंबर 2025 को उपनिबंधक कार्यालय में न्यायालय हेतु भूमि का बैनामा किया गया। इसी क्रम में मंगलवार को भी जनपद न्यायाधीश डॉ. विदुषी सिंह ने तहसील परिसर स्थित उपनिबंधक कार्यालय पहुंचकर न्यायालय के लिए चिन्हित भूमि का बैनामा संपन्न कराया। यह प्रक्रिया जनपद में स्थायी न्यायिक ढांचे के विकास की दिशा में एक अहम उपलब्धि मानी जा रही है। बता दें कि थाना बहजोई क्षेत्र के गांव फतेहपुर शरीफनगर के किसानों पौदान सिंह, गोपाल शर्मा, श्यामसुंदर, रमेशचंद्र शर्मा, भूपसिंह, नन्नुकी, देवकीनंदन, सुमन देवी, लक्ष्मीचंद, भुवनेश कुमार, सुरेश आदि की कुल भूमि 3.4295 हे0 का बैनामा संपन्न हुआ। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी आशुतोष तिवारी, तहस. ीलदार रवि सोनकर, लेखपाल सचिन मित्तल, लेखपाल शिवओम शर्मा, राजस्व निरीक्षक अशोक कुमार सिंह, चमन, अर्दली, अजय सक्सेना, सहित अन्य तहसील एवं राजस्व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# महर्षि दयानंद के दर्शन और पत्नी के संकल्प ने मुंशीराम को श्रद्धानंद बना दिया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** महिला आर्य समाज स्टेशन रोड मुरादाबाद ने महान क्रांतिकारी, शुद्धि आन्दोलन के जनक, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के संस्थापक और मोहनदास करमचंद गांधी को महात्मा की पदवी देने वाले स्वामी श्रद्धानंद का बलिदान दिवस मनाया गया। आयोजन के प्रारंभ में पंडित वीरेंद्र आर्य ने डा अभय श्रोत्रिय -मीरा सोती, गायत्री आर्य-मथूराप्रसाद, निर्मल आर्य-प्रीता आर्य और राजेश नारंग- प्रभा नारंग की यज्ञमानी में वैदिक रीति से यज्ञ संपन्न कराया तत्पश्चात मथुरा से आमंत्रित आचार्य उदयवीर आर्य ने ईश्वरीय भक्ति, महर्षि दयानंद और देशभक्ति गीत प्रस्तुत किये। आर्य विद्वान आचार्य डा वीरपाल आर्य ने महान क्रांतिकारी स्वामी श्रद्धानंद के सम्बन्ध में बताया कि इनका प्रारंभिक नाम मुंशीराम था जो पेशे से वकील थे। बलिष्ठ शरीर मुंशीराम के पिता अंग्रेजी शासन में पुलिस में कोतवाल थे लेकिन पुत्र मुंशीराम अनेक व्यसनों से ग्रस्त होने से पिता को चिंता हुई अचानक 1876 महर्षि दयानंद सरस्वती के बरेली प्रवास में उनकी सभाओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी कोतवाल साहब को मिली, महर्षि दयानंद सरस्वती के प्रवचनों के बढ़ते प्रभाव से पिता को पुत्र में सुधार की आशा जगी ,अपने व्यक्तिगत सम्पर्क से उन्होंने मुंशीराम की भेंट महर्षि दयानंद करा। मुंशीराम में परिवर्तन की लहर दौड़ गयी उधर बीमारी से ग्रस्त पत्नी शिव देवी चल वसी , अपने जाने से पूर्व शिव देवी ने चिट्ठी लिखकर रख दी थी जो उनकी मृत्यु उपरांत उनको मिली जिसमें लिखा था कि ष्मेरी मृत्यु उपरांत आपको मुझ जैसे अनेक पत्नियां मिल सकती है लेकिन मेरे बच्चों को मुझ जैसी मां नहीं मिल सकेगीष ,इस संकल्प ने मुंशीराम को चरित्र से पतित होने बचा लिया और महर्षि दयानंद सरस्वती के आशीर्वाद से संन्यास लेकर पुनः महिला की ओर नहीं देखा और देश के महान क्रांतिकारी बने जिन्होंने देश के बच्चों में भारतीय संस्कृति शिक्षा ओतप्रोत करने के लिए 1902मे हरिद्वार में गुरूकुल कांगड़ी की स्थापना स्वयं दोनों बेटों के प्रवेश से प्रारंभ किया। दिल्ली में साइमन कमीशन के विरोध में निकल रहे विरोध प्रदर्शन को रोकने पर नागा सेना के सामने सीना तान कर खड़े हो गये। अफ्रीका में गांधी जी के सहयोग के लिये गुरुकुल से सहायता भिजवायी और जब जनवरी 1915 मे जब अफ्रीका से वापस भारत तो गुरुकुल कांगड़ी में आये तब स्वामी श्रद्धानंद ने उनको प्रथम बार महात्मा की उपाधि देकर सम्मानित किया। भारत में ईसाई व मुस्लिमो के द्वारा बड़ी संख्या में हिन्दुओं को धर्मांतरित किया गया यहां तक गांधी जी के पुत्र हीरालाल का भी मुस्लिम मत में धर्मांतरित हो गये थे ऐसे में स्वामी श्रद्धानंद ने शुद्धि आन्दोलन चलाकर लाखों हिंदुओं की वापसी करायी यहां तक कि राजा हरि सिंह ने कश्मीर में शुद्धि कराने की सहमति दे दी थी लेकिन कश्मीरी पंडित विरोध में खडे हो गये और कहा कि यदि कश्मीरियों की शुद्धि की तो हम सिन्धु नदी में डूब जायेंगे,राज हरि सिंह को शुद्धि आन्दोलन वापस लेना पड़ाआज उसका परिणाम भारत को भुगतना पड़ रहा है।

शुद्धि आन्दोलन से मुस्लिम समाज में बड़ा विरोध होने लगा था । योजना बद्ध होकर अब्दुल रशीद नामक मुस्लिम युवक ने 23दिस्मबर 1926को गोली मारकर हत्या कर दी। स्वामी श्रद्धानंद का यह बलिदान हिन्दू समाज के लिए बहुत ही बड़ी क्षति हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता ज्ञानेंद्र गांधी ने की संचालन प्रभा नारंग ने की। इस अवसर पर शन्नो गुप्ता, गायत्री आर्य सुदेश आर्य, आशा जैमिनी, चंद्रकिरण आर्य, पूनम शास्त्री,पूनम कत्याल,प्रभा सैनी,ऊषा गुप्ता, सविता सिंहल, सुनीता गुप्ता, रमेश सिंह आर्य एडवोकेट,सूर्य प्रकाश द्विवेदी, जयराम सिंह, रमाशंकर आर्य आशा गुप्ता,भारती गुप्ता,ज्योति गुप्ता,लीना रस्तौगी दिनेश चंद्र रस्तोगी यशपाल आर्य, पल्लवी गोयल लाल किशोरी शास्त्री, रामलाल आर्य, कपिल मुनि आदि उपस्थित रहे।



# एफआर इंटर कॉलेज में संस्थापक फजलुर्रहमान की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** मंगलवार को नगर के एफ. आर. इंटर कॉलेज में विद्यालय के संस्थापक फजलुर्रहमान की (बरसी) पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर उनको खराजे अकीदत पेश करते हुए कुरान ख्आनी कर उनके लिए दुआ की। कार्यक्रम में बोलते हुए प्रधानाचार्य वसीमुद्दीन ने बताया की फजलुर्रहमान उर्फ चुन्ना मियां का जन्म सन 1889 में जन्माष्टमी के दिन हुआ था।

आपके पिता केफायतुल्लाह जो एक मजदूर थे व माता सकीना बी का सर से बचपन में ही साया उठ गया था। जिसके बाद वह अपने एक रिश्तेदार के घर गांव में काम करने लगे लेकिन उन्हें यह रास ना आया और शहर वापस लौट आए। शहर में भटकते उनकी दयानीय स्थिति देखकर उनके पूर्व पड़ोसी लाल जैनेंद्र चाचा रहा करते थे, ने मदद के तौर पर उन्हें 2 रु. सहायता की जिससे उन्होंने अपना विसात खाने का व्यापार शुरू किया। अपनी मेहनत के बल पर तरक्की हासिल कर और काफी पैसा कमाया। तभी लाला से लिए गए 2 रु0 उनको वापस करने कई बार गए जिनको उन्होंने यह कहकर लेने से इनकार कर दिया कि फजलु अभी और तरक्की करो।

कुछ ही समय में चुन्ना मियां शहर के सबसे प्रथम आयकरदाताओं में शामिल सर्वसंपन्न होने के बावजूद वह अपने बीते दिनों को कभी नहीं भूले और अपने पहनावे व जीवन यापन में सादगी को नहीं छोड़ा। बरेली में आपने चुन्ना मियां का लक्ष्मी नारायण मंदिर, फजलुर रहमान इस्लामियां इंटर कॉलेज बरेली, मिशन अस्पताल का रोड, कोहड़ा पीर गुरुद्वारा साहब में बड़ा दान दिया, बरेली कॉलेज में कॉमर्स का ब्लॉक बनवाया, घोपा मंदिर का सौंदर्यकरण, दरगाह शाहदाना बली साहब के मजार का गेट का निर्माण और चंदौसी में फजलुर्रहमान इंटर कॉलेज बनवाया, रामलीला मैदान गेट फरीदपुर, दरगाह गेट बदायूं और न जाने कितने ढेर सारे उन्होंने जन सेवा के कार्य किये और 23 दिसंबर 1968 को इस दुनिया से अलविदा कह गए। कार्यक्रम में अशफाक भारती एड0, हाफिज मोहम्मद तौफीक, मोहम्मद हनीफ, हाजी वाहिद हुसैन, अब्दुल जाहिद, वाजिद अली, माज खान, कमरुद्दीन, अकील अहमद, निसार अहमद, महजबी, नाहींद जमाल, सलमान अहमद, अकील अहमद, एजाज अहमद, रोशन सलीम, जावेद आलम, शबाव अली, इकराम वेग, पंकज बहुखंडी, नजमा, शबनूर, मौहम्मद नाजिर, जुबैर आदि मौजूद रहे।

# अखिल भारतीय अम्बेडकर संघ के चुनाव में महेंद्र पाल सिंह अध्यक्ष, डॉ. हरनंदन प्रसाद बने महामंत्री




**मुरादाबाद।** अखिल भारतीय अम्बेडकर संघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का त्रिवर्षीय चुनाव डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क, सिविल लाइंस में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। चुनाव परिणामों के अनुसार महेंद्र पाल सिंह को राष्ट्रीय अध्यक्ष, डॉ. हरनंदन प्रसाद को राष्ट्रीय महामंत्री एवं मलखान सिंह को राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित किया गया।नव निर्वाचित पदाधिकारियों में ओ.पी. सागर को राष्ट्रीय उपमहामंत्री, नेतराम सिंह, परमाल सिंह, मुन्नालाल, भयंकर सिंह एवं विजयपाल सिंह को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चुना गया। राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री के रूप में इंद्रजीत सिंह, सतपाल सिंह बादल, प्रदीप कुमार, जितेंद्र कुमार जौली एवं योगराज सिंह को जिम्मेदारी सौंपी गई। राष्ट्रीय संगठन एवं प्रचार मंत्री पद पर रणवीर सिंह, विनीत कुमार, सत्यप्रकाश, सुनील कुमार एवं अमित कुमार निर्वाचित हुए। नव निर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह 4 जनवरी को डॉ. अम्बेडकर पार्क सिविल लाइंस में आयोजित किया जाएगा। मुख्य चुनाव अधिकारी एडवोकेट आदित्य कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

# चीनी मिल ने भेजा 8 से 10 दिसम्बर का भुगतान

**बिलारी ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** लक्ष्मी जी शुगर मिल ने 8 दिसंबर से 11 दिसंबर तक का 4 दिन का भुगतान 5 करोड़ 85 लाख रुपए किसानों के खाते में भेज दिया। गन्ना समिति के सचिव आर सी पाठक ने बताया कि 5 करोड़ 83 लाख रुपए का भुगतान भेजा गया है। चीनी मिल द्वारा लगातार भुगतान आ रहा है। बाइस प्रेसिडेंट सुभाष खोखर ने बताया कि किसानों को भुगतान लगातार भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि साफ सुथरी आपूर्ति चीनी मिल को सप्लाई करें।

# अल्फाज अपने फाउंडेशन ने किया ओपन माइक कार्यक्रम

**चन्दौसी।** साहित्य, संगीत और रचनात्मक अभिव्यक्ति को समर्पित अल्फाज अपने फाउंडेशन द्वारा मुरादाबाद में एक ओपन माइक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गीतांजलि पांडेय, रवि यदुवंशी, कमल गोला एवं राघव रस्तोगी द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम का संयुक्त संचालन आकृति सिन्हा एवं अमर सक्सैना ने प्रभावशाली ढंग से किया, जबकि कार्यक्रम के अंत में अभिव्यक्ति ने सभी अतिथियों, कलाकारों एवं उपस्थितजनों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस साहित्यिक संध्या में शहर के अनेक गणमान्य एवं साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे, जिनमें गुरबिंदर सिंह, राजीव प्रखर, नीतू सक्सैना, नीरज सैनी, अब्दुल मन्नान, सृष्टि अधिकारी, राजेश, उल्फत, नेपाल सिंह पाल सहित अन्य सम्मानित अतिथि शामिल रहे।

कार्यक्रम स्थल के रूप में सहयोग देने हेतु ललित सैनी की उपस्थिति भी उल्लेखनीय रही। इसके साथ ही अल्फाज अपने फाउंडेशन की पूरी टीम ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में नवांकुर कलाकारों ने मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसके अतिरिक्त अन्य सभी कलाकारों ने कविता और शायरी के माध्यम से समाज, जीवन और भावनाओं को प्रभावशाली रूप में प्रस्तुत किया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के आयोजनों का उद्देश्य नवोदित कलाकारों को मंच प्रदान करना तथा साहित्य और कला के माध्यम से समाज में सकारात्मक संवाद को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम की सफलता ने यह सिद्ध कर दिया कि मुरादाबाद में साहित्य और कला के प्रति गहरी रुचि और समृद्ध संभावनाएँ मौजूद हैं।


## कार्यालय ग्राम पंचायत अक्का भीकनपुर, वि० ख० मुरादाबाद ( मुरादाबाद )

पंत्राक: मीमो/ग्रा0पं0/निविदा/2025-26 दिनांक 23.12.2025

### अल्पकालीन निविदा सूचना

ग्राम पंचायत अक्का भीकनपुर विकास खण्ड मुरादाबाद (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक में पारित कार्य योजना के सापेक्ष पंचम राज्य वित्त / 15 वां वित्त योजनान्तर्गत मे निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। सामाग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक पंजीकृत आपूर्ति कर्ता दिनांक 31.12.25 को 12:30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाये अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय मे अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/ व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ एफ0डी0आर0 आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाये अद्योहस्ताक्षरी के गाम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाये स्वीकृत / अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदायें ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 31.12.25 की अपरान्ह 3:30 बजे खोली जायेंगी।

| क्र० सं० | कार्य तथा स्थल का नाम | कार्य की ल० मी० में | सामग्री की अनुमानित लागत ( रू० लाख में ) | निविदा मूल्य | जमानत राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मैन रोड से जुल्फेकार के घर तक नाली एवं सी0सी0 टाईल्स कार्य | 70 मी0 | 352556 | 500 | 2% | 3 माह |
| 2 | मैन रोड से कलुआ के घर तक नाली एवं सी0सी0 टाईल्स कार्य | 106 मी0 | 371180 | 500 | 2% | 3 माह |

**प्रतिबन्ध/शर्तें:-**

1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी0एस0टी0 नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा।
2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास होगा। सशर्त या अपूर्ण निविदायें किसी भी दशा मान्य नही होगा।
3. आपूर्ति की जाने वाली सामग्री - **ईट, बजरी, बजरफुट, सीमेंट, रोड़ा, लोहा, रेता आदि।**

**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत अक्का भीकनपुर**
**वि० ख० मुरादाबाद, मुरादाबाद**

**सचिव/ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत अक्का भीकनपुर**
**वि० ख० मुरादाबाद, मुरादाबाद**



हेतु संर्दिशत करने की सूचना
(साधारण प्रारूप)

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( जू०डि० ) महोदय, मुरादाबाद।**

**इजरा संख्या :** 01/2025

**तारीख पेशी:** 02.01.2026

**देवांशू विश्नोई बनाम हरवती**

देवांशु विश्नोई पुत्र वीर सिंह निवासी ग्राम महमूदपुर माफी, तहसील कांठ, मुरादाबाद।

**बनाम**

हरवती पत्नी ऋषिपाल सिंह निवासी ग्राम महमूद कलमी तहसील कांठ, जिला मुरादाबाद।

चूंकि उपरिनामांकित **वादी** के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2026 के माह 01 के दिवस 02 को 10.00 बजे पूर्वान्हि अथवा बंधक रूपये अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के माह 12 के दिवस 22 को निकाली गयी है।

**मुन्सरिम**
**न्यायालय सिविल जज ( जू०डि० ), मुरादाबाद।**

# कटघर थाना क्षेत्र रामपुर रोड पर घने कोहरे के चलते दो ट्रक भिड़े, कई घंटों तक यातायात रहा बाधित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के कटघर थाना क्षेत्र रामपुर रोड पर मंगलवार सुबह तड़के घने कोहरे के कारण बड़ा सड़क हादसा हो गया। कम दृश्यता की वजह से दो ट्रक अनियंत्रित होकर आपस में भिड़ गए और सड़क के डिवाइडर से जा टकराए।

हादसे के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई और यातायात काफी देर तक बाधित रहा।हादसे का एक लाइव वीडियो भी सामने आया है, जिसमें साफ देखा जा सकता है कि एक ट्रक डिवाइडर पर चढ़ा हुआ है, जबकि पीछे से आ रहा दूसरा ट्रक उससे टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों ट्रकों को भारी नुकसान पहुंचा। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, हालांकि ट्रक चालकों को हल्की चोटें आईं।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुबह के समय कोहरा इतना घना था कि कुछ ही मीटर की दूरी पर सामने चल रहे वाहन दिखाई नहीं दे रहे थे। इसी कारण यह हादसा हुआ। हादसे के चलते रामपुर रोड पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।सूचना मिलते ही कटघर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस ने क्रेन की मदद से सड़क पर खड़े क्षतिग्रस्त ट्रकों को हटवाया और काफी मशक्कत के बाद यातायात को सुचारु कराया।पुलिस प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि कोहरे के मौसम में वाहन चलाते समय विशेष सावधानी बरतें, धीमी गति रखें, फॉग लाइट का प्रयोग करें और सुरक्षित दूरी बनाए रखें। घने को. हरे के कारण सड़कों पर आवाजाही बेहद खतरनाक हो गई है, ऐसे में थोड़ी सी लापरवाही बड़े हादसे का कारण बन सकती है।

# फर्रुखाबाद के युवक ने काशीपुर बस स्टैंड पर छात्रा से की छेड़खानी, कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मुरादाबाद।** काशीपुर बस अड्डे पर छात्रा से छेड़खानी और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी युवक की पहचान फर्रुखाबाद जनपद निवासी सोनू खान के रूप में हुई है। पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।जानकारी के अनुसार फर्रुखाबाद जनपद का रहने वाला आरोपी युवक सोशल मीडिया के माध्यम से मुरादाबाद की रहने वाली छात्रा के संपर्क में आया था। आरोप है कि युवक ने छात्रा को बहला-फुसलाकर मिलने के लिए मुरादाबाद के रोडवेज बस स्टैंड पर बुलाया। घटना 20 दिसंबर की बताई जा रही है, जब थाना मझोला क्षेत्र की निवासी छात्रा किताब लेने के लिए घर से निकली थी। जैसे ही वह काशीपुर बस अड्डे पर पहुंची, वहां पहले से मौजूद आरोपी ने गलत नीयत से उसका हाथ पकड़ लिया और छेड़खानी करने लगा।छात्रा द्वारा विरोध किए जाने पर आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी, जिससे वह डर गई। किसी तरह छात्रा वहां से बचकर निकली और घर पहुंचकर पूरी घटना अपने परिजनों को बताई। इसके बाद पीड़िता के पिता ने सदर कोतवाली पहुंचकर आरोपी के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देश पर उपनिरीक्षक संकल्प चौधरी ने अपनी टीम के साथ कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि मामले से जुड़े सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# ओवरटेक के दौरान टेंपू और कार की जोरदार भिड़ंत, पांच घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** कुंदरकी थाना क्षेत्र अंतर्गत कुंदरकी-मुरादाबाद मार्ग पर



गांव डोमघर के पास मंगलवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया। ओवरटेक के दौरान टेंपू और स्विफ्ट कार की आमने-सामने की टक्कर में कुल पांच लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार मुरादाबाद की ओर जा रहा टेंपू (कबूतर) और बिलारी की ओर जा रही स्विफ्ट कार डोमघर के निकट आमने-सामने टकरा गए। हादसे में टेंपू में सवार सात लोगों में से तीन तथा कार चालक व उसके साथी सहित कुल पांच लोग घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी तेज थी कि टेंपू सड़क पार कर दूसरी ओर चला गया और पीछे के दो पहियों पर खड़ा हो गया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घायलों में कुंदरकी निवासी विशाल पुत्र संजय सैनी शामिल हैं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के लिए कुंद. रकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। विशाल ने बताया कि कार चालक द्वारा ओवरटेक करने के प्रयास में यह हादसा हुआ। सूचना मिलते ही घायलों के परिजन मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को बेहतर इलाज के लिए मुरादाबाद अस्पताल ले जाया गया। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर घायलों की जानकारी जुटाई तथा क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात को सुचारू कराया।

## एक नजर

### हुसैनपुर छिरावली के संकुल शिक्षकों द्वारा प्राथमिक विद्यालय मधुपुरी में दिसम्बर माह की मासिक बैठक



**कुंदरकी।** मंगलवार को कुंदरकी ब्लॉक की न्याय पंचायत हुसैनपुर छिरावली के संकुल शिक्षकों द्वारा 'प्राथमिक विद्यालय मधुपुरी में दिसम्बर माह की मासिक बैठक का आयोजन किया गया बैठक का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सीमा शर्मा व सभी संकुल शिक्षकों द्वारा माँ शारदे के आगे दीप प्रज्ज्वलित व पुष्प अर्पित कर किया गया। सभी शिक्षकों के द्वारा मां सरस्वती की वंदना की गयी। श्रीमती सीमा शर्मा जी (वरिष्ठ अध्यापक) को मीटिंग का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। मीटिंग में सभी शिक्षकों द्वारा एक दूसरे को अपना परिचय दिया गया। इसके पश्चात यू-डाइस पर अपार आई डी कार्य, इको क्लब फॉर मिशन लाइफ, निपुण लक्ष्य प्लस एप पर चर्चा हुई। इसके पश्चात टीएलएम निर्माण एवं प्रस्तुतीकरण किया गया। संकुलो द्वारा कक्षा कक्ष में प्रिंट रिच मटेरियल,बिग बुक, कार्य पुस्तिका में ट्रेकर भरने, संदर्शिका का उपयोग करने के लिए शिक्षकों को प्रेरित किया गया। सावित्रि मैडम ने पेड़ हमारे साथी हैं पर एक मनमोहक गतिविधि कराई। रंजना मैडम ने ज्ञानवर्धक एवं रुचिकर टीएलएम सभी के समक्ष प्रस्तुत किये। इसके बाद नवनियुक्त एआरपी श्रीमती श्वेता सिंह जी ने बैठक को संबोधित किया।

नरेश कुमार द्वारा शिक्षकों को दूसरे कार्यों के साथ-साथ अपने मूल कार्यों को करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके पश्चात संकुल शिक्षकों द्वारा डीसीएफ भरा गया। विद्यालय स्टाफ बहुत ही सहयोगी था, विद्यालय की प्रधानाध्यापिका व बैठक की अध्यक्षा सीमा शर्मा के द्वारा मीटिंग का सफल आयोजन किया गया तथा उनके प्रेरक शब्दों के साथ बैठक समाप्त की गई।

### मंडलायुक्त की अध्यक्षता में मंडलीय उद्योग बंधु की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न

**मुरादाबाद।** मण्डलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में मण्डलीय उद्योग बन्धु समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में डियर पार्क के संचालन के सम्बन्ध में वन विभाग के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि डियर पार्क का पीपीपी मॉडल सम्भव नहीं है डियर पार्क के संच. ालन हेतु रू 120.40 लाख की सौंदर्यीकरण योजना तैयार कर प्रेषित की गयी है



जिसे मण्डलायुक्त द्वारा योजना का निरूपण कराकर इसे पी0पी0पी0 मॉडल पर संचालित कराये जाने हेतु उचित स्तर से अनुमति प्राप्त किये जाने की अपेक्षा की गयी।

मण्डलायुक्त द्वारा प्रदूषण कन्ट्रोल बोर्ड उ0प्र0 के प्रतिनिधि को निर्देश दिये गये कि रामगंगा नदी में कूडा कचरा एवं अतिक्रमण हटाये जाने तथा उसका चिन्हाकंन किये जाने के सम्बन्ध में लिखित रूप से अवगत कराये। मण्डलायुक्त द्वारा इस प्रकरण को जल्द से जल्द निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।

मण्डल के सभी जनपदों के उपायुक्त उद्योग द्वारा मण्डलीय उद्योग नीति 2025 पर चर्चा की गई इस सम्बन्ध में मण्डलायुक्त ने मण्डल में नये उद्योगों को कैसे बढ़ाया जाये और उद्यमियों को पारम्परिक उद्योगों में निवेश हेतु प्रोत्साहित करने के लिए किये जा रहे प्रयासों की समीक्षा की। बैठक में सचिव मुरादाबाद विकास प्राधिकरण पंकज वर्मा, अधिशासी अभियन्ता बाढ़खण्ड राजेश कुमार गंगवार, डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर ब्रिज कार्पोरेशन शशिकांत, चीफ इंजीनियर विद्युत अशोक कुमार, प्रतिनिधि यूपीसीडा सुश्री गेसू मौर्या, अधीक्षक अभियंता लोक निर्माण विभाग एसपी सिंह, उपायुक्त उद्योग बिजनौर अमित जुरैल, उपायुक्त उद्योग सम्भल लोकेन्द्र कुमार, सहायक आयुक्त उद्योग श्रीमती निहारिका सहित सभी जनपदों में पांच-पांच उद्यमी एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### टीएमयू में इलेक्ट्रॉनिक्स व कम्प्यूटिंग में प्रगति पर वर्चुअली इंटरनेशनल सेमिनार

**मुरादाबाद।** गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार के रजिस्ट्रार प्रो. (डॉ. ) विपुल शर्मा ने आधुनिक एंटीना तकनीक और वायरलेस संचार पर बोलते हुए वायरलेस ट्रांसमिशन के सिद्धांत, एंटीना संरचनाओं- वायर, डाइपोल, लूप, मोना. पोल और उनके अनुप्रयोगों पर विस्तार से विस्तार से चर्चा की। उन्होंने मेटामटीरियल्स, नेगेटिव रीफ्रेक्टिव इंडेक्स, स्प्लिट-रिंग रेजोनेटर और सियरपिंस्की गैस्केट जैसी फ्रैक्टल ज्योमेट्री जैसे उन्नत विषयों का परिचय कराते हुए डेटा रेट पर स्प्रेड और इम्पल्स के प्रभाव एवम् हाई-फ्रीक्वेंसी स्विचिंग में माइक्रोवेव डायोड की भूमिका भी समझाई। प्रो. विपुल तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद में कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी विभाग की ओर से आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्प्यूटिंग में प्रगति पर ऑनलाइन आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे। फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के डीन प्रो. आरके द्विवेदी ने उद्घाटन भाषण में कहा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस- एआई तीव्र गति से सभी इंजीनियरिंग क्षेत्रों में अपने पैर जमा रही है। उन्होंने टैगिंग, सेंसरिंग, सिंकिंग और थिंकिंग सरीखे आधुनिक कम्प्यूटिंग के मूल सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को उभरती तकनीकों से जुड़े रहने के लिए प्रेरित किया। एचसीएल टेक्नोलॉजी, अमेरिका के सीनियर एआई आर्किटेक्ट श्री सचिदानंद सेमवाल ने शैक्षणिक प्रयोगशालाओं में एआई की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया, एआई प्रयोगशालाओं में कार्यों को स्वचालित करके, शुद्धता बढ़ाकर और छात्रों की रचनात्मक क्षमता को उभारकर प्रयोगशालाओं को बदल रही है।

इंसिंकरो ऑस्टेलिया प्रा. लि., ऑस्ट्रेलिया के सॉल्यूशंस आर्किटेक्ट श्री वर्घीस कोचुम्मेन ने आईओटी युग में प्रोजेक्ट नियंत्रण पर बोलते हुए कहा, आईओटी रीयल-टाइम डेटा संग्रह, उपकरण उपयोग, सामग्री प्रवाह, कार्यबल गतिविधि और पर्यावरणीय स्थितियों की सतत निगरानी सक्षम करके प्रोजेक्ट प्रबंधन में क्रांतिकारी बदलाव ला रहा है। सेमिनार में ईसीई विभाग की एचओडी एवम् कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अलका वर्मा, श्री राहुल विश्नोई, डॉ. विभोर कुमार भारद्वाज, श्री प्रशांत कुमार, श्री नीरज कौशिक के संग-संग छात्र समन्वयक- सुश्री नवज्योत, श्री अर्नव जैन, अभिषेक जैन, सक्षम जैन, सुश्री विनिता, और स्टाफ सदस्य अनुभव मेहरोत्रा, पुनीत एवं चंद्रपाल का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सेमिनार में 150 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया और सभी को ई-सर्टिफिकेट्स प्रदान किए गए। संचालन बीटेक ईसी की नवज्योत ने किया।

### कचहरी परिसर में अधिवक्ता बंटी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया



**मुरादाबाद ( शाह टाइम्स ब्यूरो )।** कचहरी परिसर में अधिवक्ता बंटी एडवोकेट का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मौहम्मद सालिम एडवोकेट, लईक अहमद एडवोकेट, नासिर अली एडवोकेट, राजीव वर्मा एडवोकेट, शबनम एडवोकेट, रवि कुमार, विपन कुमार प्रजापति एडवोकेट, राहुल कुमार एडवोकेट, अवधेश कुमार, नफीस अहमद, चंदन सिंह, शमीम सैफी एडवोकेट, पुनितचौहान एडवोकेट आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में अधिवक्ताओं ने बंटी एडवोकेट को जन्मदिन की बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर अधिवक्ताओं ने एक दूसरे के साथ मिलकर केक काटा और एक दूसरे को मिठाई खिलाई। अधिवक्ता बंटी एडवोकेट ने सभी का आभार व्यक्त किया और कहा कि आप सभी की शुभकामनाओं और आशीर्वाद से मैं आज इस मुकाम पर पहुंचा हूं। उन्होंने कहा कि मैं आगे भी इसी तरह से अपने पेशे में मेहनत और ईमानदारी से काम करता रहूंगा।

# बिलारी में चौधरी चरण सिंह की 123वीं जयंती श्रद्धा और संकल्प के साथ मनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री एवं किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह जी की 51 फीट ऊँची भव्य प्रतिमा स्थल पर आज उनकी 123वीं जयंती धूमधाम से मनाई। मुख्य अतिथि संजीव बालियान पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं प्रमुख अतिथि डी. पी. यादव राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय परिवर्तन दल शामिल हुए।



मुख्य अतिथि संजीव बालियान ने अपने संबोधन में कहा कि चौधरी चरण सिंह केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि भारत के किसान की आवाज और आत्मा थे। उन्होंने हमेशा यह माना कि जब तक किसान मजबूत नहीं होगा, तब तक देश सशक्त नहीं हो सकता। उनकी नीतियाँ आज भी किसानों, ग्रामीण भारत और सामाजिक न्याय की दिशा में मार्गदर्शक हैं।

उन्होंने कहा कि चौधरी साहब ने सत्ता को साधन नहीं, बल्कि सेवा का माध्यम माना और अपना संपूर्ण जीवन किसान, मजदूर और वंचित वर्ग के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। प्रमुख अतिथि डी.पी. यादव ने कहा कि चौधरी चरण सिंह भारतीय राजनीति के उन नेताओं में थे जिन्होंने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया। वे किसानों के हक की लड़ाई आखिरी सांस तक लड़ते रहे। आज आवश्यकता है कि हम उनके विच. ारों को केवल याद न करें, बल्कि उन्हें अपने आचरण और नीतियों में उतारें। उन्होंने आगे कहा कि चौधरी साहब का जीवन ईमानदारी, संघर्ष और जनसेवा का प्रतीक है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बना रहेगा। कार्यक्रम में उपस्थित किसानों ने चौधरी चरण सिंह जी के चित्र एवं प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। यह आयोजन न केवल श्रद्धांजलि था, बल्कि किसान हित, सामाजिक न्याय और राष्ट्र निर्माण के प्रति एक सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रतीक भी बना। कार्यक्रम में आयोजन संस्था के अध्यक्ष जितेंद्र चौधरी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और भविष्य में संस्था के द्वारा विभिन्न सामाजिक गति. विधियों के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में पूर्व एमएलसी परमिशन लाल सैनी, पूर्व प्रत्याशी भाजपा सुरेश सैनी पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष ऋषिपाल सिंह पूर्व ब्लाक प्रमुख भारत सिंह सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे। यहां के अलावा चौधरी चरण सिंह पार्क बिलारी, गन्ना समिति में भी चौधरी साहब की जयंती धूमधाम से मनाई गई।

# जिला स्वास्थ्य समिति की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर तरीके से लागू कराने के लिए विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की। टीकाकरण अभियान की समीक्षा के दौरान बिलारी क्षेत्र में वैक्सीनेशन की संतोषजनक स्थिति न होने पर जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी से कारणों के बारे में जानकारी ली और कहा कि पूर्ण टीकाकरण से छूटे हुए बच्चों की लिस्टिंग हो और उन्हें छूटे हुए टीके लगाए जाएं ताकि बच्चों में पूर्ण टीकाकरण के लक्ष्य में कोई कमी न रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि चरणवार छूटे बच्चों का सर्वे, वैक्सीनेशन और जागरूकता सत्र आयोजित किए जाएं। टीकाकरण अत्यन्त महत्वपूर्ण मुद्दा है इसलिए आशा, एएनएम, आंगनवाड़ी कार्यकत्री, सचिव और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भागीदारी के साथ गंभीरतापूर्वक कार्य किए जाएं। उन्होंने आशा और एएनएम के कार्यों की नियमित रूप से मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। टीकाकरण दिवस में किसी भी एएनएम को अवकाश प्रदान नहीं किया जाएगा। झोलाछाप डॉक्टरों के विरुद्ध कार्यवाही में लापरवाही और कार्यवाही के दौरान निर्धारित प्रक्रिया का पालन न किए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला चिकित्सालय में वरिष्ठ नागरिकों की सुविधा के लिए ओपीडी में पर्चा बनवाने और दवाइयां प्राप्त करने हेतु अलग से लाइन लगवाई जाए ताकि उन्हें किसी भी समस्या का सामना नहीं करना पड़े। जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत डिलीवरी के सापेक्ष भुगतान की स्थिति में मूंढापांडे की खराब प्रगति पर जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी से कारणों के बारे में पूंछा। पोषण पुनर्वास केंद्र में गंभीर अति कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य उपचार हेतु भर्ती होने वाले बच्चों की कम संख्या के कारणों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिए कि गंभीर अति कुपोषित बच्चों की प्रतीक्षा सूची तैयार कराएं और क्रमिक रूप से उन्हें भर्ती कराते रहें ताकि पोषण पुनर्वास केंद्र की सार्थकता हो सके। आशाओं के भुगतान की स्थिति पर भी जिलाधिकारी ने गंभीरता बरतने के निर्देश दिए। कुंदरकी में 07, बिलारी में 04 आशाओं के भुगतान लंबित होने के कारणों के बारे में भी स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी से जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने परिवार नियोजन, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम की प्रगति के बारे में भी समीक्षा की। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी और सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह सहित अन्य अधिकारी गण मौजूद रहे।



# शिव सैनिकों के साथ सांसद से मिले व्यापारी, समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** स्टेशन रोड स्थित व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर शिवसेना के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ व्यापारियों के प्रतिनिधिमंडल ने सांसद रुचि वीरा से मुलाकात की। इस दौरान व्यापा. रिक क्षेत्र में आ रही दिक्कतों, जाम, अतिक्रमण, सुरक्षा, पार्किंग व्यवस्था और नगर निगम से जुड़ी समस्याओं को सांसद के समक्ष रखा गया। मुलाकात में शिवसेना के वरिष्ठ पदाधिकारी भारत अरोरा, अरुण ठाकुर सहित अन्य शिव सैनिक उपस्थित रहे। व्यापारियों ने बताया कि स्टेशन रोड शहर का प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्र है, लेकिन अव्यवस्थाओं के कारण कारोबार प्रभावित हो रहा है। आए दिन जाम की स्थिति, अतिक्रमण और मूलभूत सुविधाओं की कमी से ग्राहकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। शिवसेना पदाधिकारियों ने कहा कि व्यापारी शहर की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर होना चाहिए। सांसद रुचि वीरा ने व्यापारियों की बातों को गंभीरता से सुना और उन्हें पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं को लेकर वह संबंधित विभागों से बातचीत करेंगी और उच्च शासन व प्रशास. निक स्तर पर भी उनकी आवाज उठाई जाएगी।शिवसेना ने उम्मीद जताई कि सांसद के हस्तक्षेप से जल्द ही व्यापारियों की समस्याओं का समाधान होगा।

**हेतु संदर्शित करने की सूचना**
**( साधारण प्रारूप )**
**न्यायालय अपर जिलाधिकारी**
**न्यायिक महोदय, मुरादाबाद।**
वाद सं0 डी202513540002196
धारा-38 उ0प्र0रा0 सं0
**तारीख पेशी:** 01.01.2026
**ग्राम सुजानपुर तहसील बिलारी जिला मुरादाबाद।**
**जितेन्द्र सिंह आदि बनाम तारेश कुमार आदि।**

1. जितेन्द्र सिंह, 2. पुष्पेन्द्र सिंह, 3. राजू पुत्रगण शेर सिंह निवासीगण नैमेनी गद्दी तहसील बिलारी जिला मुरादाबाद-**वादीगण।**

**बनाम**

1. तारेश कुमार, 2. राकेश कुमार पुत्रगण रामपाल सिंह निवासीगण नैमेनी गद्दी तहसील बिलारी जिला मुरादाबाद हाल निवासी निकट बजाज एजेन्सी जोया रोड, अमरोहा, 3. राजबहादुर पुत्र नन्हें, 4. रिशू पुत्र तेज बहादुर, 5. श्रीमती बीना देवी पत्नी स्व0 तेजबहादुर निवासीगण नैमेनी गद्दी तहसील बिलारी जिला मुरादाबाद, हाल निवासीगण गोविन्द पुरम गाजियाबाद-**प्रतिवादीगण।** चूंकि उपरिनामांकित वादीगण के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संदिशत करने के लिये 2026 के माह 01 के दिवस 01 को 10.00 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपये अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवे. दन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के माह 12 के दिवस 23 को निकाली गयी है।

**न्यायालय**
**अपर जिलाधिकारी ( न्यायिक )**
**जनपद-मुरादाबाद।**

**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।
**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# मुरादाबाद का भगतपुर टांडा बेस्ट सीएफएल के लिए प्रदेश स्तर पर चयनित

■ **इस उपलब्धि पर केक काटकर जताई खुशी**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया के मनीवाइज सीएफएल प्रोजेक्ट के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में क्रिसिल फाउंडेशन द्वारा संचालित 133 सीएफएल में से मुरादाबाद जॉन के भगतपुर टांडा को उत्तर प्रद. ेश में श्रेष्ठ सीएफएल(वित्तीय साक्षरता केन्द्र) के रूप में चयनित किया गया। इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए केक काटकर खुशी का इजहार किया गया।



क्रिसिल फाउंडेशन द्वारा उत्तर प्रदेश के 133 सीएफएल में से मुरादाबाद जोन के सीएफएल भगतपुर टांडा को बेस्ट सीएफएल के लिए चयनित होने पर संस्था से जुड़े अधिकारियों ने मंगलवार को एक कार्यक्रम आयोजित करके खुशी जताई और इसी तरह से आगे बढ़ते रहने का संकल्प दोहराया। वक्ताओं ने कहा कि केन्द्र को नाबार्ड एवं कैनरा लीड बैंक के सहयोग से संच. ालित किया जा रहा है। इस अवसर पर सीएफएल की केंद्र प्रबंधक सुश्री अरमाना बी समेत स्टॉफ रानी, मनतशा, फील्ड कोऑर्डिनेटर रेनू रानी, डाटा एंट्री ऑपरेटर ऋतू, सीनियर वासिफ अली-सीनियर एरिया मैनेजर एवं अनीता-क्षमतावर्धन अधिकारी के सफल नेतृत्व में सीएफएल को आगे बढाने का कार्य किया जा रहा है।

# अखिल भारतीय अंबेडकर संघ ने मुरादाबाद पहुंचने पर राज्यसभा सांसद संजय सिंह का किया स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** सर्वश्रेष्ठ सांसद पुरस्कार से सम्मानित आम आदमी पार्टी के लोकप्रिय राज्यसभा सांसद संजय सिंह के मुरादाबाद महानगर आगमन पर अखिल भारतीय अंबेडकर संघ की ओर से उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने फूलों का गुलदस्ता भेंट कर उन्हें सम्मानित किया और उनके जनहितकारी कार्यों की सराहना की। अंबेडकर संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महावीर प्रसाद मौर्य के नेतृत्व में एक प्रति. निधिमंडल ने राज्यसभा सांसद



संजय सिंह से मुलाकात की। प्रति. निधिमंडल में जयप्रकाश सिंह, चंदन सिंह, रैदास, विमल कुमार धीर, मुकेश कुमार गौतम, रघुवीर सिंह, आदित्य कुमार श्रीवास्तव, सुरेश कुमार गौतम, नेतराम सिंह, डॉ. मिलिंद सेन, ओ.पी. सागर, हरपाल सिंह बौद्ध, वीरेंद्र सिंह, दौलत सिंह, मेघराज सिंह, प्रेम सिंह, इंद्रजीत बौद्ध सहित अन्य पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे।इस दौरान अंबेडकर संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि संजय सिंह सदन के भीतर और बाहर लगातार आम जनता, दलित, पिछड़े, गरीब और वंचित वर्गों की आवाज मजबूती से उठाते रहे हैं। उनके द्वारा संविधान, लोकतंत्र और सामाजिक न्याय के मुद्दों पर किए जा रहे संघर्ष को देखते हुए उन्हें सर्वश्रेष्ठ सांसद पुरस्कार से सम्मानित किया जाना गर्व की बात है।राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने अंबेडकर संघ के सम्मान के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचार ही देश को समानता और न्याय का मार्ग दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि वह संविधान की रक्षा और समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के अधिकारों के लिए लगातार संघर्ष करते रहेंगे।

# महिलाओं के सम्मान में सपा महिला सभा ने प्रदर्शन कर दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** समाजवादी पार्टी की महिला सभा ने मंगलवार को महिलाओं के सम्मान से जुड़े मुद्दे को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व समा. जवादी महिला सभा की जिलाध्यक्ष शीरी गुल ने किया। इस दौरान बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री संजय निषाद के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई और उनके इस्तीफे की मांग उठाई गई। महिला नेताओं का आरोप था कि इन नेताओं के बयानों से महिलाओं का अपमान हुआ है और इससे समाज में गलत संदेश गया है।प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता शामिल रहीं। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि चाहे दुपट्टा हो या हिजाब, महिलाओं की पसंद और सम्मान पर किसी भी तरह की टिप्पणी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समाजवादी पार्टी की महिला नेताओं ने साफ कहा कि महिलाओं के खिलाफ सोच रखने वाले नेताओं को सत्ता में बने रहने का कोई अधिकार नहीं है।समाजवादी महिला सभा की जिलाध्यक्ष शीरी गुल ने अपने संबोधन में कहा कि मंत्री संजय निषाद का बयान महिलाओं का सीधा अपमान है। यह केवल एक महिला नहीं बल्कि पूरे समाज के सम्मान पर हमला है। उन्होंने कहा कि महिला विरोधी ताकतों को करारा जवाब दिया जाएगा और यह संघर्ष तब तक जारी रहेगा जब तक

महिलाओं को न्याय और सम्मान नहीं मिल जाता।महिला सभा की प्रदेश सचिव फाखरा लईक ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर भी महिलाओं के सम्मान से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जब तक दोनों नेता अपने पद से इस्तीफा देकर सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगते, तब तक विरोध जारी रहेगा।प्रदर्शन में गीता यादव, डॉ. सलमा नासिर, जिला प्रवक्ता धर्मेंद्र यादव, सुनीता सिंह, तलत जहां, वेदप्रकाश सैनी, वीना विश्नोई, शमसा, राकेश राठी, सरदार सिंह पाल, आलया एडवोकेट, सायमीन, शीला देवी, शबाना, आसिफा, गजाला आसफा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

# जनपद न्यायाधीश ने जिला कारागार मुरादाबाद का किया त्रैमासिक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में माननीय जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सम्भल स्थित चन्दौसी डा0 विदुषी सिंह के द्वारा मंगलवार को जिला कारागार सम्भल स्थित मुरादाबाद का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जनपद न्यायाधीश द्वारा कारागार में निरुद्ध बंदियों की कुल संख्या, विचाराधीन एवं दोषसिद्ध बंदियों की स्थिति, आवास व्यवस्था, स्वच्छता, भोजन की गुणवत्ता, पेयजल, प्रकाश एवं वेंटिलेशन, चिकित्सा सुविधाएँ, महिला एवं पुरुष बंदियों की पृथक व्यवस्था, वृद्ध एवं दिव्यांग बंदियों की स्थिति आदि का विस्तृत अवलोकन किया गया तथा जेल अस्पताल का निरीक्षण कर चिकित्सीय सुविधाओं, दवाओं की



उपलब्धता तथा नियमित स्वास्थ्य परीक्षण की जानकारी प्राप्त की। साथ ही संक्रामक रोगों से बचाव हेतु की गई व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की गई।

साथ ही जनपद न्यायाधीश द्वारा निरीक्षण के दौरान बंदियों से प्रत्यक्ष संवाद स्थापित कर उनकी व्यक्तिगत, विधिक एवं प्रशासनिक समस्याओं को सुना गया।

पात्र बंदियों को नि:शुल्क विधिक सहायता प्रदान किए जाने, जेल में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित करने तथा विच. ाराधीन बंदियों के मामलों में शीघ्र निस्तारण हेतु आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए तथा जेल प्रशासन को निर्देशित किया कि बंदियों के मानवाधिकारों की पूर्ण रक्षा सुनिश्चित की जाए तथा जेल मैनुअल के प्रावधानों का अक्षरशः पालन किया जाए। निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधारात्मक निर्देश भी दिए गए।

निरीक्षण के दौरान माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सम्भल स्थित चन्दौसी डॉ0 विदुषी सिंह, प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पराग यादव, जिला अधिकारी सम्भल राजेन्द्र पैसिंया, पुलिस अधीक्षक सम्भल कृष्ण कुमार विश्नोई, जेल अधीक्षक जिला करागार मुरादाबाद आलोक सिंह, समाज कल्याण अधिकारी तिनेज कुमार सिंह, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउन्सिल चन्द्रपाल सिंह आदि सहित अन्य कार्मचारीगण उपस्थित रहे।

## सिविल बार एसोसिएशन के सदस्यों के लिए चैम्बर आवंटन को लेकर उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**ठाकुरद्वारा।** सिविल बार एसोसिएशन, के प्रैक्टिसिंग सदस्यों ने तहसील परिसर में चौम्बर उपलब्ध न होने को लेकर उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन सदस्यों का कहना है कि अन्य सदस्यों को तहसील परिसर में चौम्बर आवंटित कर दिए गए हैं, जबकि सिविल बार के प्रति. निधियों ने पहले ही यह स्पष्ट कर दिया था कि तहसील परिसर में कोई चौम्बर आवंटित नहीं किया जाएगा। एसोसिएशन के सदस्यों का आरोप है कि यह एकतरफा और पक्षपातपूर्ण कार्रवाई है, जिससे सिविल बार के सदस्यों में असंतोष उत्पन्न हुआ है। पूर्व में भी ठाकुरद्वारा बार एसोसिएशन को अनुपातिक रूप से अधिक चौम्बर आवंटित किए गए थे। इसके अलावा, कुछ सदस्य अपने चौम्बर को अवैध रूप से गैर-वकालती कार्य के लिए किराए पर दे रहे हैं। सिविल बार एसोसिएशन ने उपजिलाधिकारी से अनुरोध किया है कि सिविल बार के 50 सदस्यों को चौम्बर आवंटित किए जाने तक मौजूदा स्थिति यथास्थिति बनाए रखी जाए इस दौरान सिविल बार एसोसिएशन अध्यक्ष मायुद्दीन महासचिव नवीन कुमार यादव ,वरिष्ठ उपाध्यक्ष अवनीश कुमार शर्मा,शमशाद हुसैन, मो0 जाहिद,राजीव कुमार शर्मा,अफगान खान,नदीम अहमद,मौ0 आसिफ सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

## एक नजर

### आबादी वाला तालाब बना ग्रामीणों के लिए खतरा, कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

**कुंदरकी।** विकास खंड कुंदरकी के गांव अहलादपुर में स्थित तालाब ग्रामीणों के लिए गंभीर समस्या बनता जा रहा है। तालाब पूरी तरह भर जाने के कारण उसका पानी गांव की गलियों और आसपास के मकानों में पहुंचने लगा है, जिससे ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि तालाब के चारों ओर आबादी बसी हुई है और पानी भरने से कई मकानों की नींव कमजोर हो रही है। बारिश या पानी के दबाव से किसी भी समय मकान गिरने जैसी बड़ी घटना से इनकार नहीं किया जा सकता। इसके



अलावा रास्तों में पानी भरने से आवागमन भी पूरी तरह बाधित हो गया है, जिससे बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस समस्या को लेकर कई बार संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया गया लेकिन हर बार आश्वासन मिला। अब हालात इतने गंभीर हो चुके हैं कि किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि तालाब की तत्काल सफाई, पानी की निकासी और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कराए जाएं, ताकि किसी अप्रिय घटना से पहले समस्या का समाधान हो सके।

### प्रेस क्लब में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**मुरादाबाद।** यूपी प्रेस क्लब और मेदांता अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में क्लब प्रांगण में आज स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया इस शिविर में बड़ी संख्या में पत्रकारों और उनके परिजनों की स्वास्थ्य जांच की गई। शिविर में बीपी ,आरवीएस, बीएमसी और फ सी जांच के अलावा सामान्य रोग विशेषज्ञ ने परामर्श भी किया। यूपी प्रेस क्लब के अध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह और यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के अध्यक्ष हसीब सिद्दीकी ने मेदांता अस्पताल के प्रबंधन का आभार व्यक्त किया मेदांता अस्पताल ने पत्रकारों को चिकित्सा कार्ड जारी करने और अस्पताल में अन्य जांच करने का आश्वासन दिया।

### बोलार्ड एंटीक लाइटो से जगमग होगी अब कांठ की सड़के

**कांठ ( शाह टाइम्स )** नगर पंचायत कांठ में नववर्ष पर तहसील कार्यालय के पास वीर अब्दुल हमीद द्वार से लेकर ए आर बैंक्विट हॉल तक करीब 65 बोलार्ड एंटीक लाइट लग जाएगी यह लाइट सौर ऊर्जा से चार्ज होगी और शाम होते ही जगमग हो जाएंगींस इन लाइटों को लगाने का काम शुरू हो गया हैस इन लाइटों को लगाने पर करीब 60 लाख रुपए खर्च होगास नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी रामेश्वर दयाल ने बताया की नगर में वीर अब्दुल हमीद द्वार से लेकर ए आर बैंक्विट हॉल तक प्रत्येक 10 मीटर की दूरी



पर करीब 65 बोलार्ड एंटीक लाइट लगाने का काम शुरू हो गया है शाम होते ही यह पूरा मार्ग रोशनी से जगमग हो जाएगा।

### कबड्डी प्रतियोगिता के विजेताओं को सांसद और उमरी कला के अध्यक्ष ने पुरस्कार देकर किया सम्मानित



**कांठ ( शाह टाइम्स )** कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन कांठ विधानसभा के गांव सलावा में किया गया जिसका शुभारंभ नगर पंचायत उमरी कला के अध्यक्ष हाजी उस्मान अली ने फीता काटकर कराया प्रतियोगिता में फाइनल मुकाबला डीएम एकेडमी धामपुर और हमीरपुर की टीम के बीच हुआ जिसमें डीएम एकेडमी धामपुर ने हमीरपुर की टीम को 30 -12 के अंतराल से हराकर प्रतियोगिता जीत ली, समापन अवसर पर पहुंची सांसद रुचि वीरा, हाजी उस्मान अली एवं सैयद मोहम्मद आजम ने 11हजार विजेता और 5 हजार उपविजेता को देकर सम्मानित किया। बताया गया कि प्रतियोगिता का आयोजन जिला पंचायत सदस्य डॉक्टर रिजवान अंश बिश्नोई शिवम बिश्नोई और वंश बिश्नोई के द्वारा कराया गया था। समापन अवसर पर पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी कांठ जुल्फिकार ठेकेदार पूर्व ब्लाक प्रमुख जियाउल्लाह चौधरी एबीसी बिल्डर के सह संस्थापक रियासत हुसैन सलमानी कांग्रेस नेता फिरोज अनवर सांसद प्रतिनिधि खुशनूद समा. जसेवी मास्टर मोहम्मद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### मारपीट के अलग-अलग मामलों में दर्जनभर पर एफआईआर

**कांठ( शाह टाइम्स )** मारपीट के अलग-अलग मामलों में पुलिस ने दर्जन भर लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है मामला थाना छज्लैट के गांव सलावा खेड़ा का है वहां के फरजन्द पुत्र बुंदु का कहना है की 21 दिसंबर की शाम करीब 6 बजे उसका भाई जमशेद, भतीजा कादिर और भतीजी तमन्ना उसके घर आए और उसकी पत्नी बरिसा को गालियां देने लगे बरिसा ने गाली देने को विरोध किया तो तीनों ने उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी जमशेद ने बारिसा पर चाकू से बार किया जिससे वह घायल हो गई।

# गन्ना निरीक्षक व सहायक चीनी आयुक्त धामपुर ने त्रिवेणी चीनी मिल रानीनांगल के मिलगेट पर किया औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** मंगलवार को चीनी मिल परिसर केन यार्ड में भुवनेन्द्र कुमार, गन्ना निरीक्षक एवं सहायक चीनी आयुक्त, धामपुर, तथा एस. के. मौर्या, खण्डसारी अधिकारी, घामपुर द्वारा मिल गेट पर औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मिल गेट पर तौल कांटे, मैनुअल कॉटा सही पाये गये एवं अलाव, कैन्टीन, किसान विश्रामलय आदि का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान सभी व्यवस्थायें संतोषजनक पाई गई। निरीक्षण के समय महाप्रबन्धक (गन्ना) टी0एस0यादव भी उपस्थित रहें। निरीक्षण के उपरांत भुवनेन्द्र कुमार द्वारा मिल गेट स्थित केन कैरियर के पास आने-जाने वाले ट्रकों पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगाए गए तथा उपस्थित सभी किसान भाइयों को यातायात नियमों के अंतर्गत रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप के उपयोग एवं उसकी महत्ता के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान उपाध्यक्ष वी0 वेंकटरथम् ने बताया कि त्रिवेणी समूह की चीनी मिल रानीनांगल द्वारा 10 दिसम्बर 2025 तक खरीदे गए गन्ने का भुगतान कर दिया गया है, दिनांक 01 दिसम्बर से 10 दिसम्बर 2025 तक खरीदे गए



गन्ने के सापेक्ष 2157.27 ला0रु0 की धनराशि कृषकों के खातों में भेजी जा चुकी है। अब तक मिल द्वारा कुल 6815.75 ला0रू0 का भुगतान किया जा चुका है। समयबद्ध भुगतान से किसानों में खुशी का माहौल है। उन्होंने कृषकों से अपील की कि वे गन्ना औने-पौने दामों में न बेचें, बल्कि चीनी मिल में ही आपूर्ति कर अपना बेसिक कोटा बढ़ाएं। महाप्रबंधक (गन्ना) टी. एस. यादव ने कृषकों से ताजा, साफ-सुथरा तथा जड़-पत्ती एवं अगोला रहित गन्ना ही आपूर्ति करने की अपील की। उन्होंने बताया कि इस समय पौधे गन्ने की कटाई करने से पेड़ी का फुटाव कम होता है, जिससे नुकसान होता है। साथ ही पौधे गन्ने में एक अतिरिक्त सिंचाई करने से उत्पादन बढ़ेगा उन्होंने कृषकों को को0-0118, को0-98014, को0-15023 एवं को0 लख0-16202 गन्ना प्रजातियों की अधिक क्षेत्रफल में बुवाई करने तथा मिल द्वारा दी जा रही सुविधाओं का लाभ उठाने का आग्रह किया।

## बचपन प्ले स्कूल में क्रिसमस का हर्षोल्लास पूर्ण आयोजन, बच्चों ने बांटी खुशियां

**ठाकुरद्वारा।** नगर के बुध बाजार स्थित बचपन प्ले स्कूल में क्रिसमस का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास, उल्लास और उमंग के साथ मनाया गया। पूरे विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगी सजावट, गुब्बारों और क्रिसमस ट्री से सजाया गया, जिससे माहौल पूरी तरह उत्सवमय नजर आया। कार्यक्रम की शुरुआत नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा आकर्षक ढंग से सजाए गए क्रिसमस ट्री के साथ हुई।

बच्चों ने प्रभु यीशु मसीह के जन्म की खुशियां साझा करते हुए गीत, नृत्य और मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों की मासूम अदाओं और उत्साह से अभिभावक व शिक्षकगण भी भावविभोर नजर आए। इस अवसर पर स्कूल की निदेशिका श्रुति अग्रवाल एवं चेयरमैन डॉ. ईशु अग्रवाल ने बच्चों को क्रिसमस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में प्रेम, भाईचारे, सहयोग और सांस्कृतिक मूल्यों का विकास करते हैं। उन्होंने शिक्षकों के प्रयासों की भी सराहना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की प्रधानाचार्या मिस नीलू सिंह के साथ-साथ शिक्षिकाएं मिस पायल, मिस अंजा एवं समस्त स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सैंटा क्लॉज रहे, जिन्होंने बच्चों को उपहार वितरित किए। सैंटा को देखकर बच्चों के चेहरों पर खुशी देखते ही बन रही थी। उपहार पाकर बच्चे झूम उठे और पूरे उत्साह के साथ तालियां बजाईं। आयोजन के माध्यम से बच्चों को प्रेम, खुशी, सद्भावना और आपसी सहयोग का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में बबलू, सलोनी एवं रुचि देवी सहित अन्य लोगों की सहभागिता रही।

## महिला से मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र में एक महिला के साथ पड़ोसियों द्वारा मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मलपुरा लक्ष्मीपुर निवासी रब्बाना पत्नी मौ. इल्यास ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कहा की। उसके पति सऊदी अरब में नौकरी करते हैं और वह अपने तीन छोटे बच्चों के साथ घर पर अकेली रहती है। आरोपियों ने उसके घर के सामने की नाली में कूड़ा डाल दिया। जब उसने शिकायत की तो 21 दिसंबर 2025 को दोपहर लगभग 1रू30 बजे कदीर पुत्र नसीर, महताब पत्नी सगीर, परवीन पत्नी कदीर व इल्मा पुत्री सगीर हाथों में लाठी-डंडे लेकर उसके घर में घुस आए और गंदी-गंदी गालियां देते हुए मारपीट की। पीड़िता के शोर मचाने पर अतीक अहमद, महफूज हसन व मुस्तकीम आदि ग्रामीणों ने उसे बचाया। इस मामले में पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## एसडीएम ने किया कई स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** एसडीएम संतदास पवार ने आज महदूद कलमी कुमरिया जुमला सहित कई विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया और जरूरी दिशा निर्देश दिए। बताया गया कि अधिकारियों को हर माह करीब पांच स्कूलों का निरीक्षण कर वहां की शिक्षा की गुणवत्ता की जांच करनी होती है।

इसी क्रम में उन्होंने आज कुमरिया जुमला महदूद कलमी और अन्य कई स्कूलों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था को देखा एवं शिक्षा की गुणवत्ता की जांच की उन्होंने बच्चों से बात कर कुछ सवाल पूछे और सरकार द्वारा संचालित योजनाओं पर कितना अमल किया जा रहा है इसके बारे में जानकारी प्राप्त की किसी प्रकार की खामी पाए जाने पर उन्होंने उसे दुरुस्त करने के निर्देश दिए और कहा कि शिक्षण कार्य में लापरवाही हुई तो कार्रवाई होगी। बेग. मपुर के स्कूल में सफाई कर्मी के गैर हाजिर होने पर बिगड़ी सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए कहा और इस संबंध में ब्लॉक को पत्र जारी कर सफाई कर्मी के बारे में लिखा। इस मौके पर अन्य स्टाफ भी मौजूद रहा।

# किसान सम्मान दिवस पर सम्मान समारोह के दौरान उत्कृष्ट किसानों को किया गया सम्मान

**ठाकुरद्वारा।** किसानों के मसीहा कहे जाने वाले देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह का जन्म दिवस मंगलवार 23 दिसंबर 2025 को किसान सम्मान दिवस के रूप में मलपुरा लक्ष्मीपुर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र पर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों को सम्मानित कर उनके योगदान की सराहना की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी उमाकांत मुदगल ने की। इस अवसर पर ग्राम प्रधान एवं जनप्रतिनिधि श्री रिफाकत अली तथा कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी अधिकारी डॉ. रवींद्र कुमार के निर्देशन में कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले सात किसानों को अंगवस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित किसानों में राकेश सिंह को बासमती धान उत्पादन, वीरेंद्र सिंह को सब्जी उत्पादन, दीपाली को जैविक खाद उत्पादन, रमेश सिंह को प्राकृतिक एवं सहफसली खेती, शमशाद हसन




को गेहूं उत्पादन, राजीव कुमार को गन्ना बीज उत्पादन तथा राजेंद्र सिंह को तिलहन उत्पादन के लिए सम्मानित किया गया।

इसके साथ ही सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ में आयोजित कृषि मेले में पूर्व में सम्मानित किसानों रविंदर, रविकुमार, मुखलाल एवं विकास कुमार को भी इस अवसर पर सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खंड विकास अधिकारी उमाकांत मुदगल ने कृषि क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया और वीबीजीआरजी योजना की जानकारी देते हुए कहा कि इस योजना के अंतर्गत अब 100 दिन के स्थान पर 125 दिन के रोजगार की गारंटी दी जाएगी। केंद्र प्रभारी डॉ. रवींद्र कुमार ने मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन एवं खेती में कृषि विविधता के महत्व पर प्रकाश डाला। गन्ना शोध संस्थान काशीपुर से आए डॉ. संजय सिंह ने गन्ने में अपनाई जाने वाली विभिन्न सस्य क्रियाओं की जानकारी दी। पादप सुरक्षा वैज्ञानिक दीपक कुमार ने फसलों में लगने वाली बीमारियों से बचाव के उपायों के साथ 16 से 31 दिसंबर तक चल रहे राष्ट्रव्यापी अभियान स्वच्छता पखवाड़ा के बारे में बताया।

सस्य वैज्ञानिक अविनाश चौहान ने फसलों में उर्वरकों के संतुलित प्रयोग की जानकारी देते हुए कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम में कृषि विभाग के विषय वस्तु विशेषज्ञ रामगा. ेपाल सिंह चौहान, सहायक विकास अधिकारी नौबहार सिंह, राम आशीष प्रजापति , तथा इफको क्षेत्रीय प्रबंधक यशवीर सिंह एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में केंद्र के कर्मचारी पुष्पराज यादव, रणवीर सिंह एवं दिनेश का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में गार्गी रानी चौहान, सतपाल, दर्शन लाल, बलराम सिंह चौहान, राजेश कुमार, भूपेंद्र सहित लगभग 174 कृषकों एवं महिला कृषकों ने सहभागिता की।

# स्काउट-गाइड अनुशासित जीवन की कला: प्रो. एमपी

## तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में शिक्षा संकाय के पांच दिनी स्काउट-गाइड शिविर का समापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के शिक्षा संकाय की ओर से स्टुडेंट्स के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से आयोजित पांच दिनी स्काउट-गाइड शिविर का टीएमयू के डीन स्टुडेंट्स वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह ने निरीक्षण किया। प्रो. सिंह ने कमल टोली, बारहसिंगा टोली, भगत सिंह टोली आदि के शिविरों में स्टुडेंट्स से स्काउट-गाइड की गतिविधियों, उनके उद्देश्यों एवं सामाजिक योगदान की जानकारी प्राप्त की। प्रो. सिंह ने कहा, स्काउट-गाइड अनुशासित जीवन जीने की प्रेरणा देने वाली संस्था है। स्काउट-गाइड का स्टुडेंट्स में सेवा भावना, सामाजिक संवे. दनशीलता एवं राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध विकसित करने में अहम रोल है। शिक्षा संकाय के प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार जैन ने कहा, स्काउट-गाइड संस्था का प्रमुख उद्देश्य अनुशासन, सेवा एवं चरित्र निर्माण है। शिविर का शुभारंभ प्रत्येक दिन ध्वजारोहण, स्काउट-गाइड प्रार्थना और प्रतिज्ञा के साथ हुआ। इससे स्टुडेंट्स में अनुशासन, समयबद्धता, टीम भावना एवं आत्मविश्वास को बल मिला। शिविर का मुख्य उद्देश्य नेतृत्व क्षमता, सेवा भावना, आत्मनिर्भरता, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की दक्षता का विकास करना रहा। शिविर में गांठ बाँधने की कला, प्राथमिक उपचार, मानचित्र अध्ययन, दिशा ज्ञान, आपदा प्रबंधन, आत्मरक्षा प्रशिक्षण, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, योग एवं ध्यान, व्यक्तित्व विकास सत्र तथा सामूहिक खेल प्रमुख रहे। इस अवसर पर शिक्षा संकाय के डॉ. रणजीत सिंह, डॉ. हर्षवर्धन, डॉ. अर्पिता त्रिपाठी, डॉ. सुनील कुमार पांडे, डॉ. नाहिद बी., डॉ. रवि प्रकाश सिंह, डॉ. शेफाली जैन, डॉ. मुक्ता गुप्ता, डॉ. पावस कुमार मंडल, डॉ. रूबी शर्मा, डॉ. शिवानी यादव आदि मौजूद रहे।






**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

| | |
|---|---|
| विभाग | Electrical (TRD) |
| टेंडर नं. | T-17-TRD-MB-25-26 |
| कार्य का नाम | मुरादाबाद मंडल के अंतर्गत एस.एम.आई TI/MI/0059 रेव-3 या नवीनतम के अनुसार कैटेनरी सस्पेंशन क्लैम्प में पैकिंग सैडल (आर.आई 1174) का प्रावधान। |
| निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक एवं समय | 13.01.2026, 15:00 Hrs |
| कार्य की अनुमानित लागत (रु.) | रु. 34,85,070/- (Including GST@18%) |
| बिड सिक्यूरिटी राशि (रु.) | रु. 69,700/- |
| निविदा प्रपत्र मूल्य (रु.) | NIL |
| ऑफर की वैधता (दिन) | 60 days |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 04 Months |
| वेबसाइट एवं कार्यालय का पता | www.ireps.gov.in Divisional Railway Manager's Office, Northern Railway, Moradabad. |

सं.: Elect/TRD/MB/2025-26/TN-14 दिनांक: 23.12.2025 3975/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# एंटी करप्शन टीम ने रिश्वत लेते रंगे हाथों लेखपाल को दबोचा

## रिश्वतखोर अधिकारियों व कर्मचारियों में देखी गई बैचेनी



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** जनपद में जारी भ्रष्टाचार की आज फिर कलई खुल गई। सदर तहसील में तैनात लेखपाल रविंद्र कुमार शर्मा को एंटी करप्शन की टीम ने पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया है। कार्रवाई से रिश्वतखोर अधिकारियों व कर्मचारियों में हड़कम्प मच गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार पकड़ा गया रिश्वतखोर लेखपाल रविन्द्र कुमार शर्मा तहसील सदर के फतेहपुर हल्के में तैनात है। हीमपुर दीपा के ग्राम नानूपुरा निवासी किसान धर्मेन्द्र पुत्र जगपाल ने एंटी करप्शन टीम मुरादाबाद से शिकायत की थी। किसान का आरोप था कि लेखपाल रविन्द्र कुमार शर्मा उससे एक बैनामे में तितम्मा लगवाने के लिए पांच हजार रुपए की मांग कर रहा है। बिना पैसे लिए लेखपाल काम कराने से इंकार कर रहा है। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए एंटी करप्शन टीम ने पूरे मामले की जांच की और शिकायत सत्य पाए जाने पर लेखपाल की गिरफ्तारी के लिये जाल बिछा दिया। पूर्व नियोजित योजना के तहत किसान धर्मेंद्र को रिश्वत की रकम के साथ तहसील सदर में लेखपाल के पास भेजा गया। जैसे ही लेखपाल रविन्द्र कुमार शर्मा ने पांच हजार रुपये की रिश्वत पकड़ी, वैसे ही वहां पहले से मौजूद एंटी करप्शन टीम ने उसे दबोच लिया। टीम इंचार्ज कृष्ण अवतार, नवल मरवा, मौहम्मद इश्तियाक और विजय कुमार आदि शामिल थे। एंटी करप्शन टीम के द्वारा रिश्वतखोर लेखपाल को पकड़े जाने से तहसील कार्यालय परिसर में हडकंप मच गया। टीम लेखपाल रविन्द्र कुमार शर्मा को पकड़कर शहर कोतवाली ले गई। उसके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया है। बताया जा रहा है कि आरोपी लेखपाल रविन्द्र कुमार शर्मा मूल रूप से बागपत जनपद का रहने वाला है। वर्तमान में वह बिजनौर तहसील सदर की ब्लाक हल्दौर के ग्राम कुंडा भागेन में तैनात था।

सूत्रों के मुताबिक एंटी करप्शन टीम सबसे पहले कलेक्ट्रेट पहुंची और वहां से नियुक्त कलेक्ट्रेट कर्मचारी मौहम्मद उस्मान को साथ लेकर सदर तहसील गई। इसके बाद तहसील के कमरा नंबर 24 में लेखपाल को पांच हजार रुपये लेते ही पकड़ लिया गया। एसडीएम सदर रितु रानी ने बताया कि एंटी करप्शन की टीम द्वारा पकड़े जाने का मामला संज्ञान में आते ही लेखपाल रविंद्र शर्मा को सस्पेंड कर दिया गया है।

### जनपद मुख्यालय पर एंटी करप्शन का कार्यालय खुले

**बिजनौर।** जनपद में जमकर रिश्वतखोरी हो रही है। रिश्वतखोर अधिकारी व कर्मचारी मालामाल हो रहे है। वह बिना रिश्वत लिए कोई काम नहीं करते है। बड़े अधिकारियों की तो माया ही अलग है। छोटे-छोटे कर्मचारियों ने भी कोठियां खड़ी कर ली है। उनके पास खेती की जमीनें, गैस एजेंसियां, दुकानें व अन्य प्रोपर्टी हैं। बड़े अधिकारी रिश्वत की रकम को महानगरों में ठिकाने लगा रहे है। जो भी अधिकारी व कर्मचारी जनपद में आ जाता है, वह यहां से जाने का नाम ही नहीं लेता है। जब जाता है, तो उसके पास बेशुमार दौलत हो जाती है। जनपद में तैनाती के लिए मारामारी रहती है। जनपद में रिश्वत के रेट तय है। रेट से कोई समझौता नहीं किया जाता है। रिश्वत के मामले में बिजनौर को पश्चिमी उत्तर प्रदेश का सबसे ज्यादा कमाई वाला जनपद माना जाता है। एंटी करप्शन की टीम तक पीड़ितों की पहुंच नहीं होती है। अगर जनपद मुख्यालय पर एंटी करप्शन टीम का कार्यालय खुल जाए, तो यहां पर बड़े पैमाने पर रिश्वतखोर पकड़े जा सकते है। शायद ही कोई ऐसा दिन बीतेगा कि रिश्वतखोर न पकड़े जाएंगे। जनपदवासियों को बड़ी राहत मिलेगी।

# धामपुर विधानसभा क्षेत्र में नया नेता मैदान में उतरा

### सपा के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ने का मंसूबा

शाट टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** भले ही अभी प्रदेश के विधानसभा चुनाव में वक्त है, लेकिन विधायक बनने का ख्वाब देखने वाले नेताओं ने अपने चेहरे दिखाने शुरू कर दिए है। चेहरे दिखाने के लिए कोई सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर रहा है और कोई जगह-जगह अपने होर्डिंग्स लगवा रहा है।

ऐसा ही एक नेता धामपुर विधानसभा क्षेत्र में सामने आ रहा है। यह स्वयं को सबसे बड़ा समाजसेवी बता रहा है। भले ही समाजसेवा के नाम पर इसने आज तक किसी गरीब को न तो एक अमरूद खिलाया है और न ही एक कम्बल दिया है। लेकिन यह स्वयं को सोशल मीडिया के माध्यम से सबसे बड़ा समाजसेवी साबित करने में तुला हुआ है। इसके द्वारा सोशल मीडिया पर अपना प्रचार किया जा रहा है। जिसमें खुद को सपा का नेता बताते हुए धामपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता का सबसे बड़ा शुभचिंतक साबित कर रहा है। यह नेता ऐसा है कि आज तक इसकी किसी ने न तो शक्ल देखी है और न ही इसने ऐसा काम किया है कि कोई इसकी शक्ल देखना चाहता हो। अभी यह प्रधान भी नहीं बना है, लेकिन बुराईयां मंत्रियों से भी ज्यादा आ गई है। यह अपने मोबाइल पर आने वाली क्षेत्र की जनता की कॉल भी रिसीव भी नहीं करता है। जबकि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में यह स्वयं को बड़ा समाजसेवी साबित करने में लगा हुआ है। यह सपा के टिकट पर धामपुर से विधायक बनने का ख्वाब देख रहा है। इसने कई बड़े नेताओं को अपने पाले में कर लिया है। जो इसका दामन पाक-साफ बता रहे है। इनका कहना है कि धामपुर विधानसभा क्षेत्र से दो बड़े नेता सपा का टिकट मांग रहे है और दोनों ही पहले ही चुनाव हार चुके हैं। आगे भी वह चुनाव नहीं जीत पाएंगे। एक के बारे में कहा जा रहा है कि उसे मुस्लिम समाज का वोट नहीं मिलेगा और दूसरे के बारे में कहा जा रहा है कि उसे हिंदू समाज का वोट नहीं मिलेगा। ऐसे में इस तीसरे दावेदार को टिकट देने से सपा धामपुर विधानसभा क्षेत्र में जीत जाएगी। लेकिन सवाल यह उठता है कि क्या हवाई प्रत्याशी चुनाव जीत सकता है। बताया जाता है कि उसने अपने जीवन में रिश्वत खूब ली है। वह देना नहीं जानता है और सिर्फ लेना जानता है। साथ ही वह क्षेत्र की जनता की कॉल भी रिसीव नहीं करता है। किसी के सुख-दुख में काम नहीं आता है। बस सोशल मीडिया और चंद सपा नेताओं के सहारे वह चुनाव जीतने का दावा कर रहा है। हकीकत यह है कि अगर वह प्रधानपद का चुनाव लड़ता है, तो भी हार जाएगा।

## पुलिया से टकरा कर पलटी कार

**नगीना।** नगीना से धामपुर की ओर जाती हुई एक तेज रफ्तार कार अचानक अनियंत्रित हो गई और पुलिया से टकरार पलट गई। इस हादसे में कार के बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो जाने के बावजूद चालक को कोई चोट नहीं आई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना में क्षतिग्रस्त कार को सड़क से हटवाया, जिससे बाधित यातायात पुन: सुचारू रूप से बहाल हुआ। हालांकि टक्कर इतनी तेज थी कि कार के पहिए निकल कर दूर जा गिरे।

## नगीना में हजारों की चोरी

**नगीना।** थाना क्षेत्र के ग्राम हरगांव चांदन में बंद पड़े मकान के ताले तोड़कर चोरों ने हजारों की नकदी सहित आभूषण चोरी कर लिए। घटना की जानकारी होने के बाद मकान स्वामी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। 60 वर्षीय लीलो देवी पत्नी स्व. रेशपाल सैनी घर में अकेली रहती है। उसके दो पुत्र महानगरों में रहकर छोले भटूरे बेचने का काम करते हैं, जो कि कभी कभार अपनी मां से मिलने गांव आते हैं। शनिवार को लीलो देवी अपने मकान में ताला डालकर दामाद के साथ अपने पुत्र का जन्मदिन मनाने दिल्ली गई हुई थी। मकान बंद देखकर किसी समय चोरों ने मकान का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया। जहां चोरों ने अलमारी में रखी नकदी व सोने के आभूषण चोरी कर लिए। शाम ग्राम के व्यक्ति ने दरवाजा खुला देखा तो स्वजन को जानकारी दी। लीलो देवी के पुत्र बिरजू ने वहीं से 112 नंबर पर पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने मौका मुआयना किया। परिवारजनों के बाहर होने के कारण घटना की तहरीर पुलिस को नहीं दी गई है। फिलहाल पुलिस चोरों की तलाश में जुटी हुई है।

## एक नजर

### नुक्कड़ नाटकों से किया जागरूक



**बिजनौर।** विवेक विश्वविद्यालय के नर्सिंग होम विभाग की छात्राओं ने नुक्कड नाटकों के माध्यम से समाज को स्वास्थय के प्रति जागरुक किया। नर्सिंग विभाग जीएनएम और एएनएम की छात्राओं ने ग्राम कुकड़ा के जूनियर हाईस्कूल में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बच्चों को प्राथमिक उपचार, पर्यावरण स्वच्छता, सोशल मीडिया के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर डा. रंगानाथन ने पर्यावरण स्वच्छता पर जोर देते हुए कहा कि अगर पर्यावरण स्वच्छ नहीं होगा तो हम भी स्वस्थ नहीं होगें। इसलिये आज हम सबको मिलकर अपने पर्यावरण को स्वस्थ रखना होगा। ग्राम कुकड़ा के जूनियर हाईस्कूल के प्रधानाचार्य वंदना ने सभी अतिथियों और छात्राओं को धन्यवाद किया गया तथा सभी छात्राओं को उनके भविष्य में अच्छे चरित्र, ईमानदारी व मेहनत के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर उनके उज्जवल भविष्य के लिये शुभ कामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन और मार्गदर्शन नर्सिंग होम की अध्यापिका प्रीति चौहान और शिवानी सिंह ने सक्रिय रूप से भाग लिया और कार्यक्रम को सम्पंन किया।

### धनसिनी में चौथा गुलदार पकड़ा



**नजीबाबाद।** ग्राम धनसिनी में आज फिर गुलदार पकड़ा गया। ग्राम धनसिनी में गुलदारों का आतंक देखा जा रहा है। ग्राम में दो महीने के अंदर यह चौथा गुलदार पकड़ा गया है। गुलदार पिंजरे में कैद हो गया। पिंजरा मास्टर अरविंद के खेत पर लगाया गया था। किसानों ने आज सुबह गुलदार को देखा। किसान सुरेंद्र सिंह, अरविंद कुमार, संजीव कुमार, सीताराम सिंह, सुनील कुमार, महेंद्र सिंह आदि खेतों पर पहुंचे, तो उन्होंने गुलदार पिंजरे में कैद देखा। मौके पर भारी भीड़ लग गई। ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग की टीम से ज्यादा से ज्यादा पिंजरे दिलाने की मांग की है। सूचना देने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। रेंजर राम कुमार गुलदार को अपने कब्जे में लेकर चले गए।

### क्रिसमस का पर्व मनाया



**नजीबाबाद।** सेंट मैरीज में क्रिसमस के पावन पर्व पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बिशप विन्सेंट नेल्लाईपराम्बिल ने विचार रखें। डायरेक्टर फादर पायस ने भी मार्ग दर्शन किया। जिससे पूरे परिसर में क्रिसमस की खुशियों का वातावरण बन गया। स्टाफ द्वारा कैरोल सिंगिंग प्रस्तुत की गई। इसके पश्चात बिशप विन्सेंट ने अपने संदेश में प्रेम, सेवा, शांति और भाईचारे के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मानवता की सेवा को क्रिसमस का सच्चा संदेश बताया। इस अवसर पर सिस्टर स्मिता द्वारा समस्त मानव जाति के लिए विशेष प्रार्थना कराई गई। परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था तथा कर्मचारियों द्वारा निर्मित क्रिब ने प्रभु यीशु मसीह के जन्म की कथा को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान 'मेरा क्रिसमस फ्रेंड' गतिविधि के माध्यम से उपहारों का आदान-प्रदान किया गया। साथ ही क्रिसमस उपहार प्रदान किए गए। फादर टोनी एलेक्स ने आभार व्यक्त किया।

### मृतक बीएलओ के परिजनों को एक करोड रुपए और सरकारी नौकरी देने की मांग



**नगीना।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र में विधायक नगीना (पूर्व मंत्री) मनोज पारस ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के दौरान हुई बीएलओ की मृत्यु चर्चा करते हुए मृतक बीएलओ के परिजनों को एक करोड़ रुपए एवं एक सरकारी नौकरी देने की मांग की।

# क्रिसमस व न्यू ईयर को लेकर पुलिस अलर्ट

## सार्वजनिक स्थानों सहित रोडवेज, रेलवे स्टेशन, होटलों व ढाबों की जांच

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** क्रिसमस डे और न्यू ईयर 2026 को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया है। पुलिस व एलआईयू की संयुक्त टीम ने सार्वजनिक स्थानों पर सघन चैकिंग अभियान चलाया।

प्राप्त समाचार के अनुसार किसी भी अनहोनी को रोकने एवं सुरक्षा की भावना मजबूत करने के उद्देश्य से आज स्थानीय पुलिस, एलआईयू व एस चेक टीम ने रोडवेज बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, होटलों व ढाबों सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर यात्रियों, संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की जांच की गई। पुलिस ने यात्रियों का सामान चैक किया। हालांकि इससे महिला यात्री कुछ असहज दिखाई दी। पुलिस की टीमों ने आने-जाने वाले लोगों से भी जानकारी की।





एएसपी सिटी डॉ. कृष्ण गोपाल सिंह ने बताया कि त्यौहारों के दौरान भीड़ बढ़ने के मद्देनजर सतर्कता बरती जा रही है। किसी भी संदिग्ध गति. विधि पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि नागरिकों से अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने के लिए कहा गया है।

## दिल्ली पुलिस बैरंग लौटी

**अफजलगढ़।** दिल्ली पुलिस को चोर नहीं मिला और उसे बैरंग वापस लौटना पड़ा।

बताया जाता है कि 21 अगस्त 2024 को अपराध शाखा, दिल्ली पुलिस ने कैंटीन में चोरी के मामले में यह रिपोर्ट दर्ज की थी। कैंटीन से नकदी, सिगरेट के पैकेट व पान मसाला सहित मोबाइल चोरी हो गया था। दिल्ली पुलिस ग्राम गोवर्धनपुर उर्फ नाबका निवासी परवेद्र सिंह पुत्र राजकुमार सिंह की तलाश में पहुंची थी। परवेद्र सिंह पुलिस को नहीं मिला। वादी अभिनव कादयान ने फोन पर बताया कि परवेद्र उसकी कैंटीन पर काम करता था। परवेद्र सिंह पुत्र राजकुमार सिंह पर स्थानीय थाना में भी एक आपराधिक मुकदमा दर्ज है।

## मंडावर के अशोक को दस वर्ष का कारावास

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** न्यायालय एडीजे/एफटीसी प्रथम ने मंडावर के अशोक को आत्महत्या एवं दहेज के लिए उत्पीड़न के मामले में दस वर्ष के सश्रम कारावास एवं डेढ़ लाख रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई हैं।

प्राप्त समाचार के अनुसार वादी ने 21 फरवरी 2017 को थाना मंडावर में तहरीर दी थी कि उसकी पुत्री को पति अशोक पुत्र कन्हैया निवासी ग्राम शहजादपुर के द्वारा अपने परिजनों के साथ मिल कर दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित किया जाता था। शादी के बाद से ही आरोपी उसकी पुत्री के साथ मारपीट करते थे। उसकी पुत्री हर समय मानसिक रूप से परेशान रहती थी। 15 फरवरी 2017 को एक राय होकर उसकी पुत्री की हत्या कर दी गई। थाना मंडावर पर मुकदमा अपराध संख्या 73/2017 धारा 498 ए, 302 व 34 आईपीसी में अभियोग पंजीकृत किया गया था। विवेचना के बाद पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित कर दिया था। अभियुक्त को सजा दिलाने के लिए पुलिस ने न्यायालय में प्रभावी पैरवी की थी। न्यायालय एडीजे/एफटीसी प्रथम ने आज धारा 498ए व 306 आईपीसी में अभियुक्त अशोक को दस वर्ष के सश्रम कारावास एवं डेढ़ लाख रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

## नौशाद सैफी जिला मीडिया प्रभारी नियुक्त



**नगीना।** अन्नदाता किसान यूनियन के अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलमगीर उस्मानी के कार्यालय पर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पहुंचे अन्नदाता किसान यूनियन के जिला महासचिव नजीबाबाद निवासी शाहनवाज सैफी का संगठन से जुड़े पदाधिकारियों ने फूला मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। इस दौरान आलमगीर उस्मानी ने नजीबाबाद निवासी नौशाद सैफी को जिला मीडिया प्रभारी के पद पर नियुक्त कर उन्हें परिचय पत्र दिया। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों ने नौशाद सैफी को बधाई देकर उनका फूल मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर नफीस उस्मानी, शमशाद सैफी, शहजाद सैफी, अर्सलान अंसारी, मुकीम कुरैशी, आफाक सैफी, साहिल अंसारी, शाही अरफात, नौशाद सैफी, नईम मंसूरी, मौहम्मद कामिल, विशाल चौधरी, नई मंसूरी आदि मौजूद रहे।

## झालू में युवक पर हमला

**झालू।** स्थानीय मौहल्ला मिर्दगान (जोशीयान) निवासी धर्मेन्द्र पुत्र बाब. ुराम ने अपने ही मौहल्ले के तीन युवकों पर जानलेवा हमला करने, पीछा कर धमकाने और दहशत फैलाने का आरोप लगाया है। पीड़ित धर्मेन्द्र के अनुसार आरोपी युवक उससे पुरानी रंजिश रखते हैं और पहले भी कई बार उसके साथ मारपीट कर चुके हैं। इस कारण वह और उसका परिवार पहले से ही खौफ के साए में जीवन व्यतीत कर रहा है। धर्मेन्द्र ने बताया कि 22 दिसंबर की देर शाम करीब आठ बजे वह अपनी छोटी बच्ची को गोद में लेकर रोजमर्रा का सामान खरीदने के लिए जा रहा था। तभी रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे तीनों युवकों ने उसे अचानक घेर लिया। आरोप है कि युवकों ने लाठी-डंडों से उस पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बच्ची को गोद में होने के कारण वह खुद को बचाने में भी असहाय था। किसी तरह जान जोखिम में डालकर वह मौके से भागा, लेकिन आरोपियों ने उसका पीछा किया और उसे जान से मारने की धमकी देते रहे। आसपास के लोगों के आने पर आरा. ेपी मौके से फरार हो गए। घटना के बाद मौहल्ले में डर और आक्रोश का माहौल है। पीड़ित का कहना है कि उसे और उसके परिवार को अब भी जान का खतरा बना हुआ है। धर्मेन्द्र ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई, गिरफ्तारी और परिवार की सुरक्षा की मांग की है। पुलिस चौकी प्रभारी कुलदीप कुमार ने बताया कि पीड़ित की तहरीर प्राप्त हो गई है। मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# सांसद ने दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल वितरित की

### आगे भी जारी रहेंगे कार्यक्रम

शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** दिव्यांगजनों के आर्थिक व सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद के प्रयासों से नजीबाबाद एवं धामपुर ब्लॉक के 75 से अधिक दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राई साइकिलें वितरित की गईं। यह वितरण कार्यक्रम भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) के सहयोग से आयोजित किया गया।





जानकारी के अनुसार अनंत ग्रीन रिजल्ट में आयोजित कार्यक्रम के दौरान दिव्यांगजनों से संवाद करते हुए सांसद चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि समाज के हर वर्ग को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी जनप्रतिनिधियों की होती है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को शारीरिक चुनौतियों के कारण दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता है, उन्हें आत्मनिर्भर बनाना इंसानियत का कर्तव्य है। सांसद ने स्पष्ट किया कि यह वितरण उनकी सांसद निधि से नहीं, बल्कि सीएसआर (कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) के तहत स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के सहयोग से कराया गया है।

सांसद ने बताया कि इसके लिए उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कई बार संवाद किया और अंतत: लगभग 50 लाख रुपये का सीएसआर फंड स्वीकृत कराया गया, जिससे दिव्यांग. जनों को आधुनिक सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जा सके। कार्यक्रम में विशेष रूप से महिलाओं के लिए डिजाइन की गई ट्राई साइकिलें भी शामिल रहीं, जो जिले में पहली बार वितरित की गईं।

इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि विवेक सेन ने बताया कि पूर्व में प्रत्येक ब्लॉक में शिविर लगाकर पात्र दिव्यांगजनों की सूची तैयार की गई थी, जिसके आधार पर यह वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि आज केवल मोटराइज्ड ट्राई साइकिलें वित. रित की गई हैं, जबकि अन्य सहायक उपकरणों के लिए जिला स्तर से अलग व्यवस्था की जाती है।

एलिम्को द्वारा उपलब्ध कराए गए दस्तावेजों के अनुसार, यह निगम दिव्यांगजनों के लिए कृत्रिम अंग, ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र सहित विभिन्न सहायक उपकरणों का निर्माण व वितरण करता है। कार्यक्रम में उपलब्ध कराई गई ट्राई साइकिलें दिव्यांगजनों की दैनिक आवाजाही को आसान बनाएंगी और उन्हें रोजगार व सामाजिक गति. विधियों से जोड़ने में मदद करेंगी।

कार्यक्रम के अंत में सांसद ने सड़क सुरक्षा को लेकर भी अपील की और कहा कि दुर्घटनाओं में होने वाली मौतें चिंताजनक हैं, इसलिए दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अनिवार्य रूप से करें।

कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता, एलिम्को के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में दिव्यांगजन उपस्थित रहे। दिव्यांग लाभार्थियों ने ट्राई साइकिल मिलने पर खुशी जताते हुए सांसद और सहयोगी संस्थाओं का आभार व्यक्त किया। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद चंद्रशेखर आजाद, विवेक सेन, महाराष्ट्र के प्रदेश अध्यक्ष सुल्तान अहमद एडवोकेट, विपणन अधिकारी नीरज यादव, आसपा जिला अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार, प्रशांत, गोविंद दास आदि के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया

इस दौरान दीपक कुमार, पूर्व जिला पंचायत सदस्य जावेद अहमद सहित आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी का सहयोग रहा।

## नीतीश कुमार के दिमाग की कराई जाए जांच : इफ्तेखार

### भाजपाईयों का दोगलापन देख रहा सभ्य समाज



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** पीस पार्टी के जिला अध्यक्ष इफ्तेखार हुसैन ने कहा कि बिहार के सीएम नीतीश कुमार की मानसिक स्थिति की मेडिकल बोर्ड से जांच कराई जानी चाहिए। ताकि पता चल सके कि वह साजिश के तहत गंदी हरकत कर रहे है या फिर उनका मानसिक संतुलन खराब हो चुका हैं।

प्राप्त समाचार के अनुसार पीस पार्टी के जिला अध्यक्ष इफ्तेखार हुसैन ने बिहार के सीएम नीतीश कुमार के द्वारा महिला चिकित्सक का हिजाब खींचे जाने की निंदा करते हुए कहा कि कोई भी संस्कारवान व सभ्य व्यक्ति इतनी नीच हरकत नहीं कर सकता है। उन्होंने कहा कि वहशी और अय्याश मानसिकता का व्यक्ति ही खुलेआम किसी भी महिला का अपमान कर सकता है। उन्होंने कहा कि हमें बहन-बेटियों के सम्मान की शिक्षा दी गई हैं। बहन बेटियों का अपमान करने वाले व्यक्ति को सार्वजनिक पद पर नहीं रहना चाहिए। नीतीश कुमार के खिलाफ सख्त कार्यवाही होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उसके खिलाफ कार्रवाई में जितनी देरी हो रही है, उतना ही बहन बेटियों का कानून के ऊपर से विश्वास उठता जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज की बहन बेटियों के सम्मान व सुरक्षा के साथ खिलवाड़ नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता जिस तरह से बिहार के सीएम नीतीश कुमार का बचाव कर रहे है, उससे इनके चेहरे पर लगा नकाब हट रहा हैं। हर घर में बहन व बेटियां होती है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं का दोगलापन समाज देख रहा हैं। उन्होंने कहा कि सीएम नीतीश कुमार को नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए था। लेकिन उनके अंदर शायद नैतिकता नहीं बची है।

# सम्पादकीय

बुधवार, 24 दिसम्बर 2025

## बांग्लादेश पर बवाल

बांग्लादेश में हिन्दू कार्यकर्ता की हत्या के बाद वहां आग लगी हुई है ,जिसका असर अब भारत में भी दिखाई देने लगा है। भारत के असम, जम्मू-कश्मीर, पश्चिमी बंगाल और उत्तर प्रदेश में हिन्दू संगठन प्रदर्शन कर बांग्लादेश सरकार के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। किसी भी देश में लोगों की सुरक्षा उस सरकार का काम होता है, लेकिन बांग्लादेश में हसीना सरकार के तख्ता पलट के बाद यूनुस सरकार आने पर हालात और भी ज्यादा खराब हो गए हैं, जिसके कारण वहां रह रहे अल्पंख्यकों हिन्दुओं में भारी आक्रोश है। हो भी क्यों न, वहां की सरकार हिन्दुओं की रक्षा के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है, जिसके कारण भारत में भी माहौल गरमा गया है। परिणामस्वरूप नई दिल्ली में बांग्लादेश उच्चायोग के बाहर हिन्दू संगठनों का जोरदार प्रदर्शन हुआ और प्रदर्शनकारी पुलिस से भिड़ गए। बांग्लादेश में भी हिंदू युवक की हत्या के खिलाफ प्रदर्शन हो रहा है। ये विडंबना ही है कि जिस सरकार को बनाने में सभी लोग भाग लेते हैं, लेकिन सरकार इनकी सुरक्षा में ही विफल हो गई है। और तो और सरकार आरोपियों को बचाने में लगी हुई है। विहिप और अन्य हिंदू संगठनों ने दिल्ली में बांग्लादेश हाई कमिशन के सामने जोरदार प्रदर्शन किया। बांग्लादेश में उस्मान हादी की हत्या के विरोध में हुए प्रदर्शन के दौरान हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की हत्या की गई है। दास को भीड़ ने पीट-पीटकर मारा और बाद में उसका शव जलाया गया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इसके बाद से बवाल मच गया। बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ अत्याचार के खिलाफ पिछले कुछ दिन से सोशल मीडिया से लेकर सड़क पर प्रदर्शन हो रहा है। प्रदर्शन कर रहे एक शख्स ने रोते हुए कहा कि वहां लोग मारे जा रहे हैं, ये देश राम का है, ये देश कृष्ण का है। हम किसी को नहीं मारते पर वहां हमारी बहन बेटियों की इज्जत लूटी जा रही है। विरोध-प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारी बैरीकेड को तोड़ने की भी कोशिश कर रहे थे। पुलिस को प्रदर्शनकारियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। गौरतलब है कि दिल्ली पुलिस ने बांग्लादेश हाई कमिशन के सामने सुबह से ही सुरक्षा बढ़ा दी थी। हालांकि, सख्त सुरक्षा व्यवस्था के बाद भी प्रदर्शनकारियों ने बैरियर तोड़ते हुए प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी काफी आक्रोश में थे और उन्होंने सिक्योरिटी का दो लेयर भेद दिया था। इसके बाद भी प्रदर्शनकारी नहीं माने और उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को धता बताकर प्रदर्शन जारी रखा तथा सरकार से मांग की कि इस मामले में बांग्लादेश सरकार से बात की जाए और वहां रह रहे अल्पसंख्यक हिन्दुओं की सुरक्षा की बात उठाई जाए। आज देश के तीन राज्यों में बांग्लादेश सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया गया, जिसके बाद सरकार में हलचल मची और भारत सरकार ने बांग्लादेश स्थित अपने उच्चायुक्तों की सुरक्षा को बढ़ा दिया, लेकिन इसी से काम चलने वाला नहीं है।

## दुविधा में भारतीय नेतृत्व



बंगलादेश में हिंदू महिलाएं के सिंदूर लगाकर स्वतंत्र रूप से घूमने में डरने की रिपोर्ट चिंता का विषय है, हालांकि यह मुद्दा गंभीर है, लेकिन भारतीय नेतृत्व बंगलादेशी अधिकारियों के साथ इस मामले को उठाने में नैतिक दुविधा का सामना कर रहा है, क्योंकि देश के भीतर ही कुछ असामाजिक तत्व मुस्लिम महिलाओं के हिजाब जबरन उतारते देखे जाते हैं, कट्टरपंथियों के दबदबे वाली दुनिया में महिलाओं के अधिकारों और सम्मान के लिए वास्तव में कौन खड़ा होगा, केंद्र सरकार को बंगलादेशी अधिकारियों के साथ इस मामले को गंभीरतापूर्वक उठाना चाहिए।

**-महबूबा मुफ्ती**
**अध्यक्ष, पीडीपी**

# आवाज की दुनिया के सरताज थे मोहम्मद रफी

**जन्मदिन पर विशेष**



**रफी साहब ने अपने सिने करियर में लगभग 700 फिल्मों के लिए 26 हजार से भी ज्यादा गीत गए, वह इंडस्ट्री में अपने मधुर स्वभाव के लिए जाने जाते थे।**

**मोहम्मद रफी-बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन के बहुत बड़े प्रशंसक थे। मोहम्मद रफी फिल्म देखने के शौकीन नहीं थे लेकिन कभी-कभी वह फिल्म देख लिया करते थे। एक बार रफी ने अमिताभ बच्चन की फिल्म दीवार देखी थी। दीवार देखने के बाद रफी -अमिताभ के बहुत बड़े प्रशंसक बन गए। वर्ष 1980 में प्रदर्शित फिल्म नसीब में रफी को अमिताभ के साथ युगल गीत-चल चल मेरे भाई-गाने का अवसर मिला। अमिताभ के साथ इस गीत को गाने के बाद रफी बेहद खुश हुए थे। जब रफी साहब अपने घर पहुंचे तो उन्होंने अपने परिवार के लोगों को अपने पसंदीदा अभिनेता अमिताभ के साथ गाने की बात को खुश होते हुए बताया था। अमिताभ के अलावा रफी को शम्मी कपूर और धर्मेन्द्र की फिल्में भी बेहद पसंद आती थी।**

अपने लाजवाब पार्श्वगायन से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करने वाले आवाज की दुनिया के सरताज मोहम्मद रफी को पार्श्वगायक बनने की प्रेरणा एक फकीर से मिली थी। पंजाब के कोटला सुल्तान सिंह गांव में 24 दिसंबर 1924 को एकमध्यम वर्गीय मुस्लिम परिवार में जन्मे रफी एक फकीर के गीतों को सुना करते थे, जिससे उनके दिल में संगीत के प्रति एक अटूट लगाव पैदा हो गया। रफी के बड़े भाई हमीद ने मोहम्मद रफी के मन मे संगीत के प्रति बढ़ते रुझान को पहचान लिया था और उन्हें इस राह पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। लाहौर में रफी संगीत की शिक्षा उस्ताद अब्दुल वाहिद खान से लेने लगे और साथ ही उन्होंने गुलाम अली खान से भारतीय शास्त्रीय संगीत भी सीखना शुरू कर दिया। एक बार हमीद रफी को लेकर के-एल-सहगल संगीत कार्यक्रम में ले गए, लेकिन बिजली नहीं होने के कारण के-एल- सहगल ने गाने से इंकार कर दिया। हमीद ने कार्यक्रम के संचालक से गुजारिश की कि वह उनके भाई रफी को गाने का मौका दें। संचालक के राजी होने पर रफी ने पहली बार 13 वर्ष की उम्र में अपना पहला गीत स्टेज पर दर्शकों के बीच पेश किया। दर्शकों के बीच बैठे संगीतकार श्याम सुंदर को उनका गाना अच्छा लगा और उन्होंने रफी को मुंबई आने के लिए न्यौता दिया। श्याम सुंदर के संगीत निर्देशन में रफी ने अपना पहला गाना सोनिएनी हिरीए नी पार्श्व गायिका जीनत बेगम के साथ एक पंजाबी फिल्म गुल बलोच के लिए गाया। वर्ष 1944 मे नौशाद के संगीत निर्देशन में उन्हें अपना पहला हिन्दी गाना हिन्दुस्तान के हम है पहले आप के लिए गाया। वर्ष 1949 में नौशाद के संगीत निर्देशन में दुलारी फिल्म मे गाए गीत सुहानी रात ढल चुकी के जरिए वह सफलता की ऊंचाइयों पर पहुंच गए और इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। दिलीप कुमार देवानंद, शम्मी कपूर, राजेन्द्र कुमार, शशि कपूर, राज. कुमार जैसे नामचीन नायकों की आवाज कहे जाने वाले रफी अपने संपूर्ण सिने कैरियर मे लगभग 700 फिल्मों के लिए 26000 से भी ज्यादा गीत गाए।

मोहम्मद रफी-बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन के बहुत बड़े प्रशंसक थे। मोहम्मद रफी फिल्म देखने के शौकीन नहीं थे लेकिन कभी-कभी वह फिल्म देख लिया करते थे। एक बार रफी ने अमिताभ बच्चन की फिल्म दीवार देखी थी। दीवार देखने के बाद रफी -अमिताभ के बहुत बड़े प्रशंसक बन गए। वर्ष 1980 में प्रदर्शित फिल्म नसीब में रफी को अमिताभ के साथ युगल गीत-चल चल मेरे भाई-गाने का अवसर मिला। अमिताभ के साथ इस गीत को गाने के बाद रफी बेहद खुश हुए थे। जब रफी साहब अपने घर पहुंचे तो उन्होंने अपने परिवार के लोगों को अपने पसंदीदा अभिनेता अमिताभ के साथ गाने की बात को खुश होते हुए बताया था। अमिताभ के अलावा रफी को शम्मी कपूर और धर्मेन्द्र की फिल्में भी बेहद पसंद आती थी। मोहम्मद रफी को अमिताभ-धर्मेन्द्र की फिल्म शोले बेहद पंसद थी और उन्होंने इसे तीन बार देखा था। मोहम्मद रफी फिल्म इंडस्ट्री में मृदु स्वाभाव के कारण जाने जाते थे, लेकिन एक बार उनकी कोकिल कंठ लता मंगेश्कर के साथ अनबन हो गई थी। मोहम्मद रफी ने लता मंगेशकर के साथ सैकड़ों गीत गाए थे लेकिन एक वक्त ऐसा भी आया था जब रफी ने लता से बातचीत तक करनी बंद कर दी थी। लता मंगेशकर गानों पर रॉयल्टी की पक्षधर थी जबकि रफी ने कभी भी रॉयल्टी की मांग नहीं की। रफी साहब मानते थे कि एक बार जब निर्माताओं ने गाने के पैसे दे दिए तो फिर रॉयल्टी किस बात की मांगी जाए। दोनों के बीच विवाद इतना बढ़ा कि मोहम्मद रफी और लता मंगेशकर के बीच बातचीत भी बंद हो गई और दोनों ने एक साथ गीत गाने से इन्कार कर दिया हालांकि चार वर्ष के बाद अभिनेत्री नरगिस के प्रयास से दोनों ने एक साथ एक कार्यक्रम में -दिल पुकारे-गीत गाया। मोहम्मद रफी ने हिन्दी फिल्मों के अलावा मराठी और तेलुगू फिल्मों के लिए भी गाने गाए। मोहम्मद रफी अपने करियर में 6 बार फिल्म फेयर अवार्ड से सम्मानित किए गए। वह वर्ष 1965 में रफी पद्म पुरस्कार से भी सम्मानित किए गए। 30 जुलाई 1980 को आस पास फिल्म के गाने शाम कयू उदास है दोस्त, गाने के पूरा करने के बाद जब रफी ने लक्ष्मीकांत प्यारे लाल से कहा कि शूड आई लीव जिसे सुनकर लक्ष्मीकांत प्यारे लाल अचंभित हो गए क्योंकि इसके पहले रफी ने उनसे कभी इस तरह की बात नहीं की थी। अगले दिन 31 जुलाई 1980 को रफी को दिल का दौरा पड़ा और वह इस दुनिया को ही छोड़कर चले गए।

**...साभार**

# उप्र में प्राइवेट टीचर्स की जिंदगी जहन्नुम

**उत्तर प्रदेश में प्राइमरी टीचर्स को जल खरीद गुलाम बना दिए गए, ना उनकी कोई कथा सुनने को तैयार है ना उनसे कोई बात करने को तैयार है। सरकार की नजरों में उनकी इमेज बहुत खराब है। चोर और निकम्मी है बैठे-बैठे फ्री की तनख्वाह लेते हैं अधिकारियों का सारा वक्त इन पर नियंत्रण करने में गुजर रहा है। यह बहुत चिंता की बात है।**



**शमशाद रशीद**

उप्र में प्राइवेट टीचर्स की जिंदगी हन्नुम हो गई है उनके सिर पर पढ़ाई के अलावा कई तरह के काम का बोझ और इतने कम कुछ इज्जतदार काम और कुछ बहुत ही बेइज्जती के काम उनसे करवाए जा रहे हैं जिसकी वजह से ना वह अपने सम्मान को बचा पा रहे हैं और न वह पढ़ाई के काम को ठीक कर पा रहे हैं ना वह अपनी जिंदगी में अपने परिवार अपने रिश्तेदार ना अपने दोस्तों को समय दे पा रहे हैं।

उत्तर प्रदेश में प्राइमरी टीचर होना एक बहुत बड़ी सजा बनती जा रही है बहुत बड़ी हैरानी की बात यह है कि इसकी कोई चर्चा ही नहीं करता कि आखिर मास्टर साहब इतनी तकलीफ में क्यों हैं और अगर हैं तो इससे हमारी और आपकी जिंदगी सब की जिंदगी प्रभावित होगी। बच्चे सबके हैं पढ़ते वही हैं कारण क्या है उत्तर प्रदेश में प्राइमरी टीचर्स की समस्या का उत्तर प्रदेश की शिक्षा जगत की कौम है। उत्तर प्रदेश के प्राइमरी टीचर्स के मास्टर साहब पढ़ने के अलावा जितने भी काम हैं सब करते हैं जब यह सब आते हैं तो सब की डिजिटल अटेंडेंस भरते हैं। 36 तरह के एप हैं जिस पर यह प्रतिदिन ऑनलाइन डाटा भरते हैं। तस्वीर खींचते हैं तस्वीरें वीडियो बनाते हैं अपनी जीपीएस लोकेशन देते हैं और भरते हैं। जब यह सब काम कर लेते हैं उसके बाद में स्कूल में झाड़ू लगवाते हैं बॉथरूमों को साफ करते हैं बॉथरूमों को साफ करते हैं फिर उसके बाद प्रार्थना सभा करते हैं उसके बाद सारी डिटेल मुहैया करते हैं फिर उसके बाद वक्त बचा तो पढ़ाई और मिड डे मील पकवाते हैं, मिड डे मील के बाद फिर रिपोर्टिंग होती है यह सब करने के बाद उनको जनगणना का काम मतगणना का काम एसएआईआर का काम राष्ट्रीय कार्यक्रम कराए जाते हैं। ईंधन का इंतजाम और फिर शाम को प्रधान जी कहते हैं सुबह बाजार से सब्जी और कुछ अनाज भी लेते आना, क्योंकि कल बनेगा क्या अभी इसकी तैयारी नहीं है। इसके बाद बचा एबीएसए की चमचागिरी, प्रधान प्रधान की एरोला विधायक विधायक और बाकी अधिकारियों का और मीडिया के हर समय लगे कैमरे एक बहुत ही अपमानजनक काम है इनका। उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जनपद में आवारा कुत्ते गिरने के काम में लगाया गया एक शिक्षक को। अगर इस काम में लगाया जाएगा तो क्या उसका कोई आत्म सम्मान बचेगा एक कुत्ते ढूंढने का उनकी गिनती करेगा। यह कौन लोग हैं जो इस तरह का फरमान जारी करते अध्यापकों के आत्म सम्मान के साथ-साथ हमारी मौजूदा आने वाली पीढ़ी के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। आखिर क्या कारण है कि प्राइमरी का एक टीचर इतने तरह के काम करता है मतलब यह एक टीचर ना हो गया सुपरमैन हो गया, शक्तिमान हो गया, उनसे इतने काम कराया जाए क्या इसकी कोई व्यक्ति का जिंदगी नहीं है उसको शिक्षा के काम में लगाओ। अध्ययन और अध्यापक के काम में लगाओ जो बहुत ही पवित्र काम है। जब उसका ध्यान सारा दिन फालतू के कामों में वीडियो बनाने में मिड डे मील से लेकर बाथरूम की सफाई तक कराएगा, प्राइमरी टीचर होना एक अभिशाप सा बन गया। उनकी व्यक्तिगत जिंदगी खत्म हो गई है। उत्तर प्रदेश में प्राइमरी टीचर्स को जल खरीद गुलाम बना दिए गए, ना उनकी कोई कथा सुनने को तैयार है ना उनसे कोई बात करने को तैयार है। सरकार की नजरों में उनकी इमेज बहुत खराब है। चोर और निकम्मी है बैठे-बैठे फ्री की तनख्वाह लेते हैं अधिकारियों का सारा वक्त इन पर नियंत्रण करने में गुजर रहा है। यह बहुत चिंता की बात है अब अगर अब अगर शिक्षकों अब अगर शिक्षकों से इंसान के साथ-साथ कुत्ते भी गिन जाएंगे तो फिर समझ में उन्हें इज्जत कौन देगा। एक तरफ तो कहते हैं कि टीचर्स का काम एक बहुत सम्मान का पैसा है तो क्या उनको कुत्ते गिनने के काम में लगाया जाएगा। मास्टर नाम एक काम अनेक और इसी तरह से उत्तर प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था चल रही है। अलीगढ़ के बेसिक शिक्षा अधिकारी ने जो आदेश जारी किया था उसने वापस ले लिया है काफी आलोचना के बाद अब यह संभव था क्या कि मास्टर एक स्कूल के गेट पर खड़ा होकर कुत्तों की निगरानी करें।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# एपस्टिन फाइल्स सत्ता की हनक का प्रतीक

एपस्टीन से जुड़ी जांच फाइलें केवल किसी एक व्यक्ति के अपराधों का दस्तावेज नहीं हैं, बल्कि वे उस वैश्विक मानसिक स्थिति का प्रतिबिंब हैं, जिसमें सत्ता, धन और प्रभाव ने मनुष्यता को पीछे छोड़ दिया। यह तथ्य अपने आप में चिंताजनक है कि जिन नामों का उल्लेख इन फाइलों में आया है, वे अलग-अलग देशों, संस्कृतियों, रंगों, जातियों और धर्मों से आते हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि समस्या किसी एक समाज की नहीं, बल्कि उस मानसिकता की है जो स्वयं को नियमों से ऊपर मानने लगती है।

जब किसी व्यक्ति के पास अत्यधिक शक्ति और साधन आ जाते हैं, तब उसके भीतर यह भ्रम जन्म लेने लगता है कि उसके लिए हर सीमा शिथिल है। यही भ्रम धीरे-धीरे संवेदनहीनता में बदल जाता है। दूसरे मनुष्य को वह एक स्वतंत्र व्यक्तित्व नहीं, बल्कि अपने सुख का साधन समझने लगता है। नाबालिग बालिकाएं, जिनका संरक्षण समाज का कर्तव्य है, ऐसे विकृत दृष्टिकोण में सबसे आसान शिकार बन जाती हैं, क्योंकि वे कमजोर होती हैं, निर्भर होती हैं और अक्सर अपनी पीड़ा व्यक्त करने में असमर्थ होती हैं।

आधुनिक समय की उपभोक्तावादी संस्कृति ने इस विकृति को और बढ़ाया है। जब जीवन का उद्देश्य केवल भोग, प्रदर्शन और सुख-साधनों का संग्रह बन जाता है, तब नैतिक विवेक धीरे-धीरे समाप्त होने लगता है। मनोरंजन उद्योग, डिजिटल प्लेटफॉर्म और दिखावटी जीवनशैली ने देह को वस्तु के रूप में प्रस्तुत किया, जिससे उम्र, मर्यादा और सहमति जैसी अवधारणाएं गौण होती चली गईं। परिणामस्वरूप, कुछ लोगों के लिए अपराध भी एक 'विशेष सुविधा' जैसा बन गया। यह प्रश्न स्वाभाविक है कि जब लगभग हर देश में कानून हैं, अंतर्राष्ट्रीय संधियां हैं और मानवा. धिकारों की घोषणाएं हैं, तब भी ऐसे अवैधानिक कृत्य वर्षों तक कैसे चलते रहे।

इसका उत्तर यही है कि कानून पुस्तकों में तो जीवित रहते हैं, लेकिन जब उन्हें लागू करने वाली संस्थाएं प्रभाव, भय या स्वार्थ से ग्रस्त हो जाती हैं, तब न्याय निष्प्रभावी हो जाता है। जब अपराध करने वाले ही सत्ता और व्यवस्था के केंद्र में हों, तब सामान्य नागरिक के लिए न्याय पाना कठिन हो जाता है और प्रभावशाली लोगों के लिए हर दरवाजा अपने आप खुलता चला जाता है। यहीं से समाज में दोहरी व्यवस्था जन्म लेती है एक आम आदमी के लिए और दूसरी ताकतवर लोगों के लिए। जिन स्थानों तक सामान्य व्यक्ति की पहुंच असंभव होती है, वहां प्रभावशाली लोग सहजता से पहुंच जाते हैं। यही असमानता अपराध को जन्म देती है और उसे लंबे समय तक जीवित भी रखती है। इन परिस्थितियों से बचाव केवल कानून बनाने से नहीं होगा। इसके लिए समाज को कई स्तरों पर सजग होना पड़ेगा। सबसे पहले, परिवार और शिक्षा व्यवस्था में बच्चों को यह सिखाना आवश्यक है कि उनकी देह, उनकी इच्छा और उनकी असहमति का महत्व क्या है। उन्हें बिना डर के 'ना' कहना सिखाया जाए और यह विश्वास दिलाया जाए कि सच बोलने पर उन्हें दोषी नहीं ठहराया जाएगा। दूसरे, समाज को प्रभाव और

> जिन स्थानों तक सामान्य व्यक्ति की पहुंच असंभव होती है, वहां प्रभावशाली लोग सहजता से पहुंच जाते हैं। यही असमानता अपराध को जन्म देती है और उसे लंबे समय तक जीवित भी रखती है। इन परिस्थितियों से बचाव केवल कानून बनाने से नहीं होगा। इसके लिए समाज को कई स्तरों पर सजग होना पड़ेगा। सबसे पहले, परिवार और शिक्षा व्यवस्था में बच्चों को यह सिखाना आवश्यक है कि उनकी देह, उनकी इच्छा और उनकी असहमति का महत्व क्या है। उन्हें बिना डर के 'ना' कहना सिखाया जाए और यह विश्वास दिलाया जाए कि सच बोलने पर उन्हें दोषी नहीं ठहराया जाएगा। दूसरे, समाज को प्रभाव और प्रसिद्धि से अंधा होना छोड़ना होगा। किसी व्यक्ति की सफलता, पद या लोकप्रियता उसे नैतिक जांच से मुक्त नहीं कर सकती।



प्रसिद्धि से अंधा होना छोड़ना होगा। किसी व्यक्ति की सफलता, पद या लोकप्रियता उसे नैतिक जांच से मुक्त नहीं कर सकती। मीडिया, न्यायपालिका और नागरिक समाज को मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी व्यक्ति कानून से ऊपर न हो। तीसरे, पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देना अनिवार्य है। सत्ता में बैठे लोगों के कार्यों पर निरंतर निगरानी, स्वतंत्र जांच और समयबद्ध न्याय ही ऐसे नेटवर्क को पनपने से रोक सकते हैं। चौथे, सांस्कृतिक स्तर पर यह पुनः स्थापित करना होगा कि संयम, मर्यादा और करुणा कमजोरी नहीं, बल्कि सभ्यता की पहचान हैं। जिन समाजों ने इन मूल्यों को जीवित रखा है, वे आज भी अपेक्षाकृत सुरक्षित हैं। एपस्टीन प्रकरण हमें यह याद दिलाता है कि नैतिक पतन अचानक नहीं होता, वह धीरे-धीरे तब होता है जब समाज छोटी-छोटी अनैतिकताओं को नजरअंदाज करता रहता है। यदि आज भी हमने समय रहते चेतना नहीं जगाई, तो नाम, स्थान और चेहरे बदलते रहेंगे, पर अपराध की प्रकृति बनी रहेगी। इसलिए यह केवल दूसरों की कहानी नहीं है, यह हम सभी के लिए आत्मपरीक्षा का अवसर है कि हम किस प्रकार का समाज भविष्य की पीढ़ियों को सौंपना चाहते हैं।

**-राजीव-राकेश**



नई दिल्ली। शीत ऋतु के कोहरे के कारण रेल सेवाओं में देरी होने से यात्री रेलवे स्टेशन के बाहर इंतजार करते हुए।

## विदेशी ड्रोन आयात पर अमेरिका के प्रतिबंध के फैसले पर खेद जताया

**बीजिंग।** मानवरहित हवाई वाहनों की दुनिया की सबसे बड़ी निर्माता कंपनी, चीनी ड्रोन निर्माता डीजेआई ने मंगलवार को अमेरिका द्वारा सभी नए आयातित विदेशी ड्रोनों को प्रतिबंधित करने के फैसले पर खेद व्यक्त किया। 'हुआनकिउ' समाचार एजेंसी के अनुसार डीजेआई ने कहा कि अमेरिका का यह कदम न केवल अमेरिकी उपभोक्ताओं और व्यावसायिक उपयोगकर्ताओं के लिए पसंद की स्वतंत्रता को सीमित करता है, बल्कि एक खुले एवं निष्पक्ष बाजार के सिद्धांतों को भी कमजोर करता है।

## पाक में सुरक्षाबलों पर हमले में पांच पुलिसकर्मियों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में एक बार आतंकियों ने घात लगाकर सुरक्षाबलों पर हमला किया। इस हमले में पांच पुलिसकर्मी मारे गए हैं। घटना पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा राज्य की है, जहां मंगलवार को अज्ञात हमलावरों ने एक पुलिस की गाड़ी पर अंधाधुंध फायरिंग की, जिसमें वैन सवार पांच पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। स्थानीय पुलिस ने बताया कि हमला खैबर पख्तूनख्वा जिले के करक जिले में हुई, जहां पुलिसकर्मी रुटीन पेट्रोलिंग पर थे। इसी दौरान अज्ञात हमलावरों ने पुलिस के वाहन पर हमला कर दिया, जिसमें पांच पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। हमले के बाद पाकिस्तानी सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी है।

# अमेरिका ने H-1B और H-4 वीजा जांच सख्त की

### अब सोशल मीडिया भी चेक किया जाएगा, कई महीनों के लिए इंटरव्यू टाले गए




■ यह कदम एच-1बी वीजा के दुरुपयोग और अवैध इमिग्रेशन पर रोक लगाने के लिए उठाया गया

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने एच-1बी और एच-4 वीजा के सभी आवेदकों की जांच सख्त कर दी है। 15 दिसम्बर से अब वीजा प्रक्रिया में ऑनलाइन और सोशल मीडिया की जांच भी शामिल कर दी गई है। यह नियम दुनिया भर के सभी देशों के आवेदकों पर लागू होगा।

भारत स्थित अमेरिकी दूतावास ने कहा कि यह कदम एच-1बी वीजा के दुरुपयोग और अवैध इमिग्रेशन पर रोक लगाने के लिए उठाया गया है। इस फैसले के बाद भारत में हजारों आवेदकों के तय वीजा इंटरव्यू टाल दिए गए हैं। कई इंटरव्यू अब मार्च से मई तक के लिए रीशेडयूल किए गए हैं। इससे वे लोग ज्यादा परेशान हैं, जो इंटरव्यू के लिए पहले ही भारत आ चुके हैं और वीजा न होने के कारण अमेरिका वापस नहीं जा पा रहे। दूतावास के मुताबिक, एच-1बी और एच-4 वीजा के आवेदन लिए जा रहे हैं, लेकिन जांच बढ़ने से प्रक्रिया में ज्यादा समय लग सकता है। भारत सरकार ने कहा है कि वह इस मुद्दे पर अमेरिका से लगातार बातचीत कर रही है, ताकि भारतीय छात्रों और पेशेवरों को परेशानी न हो। एच-1 बी वीजा क्या है- हाई स्किल्ड प्रोफेशनल्स जैसे डॉक्टर्स, इंजीनियर, सॉफ्टवेयर प्रोफेशनल्स को एच-1 बी वीजा जारी होता है। 1990 में अमेरिकी कांग्रेस में बिल के जरिए ये वीजा अस्तित्व में आया। भारतीयों पर सबसे ज्यादा असर पड़ेगा, क्योंकि हर साल कुल जारी किए जाने वाले एच-1बी वीजा में से 70 प्रतिशत भारतीय प्रोफेशनल्स को जारी किए जाते हैं। पहले फीस लगभग 9 हजार डॉलर थी, लेकिन सितम्बर 2025 में ट्रम्प ने इसे बढ़ाकर लगभग 90 लाख रुपये कर दिया। 3-3 साल के लिए दो बार जारी होता है। कुल अवधि 6 साल के बाद आवेदक चाहे तो ग्रीन कार्ड यानी नागरिकता से पहले की स्टेज के लिए आवेदन कर सकता है। ट्रम्प का एच-1 बी वीजा पर 9 साल में कभी हां, कभी ना वाला रवैया रहा है। पहले कार्यकाल में 2016 में ट्रम्प ने इस वीजा को अमेरिकी हितों के खिलाफ कहा था। 2019 में इस वीजा का एक्सटेंशन सस्पेंड किया। पिछले महीने ही यू-टर्न लेते हुए कहा: हमें टैलेंट की जरूरत है। ट्रम्प ने एच-1बी में बदलाव के अलावा 3 नए तरह के वीजा कार्ड लॉन्च किए थे। 'ट्रम्प गोल्ड कार्ड', 'ट्रम्प प्लेटिनम कार्ड' और 'कॉर्पोरेट गोल्ड कार्ड' जैसी सुविधाएं भी शुरू की गई हैं। ट्रम्प गोल्ड कार्ड (8.8 करोड़ कीमत) व्यक्ति को अमेरिका में अनलिमिटेड रेसीडेंसी (हमेशा रहने) का अधिकार देगा।

# ट्रम्प ने सालभर में 18 हजार करोड़ चंदा लिया

### बदले में करोड़ों के फायदे दिए, लिस्ट में सुंदर पिचाई और सत्या नडेला जैसा 6 भारतवंशी शामिल



■ न्यूयॉर्क टाइम्स की जांच में खुलासा
■ 'ट्रस्ट फॉर दे नेशनल मॉल' नाम के संगठन के जरिए लिया पैसा, दान के बदले कोई राजदूत बना, किसी को कॉन्ट्रैक्ट मिले
■ ट्रम्प की टीम ने पैसे जुटाने के लिए कई अलग अलग रास्ते बनाए

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में डोनाल्ड ट्रम्प के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद उनकी टीम ने बड़े पैमाने पर चंदा जुटाया है। न्यूयॉर्क टाइम्स की जांच में सामने आया है कि चुनाव के बाद ट्रम्प और उनके करीबियों ने करीब 2 अरब डॉलर (18 हजार करोड़ रुपये) अलग-अलग फंड और योजनाओं के लिए इकट्ठा किए। यह रकम उनके इलेक्शन कैंपेन के लिए जुटाई गई राशि से भी ज्यादा है।

रिपोर्ट के मुताबिक सरकारी कागजात, फंडिंग रिकॉर्ड और कई लोगों से बातचीत करके पता लगा कि कम से कम 346 बड़े दानदाता ऐसे हैं, जिनमें से हर एक ने 2.5 लाख डॉलर या उससे ज्यादा का चंदा दिया। इन लोगों से ही करीब 50 करोड़ डॉलर से ज्यादा की रकम आई। इनमें से लगभग 200 दानदाता ऐसे हैं, जिन्हें या जिनके कारोबार को ट्रम्प सरकार के फैसलों से फायदा मिला। इनमें सुंदर पिचाई और सत्या नडेला जैसे 6 भारतवंशी बिजनेसमैन शामिल हैं। इन फायदों में कई बातें शामिल हैं। किसी को राष्ट्रपति की तरफ से माफी मिली, किसी के खिलाफ चल रहे केस खत्म हो गए, किसी कंपनी को बड़े सरकारी ठेके मिल गए तो किसी को सीधे व्हाइट हाउस तक पहुंच मिली या सरकार में बड़ा पद दिया गया। हालांकि रिपोर्ट यह भी कहती है कि यह साबित करना मुश्किल है कि किसी ने पैसा दिया और बदले में सीधा फायदा मिला, लेकिन इतना जरूर है कि पैसे और फायदों का यह रिश्ता सवाल खड़े करता है। ट्रम्प की टीम ने पैसे जुटाने के लिए कई अलग-अलग रास्ते बनाए। इनमें सबसे बड़ा है मेगा (मेक अमेरिका ग्रेट अगेन) आईएनसी, जो एक सुपर पीएसी है। पीएसी एक ऐसा संगठन होता है, जो राजनीति के लिए पैसा इकट्ठा करता है और उस पैसे से किसी उम्मीदवार या पार्टी का समर्थन करता है।

इसने नवम्बर 2024 से जून 2025 के बीच करीब 200 मिलियन डॉलर जुटाए। इसके अलावा ट्रम्प के शपथ ग्रहण समारोह के लिए बनी कमेटी ने करीब 240 मिलियन डॉलर जुटाए, जो अमेरिका के इतिहास में सबसे ज्यादा है। इतना ही नहीं, व्हाइट हाउस में एक शानदार बॉलरूम बनाने के लिए भी चंदा लिया जा रहा है। ट्रम्प का कहना है कि इसके लिए करीब 350 मिलियन डॉलर जुट चुके हैं, हालांकि टाइम्स को करीब 100 मिलियन डॉलर के दानदाताओं की पुष्टि मिली है। यह पैसा 'ट्रस्ट फॉर दे नेशनल मॉल' नाम के संगठन के जरिए लिया जा रहा है। ट्रम्प ने 4 महीने पहले अमेरिकी उद्योगपतियों को व्हाइट हाउस में डिनर पार्टी दी थी, इसमें सुंदर पिचाई, मार्क जुकरबर्ग, बिल गेट्स, टिम कुक समेत कई दिग्गज उद्योगपति शामिल हुए थे। ट्रम्प ने 4 महीने पहले अमेरिकी उद्योगपतियों को व्हाइट हाउस में डिनर पार्टी दी थी, इसमें सुंदर पिचाई, मार्क जुकरबर्ग, बिल गेट्स, टिम कुक समेत कई दिग्गज उद्योगपति शामिल हुए थे। इसके अलावा अमेरिका की आजादी के 250 साल पूरे होने पर होने वाले कार्यक्रमों के लिए बने संगठन 'अमेरिका 250', व्हाइट हाउस हिस्टोरिकल एसोसिएशन और एक राजनीतिक समूह सिक्योरिंग अमेरिकन ग्रेटनेस के लिए भी पैसा जुटाया गया। इनमें से कई जगह दान देने वालों के नाम सार्वजनिक करना जरूरी नहीं है, इसलिए पूरा सिस्टम काफी हद तक सीक्रेट बना हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प खुद इस पर नजर रखते हैं कि कौन कितना पैसा दे रहा है। उनकी फंडरेजिंग प्रमुख मेरिडिथ ओ'रूर्क उन्हें रेगुलर जानकारी देती हैं। कई लॉबिस्ट अपने क्लाइंट्स को सलाह देते हैं कि अगर ट्रम्प का ध्यान और पहुंच चाहिए तो इन संगठनों को दान देना फायदेमंद हो सकता है। रिपोर्ट में बताया गया है कि एक महिला ने मेगा आईएनसी को 25 लाख डॉलर दिए और कुछ महीनों बाद उसके पिता को जस्टिस डिपार्टमेंट से रिश्वत मामले में बहुत कम सजा मिली। इसी तरह एक इंजीनियरिंग कंपनी पार्सन्स ने बॉलरूम प्रोजेक्ट के लिए 25 लाख डॉलर दिए और वह ट्रम्प के गोल्डन डोम मिसाइल डिफेंस सिस्टम जैसे अरबों डॉलर के सरकारी ठेकों की दौड़ में है। वीडियो गेम कंपनी रोब्लॉक्स के सीईओ ने भी बड़ा दान दिया और ट्रम्प की एआई से जुड़ी नीतियों की तारीफ की।

## अदालत ने दिया ट्रम्प प्रशासन को झटका

■ जेल भेजे गए वेनेजुएला के कैदियों को मिले अपील का अधिकार

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की एक संघीय अदालत के जज ने ट्रम्प प्रशासन को झटका देते हुए आदेश दिया है कि अल सल्वाडोर की जेल भेजे गए वेनेजुएला के कैदियों को भी कानूनी अपील का अधिकार मिलना चाहिए। जज ने कहा कि या तो कैदियों को अदालती सुनवाई की सुविधा मिले या फिर उन्हें अमेरिका वापस लाया जाए। अमेरिकी डिस्ट्रिक्ट जज जेम्स बोसबर्ग ने ट्रम्प सरकार को उन लोगों के लिए दो हफ्ते के अंदर एक योजना बनाने का आदेश दिया, जिन्हें बाद में अल सल्वाडोर से कैदियों की अदला-बदली में वेनेजुएला वापस भेज दिया गया था। बोसबर्ग ने आदेश में लिखा कि याचिकाकर्ताओं को उस तरह से नहीं हटाया जाना चाहिए था, जिस तरह से उन्हें हटाया गया, बिना किसी नोटिस के और उन्हें विरोध करने का कोई मौका भी नहीं दिया गया, जो उनके कानूनी अधिकारों का साफ उल्लंघन है। ट्रम्प प्रशासन की अप्रवासन विरोधी कार्रवाई में यह मामला एक बड़ा कानूनी मुद्दा बन गया है। इसकी शुरुआत मार्च में हुई, जब ट्रम्प सरकार ने 18वीं सदी के युद्धकालीन कानून का इस्तेमाल करते हुए वेनेजुएला के आपराधिक गुटों के सदस्य होने के आरोप में कुछ अप्रवासियों को टेरेरिज्म कन्फाइनमेंट सेंटर नाम की जेल में भेज दिया गया था। जुलाई में अमेरिका के साथ कैदियों की अदला-बदली में 200 से जयादा प्रवासियों को वेनेजुएला वापस भेज दिया गया था।

## बांग्लादेश में उन्माद पर अमेरिका ने जताई चिंता

■ इलिनॉय से डेमोक्रेट सांसद बोले: अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और कानून का राज बहाल करे सरकार
■ दोषियों के खिलाफ पारदर्शी जांच और सख्त कार्रवाई बेहद जरूरी है

**वॉशिंगटन।** बांग्लादेश में एक हिंदू युवक की कथित मॉब लिंचिंग को लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चिंता बढ़ गई है। अमेरिका के सांसदों ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए बांग्लादेश सरकार से धार्मिक अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और कानून का राज बहाल करने की मांग की है।

इलिनॉय से डेमोक्रेट सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की हत्या को लक्षित हिंसा करार देते हुए कहा कि यह घटना देश में बढ़ती अस्थिरता और अशांति का संकेत है। उन्होंने कहा कि दोषियों के खिलाफ पारदर्शी जांच और सख्त कार्रवाई बेहद जरूरी है। कृष्णमूर्ति ने अपने बयान में कहा मैं बांग्लादेश में दीपू चंद्र दास की मॉब लिंचिंग से बेहद आहत हूं। सरकार को न केवल दोषियों को सजा देनी चाहिए, बल्कि हिंदू समुदाय और अन्य अल्पसंख्यकों को आगे की हिंसा से बचाने के लिए तुरंत कदम उठाने चाहिए। वहीं, न्यूयॉर्क स्टेट असेंबली की सदस्य जेनिफर राजकुमार ने भी इस घटना को बेहद भयावह बताते हुए कहा कि यह बांग्लादेश में धार्मिक उत्पीड़न के एक चिंताजनक पैटर्न को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि भीड़ ने युवक की बेरहमी से पिटाई की, फिर उसे आग के हवाले कर दिया और शव को सड़क पर छोड़ दिया गया।

राजकुमार के अनुसार, बांग्लादेश हिंदू बौद्ध ईसाई एकता परिषद के आंकड़े बताते हैं कि अगस्त 2024 से जुलाई 2025 के बीच अल्पसंख्यकों पर 2400 से अधिक हमले हुए और 150 से ज्यादा मंदिरों में तोड़फोड़ की गई। गौरतलब है कि घटना 19 दिसम्बर की है, जब मायमेनसिंह शहर में एक फैक्ट्री में काम करने वाले दीपू चंद्र दास को कथित रूप से ईशनिंदा के आरोप में भीड़ ने मार डाला। अब तक इस मामले में 12 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। अमेरिकी सांसदों ने स्पष्ट कहा है कि धार्मिक स्वतंत्रता और मानवाधिकारों की रक्षा केवल बांग्लादेश ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया की साझा जिम्मेदारी है।

## भारत-अमेरिका परमाणु सहयोग को 'शांति अधिनियम 2025' देगा बढ़ावा

■ यूएसआईएसपीएफ ने नाभिकीय ऊर्जा का सतत दोहन तथा उन्नयन विधेयक 2025 के पारित होने का स्वागत किया

**नई दिल्ली।** अमेरिका-भारतीय रणनीतिक सहभागिता पार्टनरशिप फोरम ने मंगलवार को -नाभिकीय ऊर्जा का सतत दोहन तथा उन्नयन विधेयक 2025 के पारित होने का स्वागत करते हुए इसे भारत के नागरिक परमाणु ढांचे में 'व्यापक सुधार' बताया, जो स्वच्छ ऊर्जा में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करेगा।

लोकसभा और राज्यसभा दोनों से पारित होने के बाद इस विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी मिली है। आजादी के बाद से भारत के परमाणु क्षेत्र में यह सबसे बड़ा सुधार है। यह नया कानून परमाणु ऊर्जा अधिनियम 1962 और सिविल लायबिलिटी फॉर न्यूक्लियर डैमेज अधिनियम 2010 का स्थान लेगा। यूएसआईएसपीएफ ने इस अधिनियम को भारत के ऊर्जा परिदृश्य में 'ऐतिहासिक मोड़' करार दिया है, जो अमेरिका और भारत के बीच परमाणु ऊर्जा विकास में बेहतर सहयोग का मार्ग प्रशस्त करेगा। शांति अधिनियम भारत के परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में निजी और विदेशी भागीदारी बढ़ाने, परमाणु ऑपरेटरों के लिए दायित्व ढांचे को स्पष्ट करने और 2008 में किए गए भारत-अमेरिका नागरिक परमाणु समझौते की लंबित संभावनाओं को क्रियान्वित करने की क्षमता के मद्देनजर इसमें महत्वपूर्ण संशोधन किए गए हैं।

## चीनी ने भारतीयों के लिए लॉन्च किया ऑनलाइन वीजा सिस्टम

### आवेदन की स्थिति को रियल-टाइम में ट्रैक किया जा सकेगा



**बीजिंग।** दिल्ली स्थित चीनी दूतावास ने अब भारतीय पासपोर्ट धारकों के लिए 'चाइना ऑनलाइन वीजा एप्लीकेशन सिस्टम' लॉन्च किया है। इसके तहत अब भारतीय नागरिक चीन के लिए वीजा ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं, जिससे पहले की तरह भारी कागजी कार्यवाही और व्यक्तिगत तौर पर दस्तावेज जमा करने की जरूरत नहीं होगी।

शेनझेन स्थित चीनी ऑनलाइन पोर्टल ग्रेटर बे एरिया (जीबीए) ने सोमवार को यह जानकारी दी। दूतावास ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट वीचौट पर बताया कि यह सेवा 22 दिसम्बर, 2025 से आधिकारिक रूप से शुरू होगी। जानकारी के अनुसार ऑनलाइन वीजा आवेदन प्रणाली के तहत अब आवेदक 'वीजा फोर चाइना' वेबसाइट पर जाकर फॉर्म भर सकते हैं, दस्तावेज अपलोड कर सकते हैं और बायोमेट्रिक अपॉइंटमेंट भी तय कर सकते हैं। यह सुविधा टूरिस्ट (एल), बिजनेस (एम), स्टूडेंट (एक्स) और वर्क (जेड) वीजा के लिए उपलब्ध होगी। रिपोर्ट की माने तो इस नई प्रणाली के तहत अब पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होने से दूतावास जाने की जरूरत केवल बायोमेट्रिक के लिए होगी। आवेदन की स्थिति को रियल-टाइम में ट्रैक किया जा सकेगा। इतना ही नहीं शुल्क का भुगतान यूनियनपे के जरिए आईएनआर में किया जा सकता है, जिससे विदेशी मुद्रा के अतिरिक्त खर्च से बचा जा सके। हालांकि, चीनी दूतावास की अंग्रेजी वेबसाइट पर अभी इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। बता दें कि यह कदम भारत-चीन संबंधों को सामान्य करने की दिशा में उठाए गए हालिया प्रयासों का हिस्सा है। इसके तहत पिछले कुछ महीनों में दोनों देशों ने कई कदम उठाए हैं, जैसे कि भारत ने चीनी पेशेवरों के लिए बिजनेस वीजा प्रक्रिया तेज की। जुलाई में भारत ने चीनी नागरिकों के लिए टूरिस्ट वीजा जारी करना फिर से शुरू किया। इसके बाद अक्टूबर में दोनों देशों के बीच डायरेक्ट फ्लाइट्स फिर से शुरू हुईं। गौरतलब है कि भारत और चीन के संबंध बीते कुछ वर्षों से बहुत ज्यादा अच्छे नहीं रहे। वहीं मई 2020 में पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर सैन्य गतिरोध के कारण चीन के नागरिकों को भारत में वीजा जारी करना बंद कर दिया गया था। ऐसे में अब चार साल से अधिक के सैन्य गतिरोध के बाद दोनों देशों ने धीरे-धीरे रिश्तों को सामान्य करने के कई कदम उठाए हैं।




# ट्रम्प ने ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की अपील दोहराई

### अमेरिका के राष्ट्रपति बोले: ग्रीनलैंड राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चाहिए, प्राकृतिक संसाधनों के लिए नहीं

■ डेनमार्क ने 2009 में ग्रीनलैंड के स्वराज से जुड़ा अधिनियम अपनी संसद में पारित किया था

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ग्रीनलैंड पर कब्जा करने के अपने इरादे को दोहराते हुए कहा है कि यह क्षेत्र उन्हें 'राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए' चाहिए न कि प्राकृतिक संसाधनों के लिए। ट्रम्प ने फ्लोरिडा के पाम बीच पर संवाददाताओं से कहा कि हमें ग्रीनलैंड राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चाहिए, न कि खनिजों के लिए।

ट्रम्प का यह बयान उनके प्रशासन के पिछले बयान से मेल नहीं खाता, जिसमें कहा गया था कि अमेरिका राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्कटिक रणनीति और अहम खनिजों एवं प्राकृतिक संसाधनों की संभावनाओं के लिए ग्रीनलैंड चाहता है। ट्रम्प ने रविवार को लुइज़ियाना के गवर्नर जेफ़ लैंड्री को ग्रीनलैंड में अपना विशेष दूत नियुक्त किया था। अमेरिका के राष्ट्रपति ने फ्लोरिडा में कहा कि हमें ग्रीनलैंड चाहिए ही चाहिए और लैंड्री हमारी कोशिश की अगुवाई करना चाहते थे। वह कहते हैं कि वह (ग्रीनलैंड) डेनमार्क का है। डेनमार्क ने उस पर कोई खर्च नहीं किया और उसके पास कोई सैन्य सुरक्षा नहीं है। इसके जवाब में लैंड्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि विशेष दूत का पद ग्रीनलैंड को अमेरिका का हिस्सा बनाने के लिए एक स्वैच्छिक पद होगा। ग्रीनलैंड डेनमार्क का एक पूर्व औपनिवेशिक क्षेत्र है, जिसे 1979 में स्वराज का अधिकार दिया गया था। डेनमार्क ने 2009 में ग्रीनलैंड के स्वराज से जुड़ा अधिनियम अपनी संसद में पारित किया था, जिसके बाद इस द्वीप को अपने आंतरिक मामलों में फैसले लेने की आज़ादी मिल गई। डेनमार्क के प्रधानमंत्री कार्यालय की वेबसाइट के अनुसार, ग्रीनलैंड के विदेशी मामलों, रक्षा और सुरक्षा नीति पर अब भी डेनमार्क का ही अधिकार है। ग्रीनलैंड के लिए ट्रम्प के दूत की नियुक्ति से ग्रीनलैंड, डेनमार्क और यूरोपीय संघ में कड़ी राजनयिक उथल-पुथल हुई है। डेनमार्क के विदेश मंत्री लार्स लोके रासमुसेन ने सोमवार को कहा कि वह इस नियुक्ति को लेकर डेनमार्क में अमेरिकी राजदूत केनेथ होवेरी को बुलाएंगे। रासमुसेन ने डेनमार्क के प्रसारक टीवी 2 से कहा कि मैं इस विशेष दूत की नियुक्ति से बहुत परेशान हूं। मैं खास तौर पर दूत के बयानों से परेशान हूं, जिन्हें हम बिल्कुल भी स्वीकार नहीं कर सकते। डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन और ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री जेन्स-फ्रेडरिक नील्सन ने सोमवार को एक संयुक्त बयान में कहा कि वे अमेरिका से अपनी 'संयुक्त क्षेत्रीय अखंडता' के लिए सम्मान की उम्मीद करते हैं।

## श्रीलंका को 45 करोड़ डॉलर का भारत देगा 'पुनर्निर्माण पैकेज': जयशंकर



■ चक्रवात 'दितवाह' से हुई तबाही से उबरने में मदद के लिए नई दिल्ली ने बढ़ाए हाथ

**कोलम्बो।** भारत ने चक्रवात 'दितवाह' से हुई तबाही से उबरने में श्रीलंका की मदद के लिए 45 करोड़ डॉलर के राहत एवं पुनर्निर्माण पैकेज की घोषणा की है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने यह जानकारी मंगलवार को दी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विशेष दूत के रूप में कोलंबो पहुंचे डा. जयशंकर ने श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुर कुमारा दिसानायके को प्रधानमंत्री का पत्र सौंपा, जिसमें इस सहायता का विवरण दिया गया है। इस पैकेज में 35 करोड़ डॉलर की रियायती ऋण सहायता (लाइन ऑफ क्रेडिट) और 10 करोड़ डॉलर की अनुदान राशि शामिल है। विदेश मंत्री ने श्रीलंका के विदेश मामलों के मंत्री विजिता हेराथ के साथ भी बैठक की, जिसमें सहायता को शीघ्रता से पहुंचाने और देश की पुनर्निर्माण प्राथमिकताओं पर चर्चा भी की गई। डा. जयशंकर ने कहा कि मोदी के विशेष दूत के रूप में और राष्ट्रपति के लिए संदेश लेकर हम उनसे मिले। चक्रवात दितवाह से हुए नुकसान पर विस्तृत चर्चा हुई। प्रधानमंत्री का जो पत्र मैंने सौंपा है, वह भारत की 'फर्स्ट रिस्पॉन्डर' भूमिका को आगे बढ़ाता है और 45 करोड़ डॉलर के पुनर्निर्माण पैकेज की प्रतिबद्धता जताता है।

